हमारा साथ, हमारी शक्ति
Stronger Together

वार्षिक रिपोर्ट 2018 - 19
Annual Report 2018 - 19

IDBI BANK

आइडीबीआइ बैंक और एलआइसी के बीच इनिशिएटिव

▶ नागपुर। आइडीबीआइ बैंक और एलआइसी के बीच साझेदारी से उत्पन्न व्यापारिक तालमेल से विभिन्न इनिशिएटिव पर कार्य शुरू है, जो दीर्घकालिक संबंध कायम करते हुए व्यावसायिक रूप से दोनों संस्थानों के लिए फायदेमंद होने की राह पर अग्रसर है।

इस संबंध में आइडीबीआइ बैंक के एमडी व सीईओ राकेश शर्मा ने कहा कि एलआइसी के एलआइसी के संरक्षा और भुगतान आवश्यकताओं के लिए कई सुविधाओं की मेजबानी प्रदान करता है, जिसमें नकद/चेक विकअप, इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर, बाल पेमेंट, लीगल पेमेंट आदि शामिल हैं।

एलआइसी ऑफ इंडिया के पास 11 लाख से अधिक एजेंटों का विशाल नेटवर्क है। एजेंटों के साथ दीर्घकालिक और लाभदायक रिश्तों से उपजने वाले

▶ एजीएम सम्मेलन में मौजूद एलआइसी के एमडी विपिन आनंद,

Rakesh Sharma named IDBI Bank MD & CEO

Reenya Nair
reenya.n@livemint.com

NEW DELHI: The government on Friday appointed senior banker Rakesh Sharma as managing director (MD) and chief executive officer (CEO) of IDBI Bank.

Sharma was appointed for six months or until further orders and will have the task of ensuring a smooth transfer of majority ownership from the government to Life Insurance Corporation of India (LIC).

Sharma is a former MD and CEO of Canara Bank and was among the few bankers hired in 2015 from the private sector to lend big state-run banks.

• Rakesh Sharma MINTFILE

open offer for 26% of IDBI shares amounting to more than ₹12,000

IDBI बैंक की रेटिंग में हुआ सुधार

मुंबई, (भाषा): वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने सोमवार को आईडीबीआई बैंक को क्रेडिटवाच (सावधिगरानी) की सूची से हटा दिया है। इसके साथ ही एजेंसी ने दीर्घकालिक कर्ज विदेशी मुद्रा कर्ज के लिए बैंक की 'बीबी' रेटिंग और अल्पकालिक कर्ज के लिये 'बी' रेटिंग की पुष्टि की है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने हाल ही में आईडीबीआई बैंक में नई पूंजी डाली है। बैंक ने जानकारी

- एसएण्डपी की निग्राह में पहले से बेहतर हुई स्थिति, एजेंसी ने निगरानी से बाहर किया

एलआईसी की ओर से यह पूंजी डालने का काम आईडीबीआई बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के प्रस्तावित अभिग्रहण के कुल 17,000- 20,230 करोड़ रुपये तक का लेनदेन किया जाना है। यह राशि 30 सितंबर, 2018 को बैंक की कुल पूंजी 13,860 करोड़ रुपये से अधिक है। रेटिंग एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा है कि इस तरह की बड़ी पूंजी बैंक में डालने से हमारे इस विचार को समर्थन मिलता है कि सरकार की तरफ से बैंक को काफी ऊंचा समर्थन प्राप्त हो सकता है। एलआईसी के पूंजी समर्थन से आईडीबीआई बैंक अपने फंसे कर्ज

IDBI charts out plan to bring banking, insurance services at one platform

PTI ■ NEW DELHI

IDBI Bank on Sunday said it is strategising to be a 'one-of-its-kind' financial conglomerate and plans to bring banking and insurance services under a single platform.

The country's largest and the only state-owned life insurer LIC now holds a majority stake in IDBI Bank. Also, the change in ownership of IDBI Bank from a government-owned to LIC-owned has led to the lender becoming a private sector entity.

"IDBI Bank is putting in place necessary business enablers to bring the convergence and workforce, have started leveraging their mutual business synergies," the bank said in a release.

The bank said these strategic initiatives will pave the way for improved operations and better financing which in turn would lead to wealth maximisation for all of its stakeholders, including LIC and the government.

This strategic plan would enable IDBI bank as well as LIC to realise the full potential arising out of business synergies, the bank said.

The major areas identified are pertaining to selling of LIC policies through IDBI branchers of LIC as well as IDBI customers.

"Towards this end, bank's board has approved appointment of LIC as a corporate agent under bancassurance," the release said.

As part of this initiative, the chairman of LIC has been appointed as the non-executive chairman of the bank.

"The bank is considering the name of Rakesh Sharma, the current MD of the bank, for appointment for a further period of three years as MD and CEO of IDBI Bank," it said.

The new board will be entrusted with the responsibility of charting out a fresh

IDBI Bank & LIC of India sign BANCA Agreement

Mumbai, February 26, 2019: LIC of India, the biggest insurance company in India, and IDBI Bank Ltd, have entered into a Service Level Agreement to offer LIC's insurance products through IDBI Bank's branches. IDBI Bank as a Corporate Agent of LIC would get a window to provide LIC's entire gamut Bank's 1.80 Cr customer base spread over 1800 branches across the country. Further, the Bank will become the preferred bank for LIC premium payments and also function as premium point to boost sale of LIC products thereby gaining from fees and float income. IDBI Bank's sizeable presence areas will help to penetrate LIC's product offerings. Also, its diversified product base would enable targeting the HNI customers in Metro and Urban areas. On signing of the Bancassurance agreement Shri Hemant Bhargava, Chairman, LIC said " IDBI Bank is fundamentally strong, having a young, energetic and talented work-force who will help in selling the LIC products. This will enable the Bank to add to its revenue growth and simultaneously help LIC in increasing its Bancassurance business. It's a win-win situation for both the organisations". Speaking on the occasion, Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, IDBI Bank said, "We partnership with LIC. It offers us the chance to give our clients the stellar insurance products which will deal with their protection and saving needs. Since client centricity shapes the core mission of both the organizations, it will be a mutually beneficial association and we are looking forward to working closely with LIC." Shri B Venugopal, MD, LIC of India assured full cooperation from LIC offices and expressed that potential available under Bancassurance is huge and we should exploit it to the full. LIC and IDBI Bank are committed to serve the interests of all its stakeholders. All representatives of Print,

IDBI prepares roadmap for NPA reduction

PRESS TRUST OF INDIA
Mumbai, 15 April

State-owned IDBI Bank has prepared a comprehensive plan for improving its financial health and reducing stressed assets in light of RBI's recent communication pointing out various weaknesses in the lender.

The bank has also identified various non-core assets and real estate properties for sale to shore up its capital, sources said.

The bank, which is one of the richest in terms of real estate assets, recently got them valued at market rate

tal infusion of ₹106.1 billion bank is in the process of addressing these two concerns, sources said.

It is to be noted that IDBI Bank is under RBI's prompt corrective action (PCA) framework. Gross non-performing loans were pegged at ₹506.2 billion at the end of December 2017, 24.72 per cent of advances. It reported a net loss of ₹15.4 billion in the December 2017 quarter.

Strategies have been drawn to ensure that the NPAs are reduced in a structured manner by taking help of Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) and other means, sources said.

IDBI Bank receives govt nod to handle import, exports with Iran: Sources

IDBI BANK HAS received government nod to handle import and export transactions with Iran, a move which would help in promoting two-way trade amid US sanctions on the Persian Gulf nation, industry sources said.

US President Donald Trump had in May last year withdrawn from the 2015 nuclear

प्रतिस्पर्धा फ्रेमवर्क का विकास

मुंबई, 2 अप्रैल, 2018: आईडीबीआई बैंक ने प्रतिभावान लोगों के पूल को सुनिश्चित करने के लिहाज से बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए दक्षता की पहचान, मूल्यांकन और विकास के माध्यम से एक योग्यता ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव तैयार किया है। बैंक इस प्रक्रिया के माध्यम से बैंकिंग के वर्तमान चुनौतीपूर्ण दौर में विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का सामना करने के लिए अधिकारियों को तैयार करेगा। साथ ही बैंक "फ्यूचर मैनेजर्स" की एक सतत लाइन को भी सुनिश्चित करेगा।

उपयुक्त ढंग से जिम्मेदारियों को वहन करने, कौशल अंतर और क्षमता निर्माण के लिए एक उपयुक्त योग्यता ढांचा तैयार करने के लिहाज से बैंक ने एक एचआर कंसल्टेंट की सेवाएं ली हैं, जो कि प्रस्तावित मूल्यांकन प्रयासों के दौरान जरूरी होने पर कौशल अंतर विश्लेषण और भविष्य के विकास के लिए आवश्यक उपकरणों की तैयारी कर सकेगा।

विषयवस्तु

कॉरपोरेट विहंगावलोकन

ii यथा 30 मई 2019 को निदेशक मंडल और कार्यपालक निदेशकगण

iv अध्यक्ष महोदय का संदेश

viii प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

xii कुछ प्रमुख गतिविधियां

xvi पुरस्कार एवं सम्मान

सांविधिक रिपोर्ट

2 निदेशकों की रिपोर्ट

20 प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

52 कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट

वित्तीय विवरण

160 एकल वित्तीय विवरण

275 समेकित वित्तीय विवरण

374 पिलर III प्रकटन

Contents

Corporate Overview

ii Board of Directors & Executive Directors as on May 30, 2019

iv Message from Chairman

viii Message from Managing Director & CEO

xii Some Major Events

xvi Awards & Accolades

Statutory Reports

11 Directors' Report

36 Management Discussion and Analysis

107 Corporate Governance Report

Financial Statements

160 Standalone Financial Statements

275 Consolidated Financial Statements

374 Pillar III Disclosures

हमारा साथ हमारी शक्ति

आईडीबीआई बैंक प्रगति में साझेदार होने की भावना का प्रतीक है. पाँच दशक के अंतराल में फैली अपनी इस सुदीर्घ यात्रा में आईडीबीआई बैंक ने पहले एक विकास वित्तीय संस्था के रूप में और फिर एक वाणिज्यिक बैंक के रूप में अपनी बहुविध योजनाओं और सेवाओं के जरिए समावेशिता सुनिश्चित करने की कोशिश की है. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा आईडीबीआई बैंक की बहुलांश शेयरधारिता हासिल करने से वित्तीय क्षेत्र परिदृश्य में बैंक की स्थिति और भी सुदृढ़ हुई है. बैंकिंग और बीमे के व्यापक परिदृश्य में आच्छादित विभिन्न योजनाओं और पेशकशों के जरिए बैंक अपने सभी ग्राहकों के लिए मूल्यवर्धित प्रस्ताव उपलब्ध कराना चाहता है. बैंकिंग फलक पर नए क्षितिज को परिभाषित करने की कोशिश में बैंक अपने सभी हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य सृजित करने और 'हमारा साथ हमारी शक्ति' वाली संस्था के रूप में उभरने की दिशा में सद्निष्ठ प्रयास कर रहा है.

Stronger Together

IDBI Bank epitomises the spirit of being a partner in progress. In its journey spanning over five decades, IDBI Bank, first as a Development Financial Institution and thereafter as a commercial bank, has strived to ensure inclusiveness through its varied products and services. With Life Insurance Corporation of India (LIC) acquiring majority stake in IDBI Bank, the Bank's position in the financial sector landscape has been further reinforced. With a gamut of products and offerings spanning the entire spectrum of banking and insurance, the Bank seeks to provide value-added propositions for all its customers. Striving to define new horizons in the banking space, the Bank is conscientiously working towards creating better value for all its stakeholders and emerging '*Stronger Together*'.

यथा 30 मई 2019 को निदेशक मंडल

Board of Directors as on May 30, 2019

श्री एम. आर. कुमार
(अध्यक्ष)
Shri M. R. Kumar
(Chairman)

श्री राकेश शर्मा
(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)
Shri Rakesh Sharma
(Managing Director & CEO)

श्री के. पी. नायर
(उप प्रबंध निदेशक)
Shri K. P. Nair
(Deputy Managing Director)

श्री जी. एम. यादवाडकर
(उप प्रबंध निदेशक)
Shri G. M. Yadwadkar
(Deputy Managing Director)

श्री पंकज जैन
Shri Pankaj Jain

श्री सुधीर श्याम
Shri Sudhir Shyam

श्री राजेश कंडवाल
Shri Rajesh Kandwal

श्री ज्ञान प्रकाश जोशी
Shri Gyan Prakash Joshi

डॉ. आशिमा गोयल
Dr. Ashima Goyal

श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी
Shri Bhuwanchandra B. Joshi

श्री समरेश परिदा
Shri Samaresh Parida

श्री एन. जंबुनाथन
Shri N. Jambunathan

श्री दीपक सिंघल
Shri Deepak Singhal

श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर
Shri Sanjay Gokuldas Kallapur

यथा 30 मई 2019 को कार्यपालक निदेशक

Executive Directors as on May 30, 2019

श्री पी. सीताराम
Shri P. Sitaram

श्री जी. ए. तड़स
Shri G. A. Tadas

डॉ. सौम्य एस. बॅनर्जी
Dr. Saumya S. Banerjee

श्री सुरेश खटनहार
Shri Suresh Khatanhar

श्री इंद्रपाल एस. कालरा
Shri Inderpal S. Kalra

श्री माधव फड़के
Shri Madhav Phadke

श्री सुब्रतो गुप्ता
Shri Subroto Gupta

श्री बुद्धदेव दासगुप्ता
Shri Buddhadev Dasgupta

श्री अजय शर्मा
Shri Ajay Sharma

श्री शैलेंद्र नाडकर्णी
Shri Shailendra Nadkarni

श्री वी. नारायणमूर्ति
Shri V. Narayanamurthy

श्री जॉर्टी चाको
Shri Jorty Chacko

श्री प्रदीप कुमार दास
Shri Pradip Kumar Das

अध्यक्ष का संदेश

Message from Chairman

एम. आर. कुमार - अध्यक्ष

M. R. Kumar - Chairman

प्रिय शेयरधारको,

मैंने आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष का पदभार मई 2019 में ग्रहण किया. वास्तव में यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है कि मुझे एक ऐसे बैंक से जुड़ने का अवसर मिला है जिसकी भारत की संवृद्धि और विकास में साझेदारी की सुदीर्घ परंपरा रही है. आईडीबीआई बैंक की यह यात्रा कारोबार परिदृश्य के अनुकूल रूपांतरण के साथ चिह्नित हुई है. जनवरी 2019 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बैंक की 51% हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर इसका प्रमोटर बन गया है. इसी के साथ अपनी ही तरह का एक ऐसा वित्तीय समूह अस्तित्व में आया है, जिसमें एलआईसी और आईडीबीआई बैंक मिलकर बैंकिंग और बीमा संबंधी बहुविध योजनाएँ एक ही छत के नीचे प्रदान कर सकेंगे.

वर्ष 2018 में कई प्रमुख 'उभरती बाजार व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं' (ईएमडीई) में आई मंदी के चलते वैश्विक आर्थिक संवृद्धि में भी मंदी देखी गई. बढ़ते व्यापारिक संरक्षणवाद की बात आज वैश्विक नीतिगत संवाद का प्रमुख पहलू हो गया है. भारत की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2018-19 में 6.8% की दर से वृद्धि हुई, किन्तु देशी कारकों जैसे विषम मानसून और कृषि व सेवा क्षेत्रों में उपभोग व निवेश की सुस्त मांग के चलते इसमें 2017-18 के 7.2% की तुलना में कमी आई. इसी के साथ उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) स्फीति दर भी, जोकि मौद्रिक नीति का आधार होती है, 2018-19 में 3.4% के सामान्य स्तर पर ही रही. कमजोर संवृद्धि और घटती मुद्रास्फीति के दबावों के चलते आर्थिक विकास में सहयोग देने के इरादे से भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट कम कर दिया.

देशी नीतिगत संवाद में विकास की अवधारणा की प्रमुखता को देखते हुए बैंकिंग सिस्टम के पुनरुद्धार का महत्व बढ़ गया है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था बैंकों से संचालित होती है. भारतीय बैंकिंग क्षेत्र आस्ति गुणवत्ता, धोखाधड़ी व इनके चलते लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव जैसी विभिन्न परेशानियों से घिरा हुआ है. इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अभिशासन व विनियामक क्षेत्रों में सुधार के साथ-साथ विधिक मोर्चे पर भी सुधार किए गए हैं ताकि एक मजबूत बैंकिंग क्षेत्र की नींव रखी जा सके. बैंकों में कॉरपोरेट अभिशासन, जोखिम प्रबंधन व सेवा के स्तर जैसे विभिन क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए रूपरेखा बनाने के उद्देश्य से संवर्धित पहुँच और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई) के लिए पीएसबी सुधार एजेंडा जैसे उपाय किए गए हैं. ईएएसई रूपरेखा की कार्यसूची के प्रमुख बिंदु अनुक्रियाशील और जिम्मेदार बैंकिंग सुनिश्चित करने के इरादे से तैयार किए गए. दिवाला और शोधन अक्षमता कोड (आईबीसी) लागू होने से एनपीए का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए अत्यावश्यक संस्थागत प्रणाली

Dear Shareholders,

I assumed the position of Chairman of IDBI Bank in May 2019. It is indeed a privilege for me to be associated with the Bank which has a rich legacy of partnering India in its growth and development. IDBI Bank's journey is marked by transformation in tandem with the evolving business environment. In January 2019, Life Insurance Corporation of India (LIC) acquired 51% stake in the Bank, becoming the promoter. With this, a one-of-a-kind financial conglomerate came into existence with LIC and IDBI Bank offering a gamut of banking and insurance products under one roof.

The year 2018 saw deceleration in global economic growth as several major Emerging Market and Developing Economies (EMDEs) slowed down. Growing trade protectionism emerged as a prominent feature of the global policy dialogue. In this backdrop, the Indian economy remained fairly resilient, though not without its own set of challenges. India's economy grew at 6.8% in 2018-19, marking a decline from 7.2% in 2017-18, on the back of domestic factors such as disparate monsoons and muted consumption and investment demand which restricted growth in agriculture and services sectors. At the same time, Consumer Price Index (CPI) inflation rate, which is the mainstay of the monetary policy, remained moderate at 3.4% in 2018-19. Keeping in view the weakening growth and soft inflationary pressures, the Reserve Bank of India (RBI) reduced the Repo Rate with the intent to support economic growth.

With driving growth assuming primacy in the domestic policy dialogue, the importance of revitalising the banking system came to the fore as India continues to be a bank-led economy. The banking sector in India has been beleaguered by concerns on the asset quality front, frauds and consequential adverse impact on profitability. In response to these challenges, substantive reforms in governance and regulatory regime as well as legal reforms have been undertaken to lay the foundations for a stronger banking sector. Measures such as the PSB Reforms Agenda for Enhanced Access & Service Excellence (EASE) have laid out the framework for driving improvements in various areas including corporate governance, risk management and service standard of the banks. The action points outlined in the EASE framework are intended at ensuring responsive and responsible banking. Simultaneously, the enactment of the Insolvency

भी मुहैया हो गई है. परिणामस्वरूप बैंकों ने गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) के समाधान में अच्छी प्रगति की है, जिसके चलते अधिकांश बैंकों के एनपीए स्तर में गिरावट आई है. समूचे उद्योग जगत में जमाराशि और ऋण में वृद्धि देखी जा रही है, जो पुनर्प्रवर्तन का संकेत है. बैंक भी इन परिवर्तनों के प्रति सजग हैं और वे अपने जोखिम प्रबंधन व कॉरपोरेट अभिशासन कार्यों को मजबूत कर रहे हैं. बैंकों की रणनीतिक कारोबार योजनाओं में अनुपालन को बहुत महत्व दिया जा रहा है ताकि इनके परिचालनों में जोखिम उत्पन्न करनेवाले अप्रिय प्रसंगों से बचा जा सके.

इस परिप्रेक्ष्य में यह बात समझनी भी बहुत जरूरी है कि बैंकिंग जगत के प्रतिमान बदल रहे हैं. इन चुनौतियों के बावजूद भारत में बैंकिंग क्षेत्र के सामने वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं. वित्तीय समावेशन और डिजीटलीकरण पर जोर देने से अर्थव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है. आकांक्षी ग्राहकों को, जिनमें से अधिकांश प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हैं, ध्यान में रखते हुए डिजिटल भुगतान प्रोत्साहित करने के लिए कई अल्प-लागत वाले प्लेटफॉर्म शुरू किए गए हैं. इंडियास्टेक व ओपन एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के चलते भारत में आंकड़ों की उपलब्धता सर्वसुलभ हो गई है और बैंक एक ही स्रोत से ग्राहक के संबंध में जानकारियां ले पा रहे हैं. इन परिवर्तनों से मौजूदा व भावी वित्तीय प्लेयर्स के सामने नए नवोन्मेषी कारोबार मॉडल तैयार करने के अवसर होंगे ताकि वे अपने ग्राहकों को कम लागत पर प्रभावी ढंग से सेवाएँ प्रदान कर सकें.

लक्षित खंड बैंकिंग क्षेत्र के लिए विकास का अगला संवाहक होंगे. भले ही नीतिगत व विनियामकीय रूपरेखा विकसित हो रही है, यह बात एकदम स्पष्ट है कि भारत अब एक डिजिटल, समावेशी और अंतर-संचालित वित्तीय सेवा बाजार की दिशा में आगे बढ़ रहा है. इन उभरते परिवर्तनों के साथ बैंकिंग क्षेत्र में विकास की चाबी प्रौद्योगिक कौशल में ही निहित है ताकि समेकित डिजिटल आधारभूत ढांचा तैयार हो सके; ग्राहक की अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए पारंपरिक व गैर-पारंपरिक डाटा स्रोत मिलाए जा सकें और साझेदारी संचालित डिजिटल इको प्रणालियाँ तैयार की जा सकें.

नियामकीय ढांचा भी नई और यहाँ तक कि गैर-पारंपरिक संस्थाओं को प्रवेश की अनुमति देकर बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना चाहता है. इसीलिए बैंकिंग संबंधी सभी सेवाएँ उपलब्ध कराने की बजाय विशेष क्रियाकलापों के निष्पादन के लिए भिन्न-भिन्न स्वरूप के बैंक नामक एक नई श्रेणी बनाई गई है. इसलिए इस क्षेत्र के नए प्रवेशकों को भुगतान बैंक और लघु वित्त बैंक के रूप में परिचालन करने के लिए लाइसेंस दिया गया. इन परिवर्तनों के मद्देनजर आपके बैंक की कारोबार रणनीति उभरती प्रवृत्तियों और इसकी वित्तीय हालत को बहाल करने की मौजूदा अनिवार्यता

and Bankruptcy Code (IBC) has provided the much-needed institutional mechanism for ensuring time-bound resolution of Non-Performing Assets (NPAs). Consequently, banks have made much headway in resolving NPAs, which has led to a decline in the NPA levels for most of the banks. There has also been a pick-up in the industry-wide deposit and credit growth, underscoring signs of revival. Banks, too, have become more alert to these ramifications of the recent challenges and are proactively strengthening their risk management and corporate governance practices. Compliance has emerged as one of key themes in the strategic business plans of the banks to avert any untoward incidents that may pose risk to its operations.

In this backdrop, it is also essential to understand that the banking space is undergoing a paradigm shift. Notwithstanding these challenges, the banking sector in India represents one of the biggest opportunities globally in terms of potential value. The policy emphasis on financial inclusion and digitisation is driving change throughout the economy. Keeping in mind the aspirational class clientele, most of whom are technology adopters, low-cost Indian platforms have been launched to promote digital payments. The availability of data in India has become more democratic with IndiaStack and open Application Programming Interfaces (APIs) allowing banks to access customer information from a single source. With these developments, financial players – both existing and the new entrants – have the opportunities to build innovative business models to serve their customers in a cost-effective and efficient manner.

The targeted segments represent the next growth drivers for the banking sector. Even as the policy and regulatory framework is evolving, it is abundantly clear that India is moving towards a digital, inclusive, and interoperable financial services market. With these emerging developments, the key for growth in the banking sector lies in harnessing technological prowess to create integrated digital infrastructures; combining traditional and non-traditional data sources to gain customer insights; and cultivating partnership-driven digital ecosystems.

The regulatory framework is also seeking to promote competition in the banking space by allowing entry of new and even non-traditional players. Thus, a new category, viz. differentiated banks, has been created for performing specific functions rather than providing full-service banking.

को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है. इस दिशा में आपका बैंक अपने कारोबार सम्मिश्र को कम आस्ति वाले व विविधिकृत मॉडल की दिशा में क्रमिक रूप से रूपांतरित करने के बारे में विचार कर रहा है. तद्नुसार आपका बैंक आस्तियों के मोर्चे पर रिटेल और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का अंश बढ़ाने पर विशेष जोर दे रहा है. देयता के संबंध में कासा और रिटेल मीयादी जमाओं का अंश बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं. आपके बैंक में एलआईसी द्वारा 51% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के साथ ही आपसी सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों की परिकल्पना की गई और इनमें से कुछ क्षेत्रों के लिए जमीनी स्तर पर किए गए कार्य सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं. उम्मीद है कि इस आपसी सहयोग से बैंक को अपनी रिटेल आस्तियों को बढ़ाने के प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा. बैंक यह भी समझ रहा है कि आस्ति गुणवत्ता एक चिंता का विषय है. इसलिए एनपीए की अधिक से अधिक वसूली और उन्नयन के लिए बैंक द्वारा विधिक और विनियामकीय ढांचे के तहत सभी संभव उपाय अपनाए जा रहे हैं. इसके अलावा ऋण निगरानी प्रक्रिया में भी सुधार किया जा रहा है ताकि इसके द्वारा शुरुआती स्तर पर ही आस्ति गुणवत्ता में संभावित गिरावट की गहन निगरानी सुनिश्चित की जा सके. बैंक को प्रबंध स्तर पर योग्य व्यावसायिकों का लाभ मिल रहा है और मुझे विश्वास है कि उनके बहुमूल्य प्रयासों से कारोबार संस्कृति में अनुकूल बदलाव लाने में मदद मिलेगी जो बैंक की सतत और लाभप्रद्ध संवृद्धि में सहायक होगा और इससे हितधारकों के लिए मूल्य संवर्धन हो सकेगा.

हाल ही में हुए नीतिगत व विनियामकीय सुधार बैंकिंग क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि इससे आर्थिक संवृद्धि को गति मिलेगी और बैंक इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा हैं. बैंक अपने ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को समझते हुए भावी अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास करेगा. व्यापक तौर पर बैंकिंग जगत के एकसमान परिदृश्य के बीच आपका बैंक अपने सेवा स्तर में निरंतर सुधार लाने के साथ-साथ विभिन चैनलों के ज़रिये ग्राहकों के लिए संतोषजनक अनुभव सुनिश्चित करते हुए स्वयं को एक अलग बैंक के रूप में पहचान दिलाने का प्रयास कर रहा है.

मुझे खुशी है कि मैं बैंक के अध्यक्ष के रूप में आईडीबीआई बैंक के इस सफर का साथी बना हूँ. मुझे विश्वास है कि बैंक द्वारा शुरू किए गये रूपांतरणकारी और नवोन्मेषी पहल कार्य इसे लाभप्रदता की राह पर लौटने में मदद करेंगे.

शुभकामनाओं सहित,

एम. आर. कुमार
अध्यक्ष

Thus, new entrants were licensed to operate as Payment Banks and Small Finance Banks. Keeping in view these developments, your Bank's business strategy is being shaped by the emerging trends as well as the current imperative to restore its financial health. Towards this end, your Bank has also been progressively moving towards recalibrating its business mix to transition towards a capital-light and diversified model. Accordingly, your Bank has been focusing on augmenting the share of retail and priority sector loans on the asset side. On the liability side, concerted efforts are being made to boost the share of CASA and retail term deposits. With LIC acquiring 51% stake in your Bank, various areas of mutual synergies have been envisaged and the groundwork laid for some of these areas has been yielding positive results. The mutual synergies are expected to provide a further impetus to the Bank's effort in ramping up its retail business. At the same time, the Bank recognises that asset quality remains an area of concern. Thus, all possible measures are being pursued under legal and regulatory framework by the Bank to maximise recovery and upgradations in the NPAs. Furthermore, the credit monitoring processes are being revamped to ensure close monitoring to arrest further slippages in the asset quality at nascent stage itself. The Bank stands to gain from qualified professionals at the helm and I am confident that their invaluable inputs will help in bringing about a favourable change in business culture that will help the Bank to drive sustained and profitable growth, thereby creating immense value for all its stakeholders.

The recent policy and regulatory reforms augur well for the banking sector in general as it would foster economic growth, and banks are an integral part of the process. The Bank will strive to capture the emerging opportunities by understanding the financial requirements of its customers. In a largely homogenous landscape of the banking sector, the Bank strives to differentiate itself by continually improving its service standards as well as trying to ensure seamless customer experience across channels.

As the Chairman of the Bank, I am happy to be a part of IDBI Bank's journey. I am sure that the transformational initiatives and innovations undertaken by the Bank will help it to return to a profitable growth path.

With best wishes,

M. R. Kumar
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

Message from Managing Director & CEO

राकेश शर्मा - प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Rakesh Sharma - Managing Director & CEO

प्रिय शेयरधारको,

मैं आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक के कार्य निष्पादन की प्रमुख विशेषताएँ प्रस्तुत कर रहा हूँ.

कारोबार रणनीति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विरासत में मिले मुद्दों के समाधान के लिए अनेक रणनीतिपरक प्रयास किए और बैंक को भविष्य में एक सक्षम बैंक बनाने हेतु समुचित व्यवस्थाएँ कीं.

आपके बैंक ने स्वयं को एक रिटेल व्यवसाय केंद्रित बैंक के रूप में स्थापित करने हेतु अपने कम लागत वाले जमा आधार को सुदृढ़ किया तथा रिटेल, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) आस्ति बही में वृद्धि करते हुए रिटेल व्यवसाय को बढ़ाने के प्रयास किए. इसी के साथ आपके बैंक ने ऋण बही को अधिक विविधतापूर्ण, रिटेल आस्तियों के पक्ष में सुमेलित करने की अपनी रणनीति के अनुरूप अपनी कॉरपोरेट आस्ति बही में वृद्धि को सीमित रखा है. निर्दिष्ट बिक्री में तीव्र वृद्धि के महत्व को स्वीकारते हुए बैंक अपने ग्राहक संबंध प्रबंधन तथा कारोबार आसूचना क्षमताओं को उत्तरोत्तर मजबूत बना रहा है ताकि ग्राहकों की पसंद का आकलन किया जा सके. डिजिटल विश्व के बढ़ते दायरे को देखते हुए बैंक तकनीकी उन्नयन को अपनाने की दिशा में अग्रसर है ताकि न केवल परिचालनगत क्षमता में वृद्धि लाई जा सके बल्कि ग्राहक की सुविधाओं में भी बढ़ोतरी हो सके. आपका बैंक सभी भौतिक और डिजिटल चैनलों के ज़रिए निर्बाध ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है ताकि मौजूदा ग्राहकों की किसी भी समय और किसी भी स्थान से सहजतापूर्वक बैंकिंग लेनदेन करने संबंधी जरूरतों को पूरा किया जा सके.

आस्ति गुणवत्ता आपके बैंक के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है. इस विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने वसूली में अधिकतम वृद्धि करने और अपने एनपीए को उन्नत करने के लिए सभी संभव कानूनी और विनियामकीय कार्रवाइयों का सहारा लेने हेतु संगठित प्रयास किए हैं. इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने अपने संग्रहण एवं वसूली प्रयासों को आवश्यक गति प्रदान करने के लिए समर्पित संग्रहण एवं वसूली वार रूम की भी स्थापना की है. आपका बैंक उच्च जोखिम वाले खातों तथा दबाव के प्रारंभिक संकेत दर्शाने वाले खातों की पहचान करने की अपनी क्षमता को और अधिक बढ़ाने के लिए बैंक में समयपूर्व चेतावनी प्रणाली भी स्थापित कर रहा है.

इन बृहद रणनीतिपरक रूपरेखाओं के अंतर्गत किए गए उपायों की विस्तृत जानकारी वार्षिक रिपोर्ट के निदेशकों की रिपोर्ट तथा प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंडों में दी गई है. बैंक द्वारा किए गए संगठित प्रयासों से कई मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम हासिल हुए हैं जिनमें से कुछ पर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा.

वित्तीय विशेषताएँ

कम लागतवाले जमा आधार को बढ़ाने की बैंक की रणनीति के अनुरूप कुल जमाओं में कासा जमाराशियों के हिस्से में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और ये 31 मार्च 2018 के 37.15% की तुलना में बढ़कर 31 मार्च 2019 को 42.54% हो गईं. इसके अतिरिक्त बैंक की थोक जमाराशियों में भी 30% की कमी लायी गई और यह 31 मार्च 2018 के ₹ 82,683 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2019 को ₹ 57,719 करोड़ रहीं. बैंक की रिटेल मीयादी जमाराशियों में 0.30% की मामूली गिरावट आई और ये 31 मार्च 2018 के ₹ 73,147 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2019 को ₹ 72,922 करोड़ रहीं. कासा जमाराशियों की बढ़ती हिस्सेदारी और थोक जमाराशियों में आई गिरावट से जमाराशियों की लागत में कमी आई और यह वर्ष 2017-18 के 5.56% की तुलना में वर्ष 2018-19 में 5.44% रही.

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank, I place before you the highlights of your Bank's performance during the financial year 2018-19.

Business Strategy

During the year under review, your Bank's strategic endeavours were designed around the need to address the legacy issues while putting in place enablers for making the Bank a future ready bank.

Striving to position itself as a retail-focussed bank, your Bank endeavoured to boost its retail business by augmenting its low-cost deposit base and ramping up the Retail, Agri and MSME (RAM) asset book. At the same time, your Bank restricted growth in its corporate asset book in consonance with its strategy of realigning the loan book in favour of more granular retail assets. Recognising the importance of driving targeted sales, the Bank has been progressively building up its Customer Relationship Management (CRM) and business intelligence capabilities to have an insight into customer preferences. In an increasingly digital world, the Bank is exploring technological advances to not just drive operational efficiency but also enhance customer convenience. Your Bank is striving to move towards ensuring a seamless customer experience across all physical and digital channels as it seeks to cater to the prevailing customer need for facilitating transactions at any time, any place.

Asset quality continued to be a major area of concern for your Bank. Taking cognisance of this, your Bank took concerted efforts to pursue all possible legal and regulatory recourses for maximisation of recovery and upgradation of its NPAs. Furthermore, your Bank has set up a dedicated Collection & Recovery War Room to provide the much needed impetus towards its collection and recovery efforts. Your Bank is also in the process of setting up an automated comprehensive bank-wide Early Warning System to further augment its capability to identify high risk accounts and accounts showing early signs of stress.

The measures taken under these broad strategic contours are detailed in the Directors' Report and Management Discussion & Analysis sections of the Annual Report. The concerted efforts taken by the Bank yielded positive results on several fronts, some of which I would like to draw to your attention.

Financial Highlights

In tandem with its strategy for augmenting the low-cost deposit base, the share of CASA deposit to total deposits improved significantly to 42.54% as on March 31, 2019 from 37.15% as on March 31, 2018. Furthermore, the Bank's bulk deposits were brought down by 30% to ₹ 57,719 crore as on March 31, 2019 from ₹ 82,683 as on March 31, 2018. There was a marginal decline in the Bank's retail term deposits by 0.30% to ₹ 72,922 crore as on March 31, 2019 from ₹ 73,147 crore as on March 31, 2018. The increasing share of CASA deposits and decline in the bulk deposits facilitated a reduction in Cost of Deposits to 5.44% for 2018-19 from 5.56% in 2017-18.

बैंक ने अपने ऋण बही सम्मिश्र को रिटेल आस्तियों के पक्ष में पुनः संतुलित करने की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है. कॉरपोरेट अग्रिमों की तुलना में रिटेल अग्रिमों का अनुपात 31 मार्च 2018 के 55:45 की तुलना में 31 मार्च 2019 को 49:51 रहा. यह पुनः संतुलन मुख्य रूप से संरचित रिटेल आस्तियों (एसआरए) में हुई 18% की वृद्धि से ही संभव हुआ है जिसमें आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण, शिक्षा ऋण, वैयक्तिक ऋण और ऑटो ऋण शामिल हैं.

वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) के लिए निर्धारित विनियामकीय लक्ष्य को प्राप्त किया और प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम इसके समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) के 43.62% रहे.

न्यून-पूंजी मॉडल की ओर बढ़ने की अपनी रणनीति के साथ सामंजस्य बैठाते हुए बैंक ने जोखिम भारित आस्तियों (आरडबल्यूए) में 17% की कमी की और यह 31 मार्च 2018 के ₹ 2.21 लाख करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2019 को ₹ 1.83 लाख करोड़ रहीं.

31 मार्च 2019 को बैंक ने सभी विनियामक पूंजी अनुपातों के लक्ष्य को प्राप्त किया और इसका जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 11.58% तथा सामान्य इक्विटी टीयर 1 (सीईटी 1) अनुपात (सीसीबी अनुपात सहित) 8.91% रहा.

हालांकि आपके बैंक के लिए ऋणों की गुणवत्ता चिंता का विषय बनी रही, किन्तु इस मोर्चे पर भी कुछ सकारात्मक बदलाव हुए हैं. बैंक द्वारा अपनाए गए सक्रिय उपायों से प्रथम बार एनपीए (एफटीएनपीए) में उल्लेखनीय कमी लाने में सहायता मिली है और यह वर्ष 2017-18 के ₹ 35,605 करोड़ की तुलना में 2018-19 में घट कर ₹ 15,281 करोड़ रहे. यद्यपि सकल एनपीए में वृद्धि हुई, लेकिन यह यथा 31 मार्च 2018 के 27.95% की तुलना में सुधर कर यथा 31 मार्च 2019 को 27.47% हो गए. बैंक का निवल एनपीए अनुपात भी 31 मार्च 2018 के 16.69% की तुलना में सुधर कर यथा 31 मार्च 2019 को 10.11% हो गया. प्रावधान कवरेज अनुपात यथा 31 मार्च 2018 के 63.40% की तुलना में यथा 31 मार्च 2019 को सुधर कर 82.88% हो गया. तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों से वसूली वर्ष 2017-18 के ₹ 219 करोड़ की तुलना में बढ़ कर ₹ 468 करोड़ हो गई.

उच्चतर एनपीए के कारण उपार्जन आस्तियों में कमी के बावजूद, बैंक अग्रिमों पर अपनी आय को वर्ष 2017-18 के 8.39% की तुलना में वर्ष 2018-19 में बढ़ा कर 8.82% करने में सक्षम रहा. निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) भी वर्ष 2017-18 के 1.81% से बढ़ कर वर्ष 2018-19 में 2.03% हो गई.

रणनीतिक उपायों के माध्यम से बैंक ने परिचालनगत लाभ प्राप्त करना जारी रखा और यह ₹ 4,052 करोड़ रहा. तथापि, एनपीए के कारण अधिक प्रावधानीकरण से बैंक को वर्ष 2018-19 में ₹ 15,116 करोड़ की हानि हुई.

त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा के अंतर्गत प्रगति

त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा से बाहर निकलना रणनीतिक क्षेत्रों में एक है जिस पर बैंक ध्यान केंद्रित करता रहा है. इस संबंध में मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि बैंक ने प्रभावित करने वाले दो कारकों अर्थात् पूंजी और लीवरेज अनुपात संबंधी अपेक्षाओं का पालन किया है और यह निवल अनर्जक आस्ति अनुपात के संबंध में जोखिम प्रारंभिक सीमा 2 तक पहुँच गया है. बैंक का प्रयास रहेगा कि यह अपने परिचालनगत और वित्तीय कार्यनिष्पादन में सुधार कर जल्दी से जल्दी पीसीए से बाहर निकले.

The Bank also made a significant headway in rebalancing its loan book mix in favour of retail assets. The composition of corporate: retail advances stood at 49:51 as on March 31, 2019 as compared to 55:45 as on March 31, 2018. The rebalancing was largely facilitated by 18% growth in the Structured Retail Assets (SRA) which comprised of Housing Loan, Loan Against Property, Education Loan, Personal Loan and Auto Loan.

During the year, the Bank achieved the regulatory target for Priority Sector Lending (PSL) with the priority sector advances being 43.62% of its Adjusted Net Bank Credit (ANBC).

In consonance with its strategy to transition to a capital-light model, the Bank reduced the Risk Weighted Assets (RWA) by 17% to ₹ 1.83 lakh crore as on March 31, 2019 as against ₹ 2.21 lakh crore as on March 31, 2018.

As on March 31, 2019, the Bank was able to achieve all regulatory capital ratios with its Capital-to-Risk Weighted Assets Ratio (CRAR) at 11.58% and Common Equity Tier 1 (CET 1) Ratio (including CCB Ratio) at 8.91%.

While asset quality remained an area of concern for your Bank, there have been some positive developments even on this front. The proactive measures taken by the Bank helped in substantial decline in First Time NPAs (FTNPAs) to ₹ 15,281 crore in 2018-19 from ₹ 35,605 crore in 2017-18. Gross NPA ratio, while elevated, marginally improved to 27.47% as on March 31, 2019 as compared to 27.95% as on March 31, 2018. The Bank's Net NPA ratio also improved to 10.11% as on March 31, 2019 as against 16.69% as on March 31, 2018. Provision Coverage Ratio improved to 82.88% as on March 31, 2019 from 63.40% as on March 31, 2018. Recovery from Technically Written-Off accounts improved to ₹ 468 crore in 2018-19 as against ₹ 219 crore in 2017-18.

Notwithstanding decrease in earning assets because of higher NPAs, the Bank was able to improve its Yield on Advances to 8.82% in 2018-19 as compared to 8.39% in 2017-18. There was also an improvement in the Net Interest Margin (NIM) from 1.81% in 2017-18 to 2.03% in 2018-19.

Through the strategic measures, the Bank continued to post an operating profit which amounted to ₹ 4,052 crore. However, elevated provisioning on account of its NPAs resulted in a net loss of ₹ 15,116 crore in 2018-19 for the Bank.

Progress under the Prompt Corrective Action (PCA) framework

Exiting the Prompt Corrective Action (PCA) framework has been one of the strategic areas where the Bank has been focusing on. In this regard, I am glad to inform that the Bank has complied with two triggers points, namely capital and leverage ratio and has shifted to the Risk Threshold 2 with respect to Net Non-Performing Asset ratio. The Bank's endeavour would be to expeditiously exit the PCA framework by improving upon its operational and financial performance.

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा बहुलांश शेयरों का अधिग्रहण

जनवरी 2019 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बैंक में 51% शेयरों का अधिग्रहण किया. इसके परिणामस्वरूप एलआईसी को आईडीबीआई बैंक के प्रवर्तक के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 14 मार्च 2019 की अपनी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा विनियामकीय प्रयोजन हेतु बैंक को 'निजी क्षेत्र के बैंक' के रूप में पुनः श्रेणीबद्ध किया है. एलआईसी द्वारा शेयरों का अधिग्रहण बैंक के सफर में मील का एक और पत्थर साबित हुआ है. बैंक और एलआईसी के पास एक दूसरे के सहयोग से लाभ उठाने के अनेक रास्ते खुल चुके हैं. विभिन्न क्षेत्रों, अर्थात् बैंकाश्यूरेंस एवं अन्य पक्ष उत्पाद; जमाराशियों और ऋण जैसे रिटेल बैंकिंग उत्पाद; सीएमएस उत्पाद और सेवाओं आदि में सहक्रिया के माध्यम से लाभ उठाने के लिए वरिष्ठ कार्यपालकों सहित समर्पित कार्य बल गठित किए गए हैं. फरवरी 2019 में आपके बैंक ने बैंकाश्यूरेंस के लिए एलआईसी के साथ कॉरपोरेट एजेंसी करार पर हस्ताक्षर किए हैं. बैंक ने एलआईसी के बैंकाश्यूरेंस भागीदार के रूप में मार्च 2019 में अकेले ही 160 करोड़ रुपये की प्रीमियम राशि के साथ 26,000 से अधिक पॉलिसी जुटाने का रिकॉर्ड कारोबार किया. बैंक ने *'आईडीबीआई रैपिड पे'* की भी शुरुआत की जो एलआईसी पॉलिसीधारकों को आईडीबीआई बैंक की शाखाओं के माध्यम से नकदी या चेक के जरिए प्रीमियम भुगतान की सुविधा प्रदान करता है. एलआईसी परिवार के साथ एक दीर्घकालीन संबंध को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एलआईसी कर्मचारियों, एजेंटों और पॉलिसीधारकों के लाभ के लिए आकर्षक विशेषताओं के साथ कई खुदरा जमाराशि और ऋण उत्पाद भी शुरू किए हैं. मुझे विश्वास है कि आईडीबीआई बैंक और एलआईसी दोनों आपसी सहयोग से *'हमारा साथ, हमारी शक्ति'* के रूप में उभरेंगे.

आगे की राह

वर्ष 2018-19 में आपके बैंक ने अपने तुलन पत्र संबंधी जोखिम को कम करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की है. बैंक द्वारा कासा जमाराशियों और एसआरए बही में वृद्धि पर जोर देने से आने वाले समय में संवृद्धि का मुख्य संचालक रिटेल खंड ही रहेगा. बैंक और एलआईसी के बीच परस्पर सहयोग से भी रिटेल जमाराशियों और ऋण बही को प्रोत्साहन मिलेगा. साथ ही, बैंक ग्राहक सेवा और परिचालन क्षमता को बेहतर बनाने के लिए अपनी डिजिटल क्षमताओं में वृद्धि करने की दिशा में भी कार्य करेगा. आस्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक कानूनी और विनियामकीय सहायता का मजबूती के साथ उपयोग करते हुए वसूली को अधिकतम करने और अपने एनपीए का उन्नयन करने का प्रयास करेगा. इसके साथ ही, आस्ति गुणवत्ता में आगे कोई गिरावट न हो, इसके लिए बैंक अपनी जोखिम प्रबंध प्रक्रियाओं और ऋण नीतियों को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि सुस्थिर पोर्टफोलियो का निर्माण किया जा सके. मुझे विश्वास है कि एलआईसी के सहयोग और उभरती सहबद्धता के साथ बैंक की कारोबार रणनीति बैंक की वित्तीय स्थिति बहाल करने में सहायता प्रदान करेगी तथा इससे सतत कारोबार संवृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा.

आभार

मैं भारत सरकार, एलआईसी, सभी सांविधिक और विनियामकीय प्राधिकारियों, शेयरधारकों, ग्राहकों और कर्मचारियों सहित बैंक के सभी हितधारकों को उनके मूल्यवान सहयोग और हमारे प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद देता हूँ. बैंक अपनी यात्रा में सभी हितधारकों से लगातार सहयोग बनाए रखने की आशा करता है.

शुभकामनाओं सहित,

राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Majority Stake Acquisition by Life Insurance Corporation of India (LIC)

In January 2019, the Life Insurance Corporation of India (LIC) acquired 51% stake in the Bank. Consequently, LIC was reclassified as the promoter of the Bank. The Reserve Bank of India, vide its press release dated March 14, 2019, recategorised the Bank as a 'Private Sector Bank' for regulatory purposes. The stake acquisition by LIC marked yet another milestone in the Bank's journey. A multitude of opportunities for leveraging synergies by the Bank and LIC have been opened up. Dedicated task force with senior executives has been set up to drive the synergies in varied areas such as bancassurance & third party products, retail banking products like deposits and loans, CMS products and services, etc. In February 2019, your Bank signed a Corporate Agency Agreement with LIC for bancassurance. As a bancassurance partner for LIC, the Bank started off with a record business of more than 26,000 Number of Policies with ₹ 160 crore of premium in the month of March 2019 alone. The Bank also launched *'IDBI Rapid Pay'* which facilitates LIC policyholders to pay the premiums through IDBI Bank branches by way of cash or cheque. With a view to building a long-lasting relationship with LIC family, the Bank has also introduced several retail deposit and loan products with attractive features for the benefit of LIC's employees, agents and policyholders. I am confident that both IDBI Bank and LIC will emerge *'Stronger Together'* through their association.

Way Forward

In 2018-19, your Bank has made significant progress in de-risking its balance sheet. Going forward, the retail segment would remain the key driver of growth with the Bank seeking to augment the CASA deposits and SRA book. The synergies between your Bank and LIC would also aid in boosting the retail deposit and loan book of the Bank. Simultaneously, the Bank will also work towards further enhancing its digital capabilities for greater customer convenience and operational efficiency. On the asset quality front, the Bank will continue to aggressively pursue legal and regulatory recourses to maximise recovery and upgradation from its NPAs. Furthermore, to prevent slippages in asset quality going forward, the Bank is committed to strengthening its risk management practices and credit policies to build a stable portfolio. I am confident that the business strategy of the Bank, coupled with the synergies emerging from collaboration with LIC, will help in restoring the financial health of the Bank and thus, pave the way for sustained future business growth.

Acknowledgement

I would like to thank all the stakeholders of the Bank, including the Government of India, LIC, all statutory and regulatory authorities, shareholders, customers and employees for their valuable support and trust. The Bank looks forward to the continued support of all stakeholders in its journey.

With best wishes,

Rakesh Sharma
Managing Director & CEO

कुछ प्रमुख गतिविधियां

Some Major Events

श्री एम. आर. कुमार, अध्यक्ष (दाएं से तीसरे) ने श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (दाएं से चौथे) की उपस्थिति में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के चार प्रबंध निदेशकों के साथ आईडीबीआई बैंक में अपने प्लेटिनम सैलेरी खाते खोले.

Shri M. R. Kumar, Chairman, (third from right) along with four Managing Directors of Life Insurance Corporation of India (LIC) opened their platinum salary accounts with IDBI Bank in the presence of Shri Rakesh Sharma, MD & CEO (fourth from right).

आईडीबीआई बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया और इस अवसर पर एक विशेष पत्रिका जारी की गई.

Inauguration of Vigilance Awareness Week at IDBI Bank and release of a Special Journal to mark the occasion.

श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक (एकदम बाएं) पीएफआरडीए द्वारा अटल पेंशन योजना अभिदान के लिए चलाई गई अंतर बैंक प्रतियोगिता में बैंक के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए नई दिल्ली में श्री राजीव कुमार, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग से 'लीडरशीप कैपिटल' पुरस्कार प्राप्त करते हुए.

Shri G. M. Yadwadkar, DMD, (extreme left) receiving the *'Leadership Capital'* award from Shri Rajeev Kumar, Secretary, Department of Financial Services at New Delhi in recognition of superlative performance of the Bank in the interbank contest for Atal Pension Yojana subscriptions run by PFRDA.

आईडीबीआई बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने 'बैंका एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर किए. फोटो में दाएं से बाएं: श्री हेमंत भार्गव, प्रबंध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम, श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक तथा श्री बी. वेणुगोपाल, प्रबंध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम.

IDBI Bank & Life Insurance Corporation of India (LIC) signed BANCA Agreement. (Right to Left) Shri Hemant Bhargava, MD, LIC, Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, IDBI Bank and Shri B. Venugopal, MD, LIC.

श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा उप प्रबंधक निदेशकगण श्री के. पी. नायर और श्री जी. एम. यादवाडकर तथा कार्यपालक निदेशकगण श्री जी. ए. तड़स और श्री आई. एस. कालरा की उपस्थिति में एक कार्यनिष्पादन प्रणाली 'आईपेस' का शुभारंभ किया गया.

Inauguration of 'iPACE' - a Performance Management System - by Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, in the presence of DMDs, Shri K. P. Nair and Shri G. M. Yadwadkar and EDs, Shri G. A. Tadas and Shri I. S. Kalra.

जेएनबीआईएफ, हैदराबाद में आयोजित बैंक की संगोष्ठी 'संकल्प-स्केलिंग न्यू हाइट्स' के दौरान स्टाफ को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक डॉ. एस.एस. बॅनर्जी.

Dr. S. S. Banerjee, ED, addressing staff during the Bank's Conclave *'Sankalp-Scaling New Heights'* held at JNIBF, Hyderabad.

कुछ प्रमुख गतिविधियां

Some Major Events

श्री सुरेश खटनहार, कार्यपालक निदेशक, आईडीबीआई बिल्डिंग, बेलापुर में केंद्रीकृत स्विफ्ट सेल (सीएससी) का उद्घाटन करते हुए.

Shri Suresh Khatanhar, ED, inaugurating Centralised SWIFT Cell (CSC) at IDBI Building, Belapur.

कार्यपालक निदेशक श्री वी. नारायणमूर्ति तथा श्री पी. के. दास मुंबई में आयोजित ग्राहक जागरूकता बैठक में ग्राहकों के साथ चर्चा करते हुए.

EDs, Shri V. Narayanamurthy and Shri P. K. Das, interacting with customers at Customer Awareness Meet held at Mumbai.

आईडीबीआई बैंक ने एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) द्वारा आयोजित भारतीय भाषा पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत अपनी हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' के लिए तीन पुरस्कार (दो रजत और एक कांस्य) जीते.

IDBI Bank won three prizes (two silver and one bronze) for its Hindi publication *'Vikas Prabha'* under Indian Language Publication Category organised by Association of Business Communicators of India (ABCI).

आईडीबीआई बैंक ने श्री बी. पी. कानूनगो, उप गवर्नर, आरबीआई से राष्ट्रीय भुगतान उत्कृष्टता अवार्ड 2017 प्राप्त किया.

IDBI Bank received Special Award at National Payments Excellence Awards 2017 from Shri B. P. Kanungo, Deputy Governor, RBI.

मुख्य मंत्री आपदा राहत कोष, केरल को आईडीबीआई बैंक कर्मचारियों के अंशदान का चेक सौंपते हुए उप प्रबंध निदेशक श्री के. पी. नायर.

Shri K. P. Nair, DMD, handing over the cheque of IDBI Bank employees' contribution to the Chief Minister's Distress Relief Fund, Kerala.

डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के रूप में बैंक के कार्यनिष्पादन के लिए एनएसडीएल स्टार परफॉर्मर अवार्ड 2018 ग्रहण करते हुए श्रीमती माया चक्रवर्ती, मुख्य महा प्रबंधक (दायें से तीसरी). बैंक को नए खाते खोलने के लिए (पीएसयू-बैंक श्रेणी) शीर्ष परफॉर्मर चुना गया.

Smt. Maya Chakravorty, CGM, (third from right), receiving the NSDL Star Performer Award 2018 in recognition of the Bank's performance as depository participants. The Bank was conferred as Top Performer in New Accounts Opened (PSU – Bank Category).

पुरस्कार एवं सम्मान

पेंशन निधि विनियामक तथा विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा अटल पेंशन योजना अभिदान के लिए चलाई गई अंतर-बैंक प्रतियोगिता में बैंक को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए *'लीडरशिप कैपिटल'* पुरस्कार प्राप्त हुआ.

डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के लिए मुंबई में आयोजित एनएसडीएल स्टार परफॉर्मर पुरस्कार 2018 में नए खाते खोलने (पीएसयू-बैंक श्रेणी) के लिए शीर्ष परफॉर्मर पुरस्कार प्रदान किया गया.

त्रैमासिक हिंदी गृह पत्रिका *'विकास प्रभा'* को भारतीय भाषा पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) के तीन पुरस्कार (दो रजत और एक कांस्य) प्राप्त हुए. इसके अलावा *'विकास प्रभा'* को प्रतिष्ठित साहित्यक और सांस्कृतिक संस्था *'आशीर्वाद'* द्वारा गृह पत्रिका के लिए श्रेठ पुरस्कार भी प्रदान किया गया.

मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय भुगतान उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से रुपे कार्ड, एनएफएस एटीएम नेटवर्क, यूपीआई / आईएमपीएस और एनएसीएच के संबंध में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ.

'स्ट्रेट थ्रू' ऑनलाइन भुगतान और भुगतान संदेशों की गुणवत्ता की प्रोसेसिंग में परिचालनगत दक्षता के लिए यूएस डॉलर भुगतान हेतु स्टेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) श्रेणी में सिटी बैंक और ड्यूश बैंक से 'कार्य-निष्पादन उत्कृष्टता पुरस्कार' प्राप्त हुआ.

Awards and Accolades

Received the *'Leadership Capital'* award in recognition of the superlative performance of the Bank in interbank contest for Atal Pension Yojana (APY) subscriptions run by The Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) at a ceremony held at New Delhi.

Conferred Top Performer Award in New Accounts Opened (PSU - Bank Category) at the NSDL Star Performer Awards 2018 held at Mumbai for Depository Participants.

Conferred with three Awards (two Silver and one Bronze) by Association of Business Communicators of India (ABCI) in Indian Language Publication category for in-house quarterly Hindi Magazine, *'Vikas Prabha'*. Also, conferred with Best In-House Magazine citation from *'Ashirvad'* - a renowned literary and cultural organisation for *'Vikas Prabha'*.

Received a Special Award from National Payment Corporation of India (NPCI) in recognition of excellent performance in RuPay Card, NFS ATM Network, UPI/IMPS & NACH at National Payments Excellence Awards ceremony held at Mumbai.

Received *'Performance Excellence Awards'* from Citi Bank and Deutsche Bank in the Straight Through Processing (STP) category for US Dollar payments for operational efficiency in processing 'Straight Through' online payments and quality of payment messages.

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

भारत की आर्थिक विकास दर कृषि और सेवा क्षेत्र में मंदी के कारण गत वर्ष की तुलना में, 2018-19 में धीमी रही. यद्यपि भारत की आर्थिक गतिविधि में गिरावट के कारणों में आंशिक रूप से घरेलू कारकों जैसे कि मानसून में कमी और असमानता, खपत और निवेश की मांग में मंदी के साथ-साथ वैश्विक अस्थिरता ने भी समग्र विकास की गति को प्रभावित किया. भारत की विकास गाथा में बैंक अहम भूमिका निभाते हैं क्योंकि बैंक किसी भी अन्य स्रोत की तुलना में बड़े पैमाने पर ऋण वित्तपोषण का प्रमुख स्रोत बने रहे हैं. इसे ध्यान में रखते हुए, अन्य सुधारात्मक उपायों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण, दिवाला और शोधन अक्षमता कोड के अंतर्गत दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान जैसे अन्य उपाय बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आरंभ किए गए. इन उपायों से बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार और तदनंतर अर्थव्यवस्था में ऋण बढ़ोतरी की उम्मीद है. यद्यपि ये उपाय बैंकों को उनकी वित्तीय स्थिति सुधारने में सक्षम बना रहे हैं, इससे संबंधित बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन में समग्र बदलाव कुछ अंतराल पश्चात् दिखाई देगा. इस संदर्भ में आपके बैंक के कार्यनिष्पादन पर दृष्टि डालना अत्यंत महत्वपूर्ण है.

वित्तीय विशेषताएं

यथा 31 मार्च 2019 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमशः ₹ 2,27,372 करोड़ तथा ₹ 1,46,790 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में दी गई हैं:

तालिका 1 : प्रमुख वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़ में)

	यथा 31 मार्च 2018 की स्थिति	यथा 31 मार्च 2019 की स्थिति
पूंजी	3,083.86	7,736.30
रिज़र्व और अधिशेष	18,125.87	29,875.40
जमाराशियां	2,47,931.61	2,27,371.72
उधार राशियां	63,185.53	45,287.72
अन्य देयताएं और प्रावधान	17,758.85	10,013.35
कुल देयताएं	**3,50,085.72**	**3,20,284.49**
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	13,163.69	12,730.47
बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	20,522.40	8,503.23
निवेश	91,606.06	93,072.63
अग्रिम	1,71,739.94	1,46,790.43
अचल और अन्य आस्तियां	53,053.63	59,187.73
कुल आस्तियां	**3,50,085.72**	**3,20,284.49**
इस अवधि में	**2017-18**	**2018-19**
कुल आय	30,040.11	25,371.53
कुल व्यय (प्रावधान छोड़कर)	22,130.90	21,319.41
प्रावधान (कर छोड़कर)	20,501.74	26,879.29
कर - पूर्व लाभ / (हानि)	(12,592.53)	(22,827.17)
कर के लिए प्रावधान*	(4,354.61)	(7,710.87)
कर पश्चात् लाभ / (हानि)	(8,237.92)	(15,116.30)

** वर्तमान आयकर और आस्थगित आयकर को घटाकर*

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक की कुल आय ₹ 25,372 करोड़ रही जिसमें ₹ 22,071 करोड़ की ब्याज आय और ₹ 3,300 करोड़ की अन्य आय शामिल है. ₹ 21,319 करोड़ के कुल व्यय (प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं को छोड़कर) में ब्याज व्यय ₹ 16,166 करोड़ और परिचालनगत व्यय ₹ 5,154 करोड़ शामिल है.

बैंक के कॉरपोरेट लोन पोर्टफोलियो में निरंतर दबाव के चलते आपके बैंक का कुल प्रावधान बढ़ गया. प्रावधानों में अनर्जक आस्तियों, बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋणों तथा निवेशों के लिए प्रावधान के प्रति ₹ 25,747 करोड़ की राशि शामिल है. इसके परिणामस्वरूप आपके बैंक को वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 15,116 करोड़ की निवल हानि हुई.

यद्यपि हानि के कारण वर्ष के दौरान प्रति शेयर उपार्जन (ईपीएस) ऋणात्मक रहा, मार्च 2019 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य (अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) ₹ 14.40 रहा. हानि को ध्यान में रखते हुए निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए किसी लाभांश की सिफ़ारिश नहीं की है.

यथा 31 मार्च 2019 को समेकित वित्तीय विवरण में शामिल सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यम के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति पर रिपोर्ट

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या (हानि) में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि (₹ करोड़ में)	समेकित लाभ या (हानि) के % रूप में	राशि (₹ करोड़ में)
1	2	3	4	5
मूल: आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	97.09	37,611.70	(101.00)	(15,116.30)
सहायक संस्थाएं:				
भारतीय:				
1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि.	0.81	314.91	0.00	0.26
2. आईडीबीआई इंटेक लि.	0.15	56.34	0.06	8.84
3. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि.	0.28	108.09	(0.03)	(4.34)
4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.	0.00	1.47	0.00	0.04
5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि.	0.54	207.37	0.25	37.51
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित	0.25	96.98	0.11	16.99
सहायक कंपनियां (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय				
1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00	0.51
2. नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉज़िटरी लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	0.19	28.78
3. पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	0.09	13.92
4. पांडिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लि. (पीआईपीडीआईसीएल)*	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
संयुक्त उद्यम (आनुपातिक समेकन के अनुसार / इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय				
1. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1.13	438.06	0.43	63.73
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	100	38,737.94	(100.00)	(14,967.04)
विलोपन	(1.01)	(391.23)	(0.13)	(19.71)
निवल कुल	98.99	38,346.71	(100.13)	(14,986.76)

*पीआईपीडीआईसीएल के संबंध में बैंक को कंपनी से कोई वित्तीय विवरण लेनदेन विवरण प्राप्त नहीं हुए हैं, अत: उपर्युक्त में सूचना का समेकन नहीं किया गया है. बैंक ने पीआईपीडीआईसीएल के निवेश को अवलेखित कर एक रुपये कर दिया है.

आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं, यदि कोई हों, जो वित्तीय वर्ष के अंत और बोर्ड की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों

बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले ऐसे कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं नहीं हैं जो बैंक के वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात् 31 मार्च 2019 और निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों.

वित्तीय विवरण के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता से संबंधित विवरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (3) (i) के अनुसार वित्तीय वर्ष 2015-16 से सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में यह दर्शाया जाना चाहिए कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में क्या बैंक के पास समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) प्रणाली उपलब्ध है तथा क्या ऐसे नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता है. कंपनी अधिनियम की धारा 143 (3) (i) में संदर्भित आईएफसी से आशय वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी-एफआर) से है. बैंक का प्रबंधन वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के बारे में बैंक में स्थापित उन मानदंडों के अनुसार आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने व बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, जो दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी आईएफसी-एफआर के लेखापरीक्षण पर वर्णित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए बनाए गए हैं. इन जिम्मेदारियों में समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा, कार्यान्वयन व निर्वहन शामिल हैं, जो बैंक की नीतियों के अनुपालन, आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम व पता लगाने, लेखांकन रिकॉर्ड की शुद्धता और सक्षमता तथा कंपनी अधिनियम, 2013, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 व पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार विश्वसनीय वित्तीय सूचना की समय पर तैयारी करने सहित अपने कारोबार के नियमानुसार व प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचलित थे.

आपके बैंक ने मौजूदा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के मूल्यांकन के लिए आईएफसी-एफआर रूपरेखा तैयार की है और सभी कारोबार वर्टिकलों/विभागों के नियंत्रण की रिपोर्टिंग प्रक्रिया के दस्तावेजीकरण, प्रमाणन के अनुपालन के वैधीकरण और वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में सभी महत्वपूर्ण संदर्भों में बैंक में नियंत्रणों की उपयुक्तता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए परामर्शदाता को नियुक्त किया है.

वर्ष 2018-19 के दौरान, बैंक की आईएफसी-एफआर रूपरेखा के अनुसार सभी अंतर्निहित प्रक्रियाओं के परीक्षण और वैधीकरण के पश्चात् परामर्शदाता ने जून 2018 से मार्च 2019 तक की तिमाहियों के लिए आंतरिक अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर दिया है.

प्रमुख वित्तीय अनुपातों में उल्लेखनीय परिवर्तनों के विवरण (अर्थात् गत वर्ष की तुलना में 25% या अधिक बदलाव) तथा उन पर विस्तृत स्पष्टीकरण

सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) (संशोधन) विनियमावली 2018, के अनुपालन के अनुसार बैंक के महत्वपूर्ण वित्तीय अनुपात नीचे दिये गए हैं:

विवरण	2017-18	2018-19	टिप्पणियां
औसत निवल मालियत पर प्रतिलाभ	(58.30%)	(155.20%)	मुख्यतः एनपीए पर अतिरिक्त प्रावधानों के कारण, वर्ष के लिए निवल हानि वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹ 8,237.92 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹ 15,116.30 करोड़ हो गयी है. निवल मालियत 31 मार्च 2018 के ₹ 12,031.01 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2019 को ₹ 11,140.35 करोड़ थी.
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ	(2.46%)	(4.68%)	
सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए का %	27.95	27.47	कुल एनपीए प्रावधान वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹ 19,126.14 करोड़ से ₹ 3,266.10 करोड़ बढ़कर वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹ 22,392.24 करोड़ हो गए.
निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए का %	16.69	10.11	
प्रावधान कवरेज अनुपात (तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डालने सहित)	63.40%	82.88%	
कुल जमाराशियों की तुलना में कासा का प्रतिशत	37.15%	42.54%	कासा शेष 31 मार्च 2018 के ₹ 92,102.09 करोड़ की तुलना में बढ़कर यथा 31 मार्च 2019 को ₹ 96,730.41 करोड़ हो गया और कुल जमाराशियां 31 मार्च 2018 के ₹ 2,47,931.61 करोड़ की तुलना में घटकर यथा 31 मार्च 2019 को ₹ 2,27,371.72 करोड़ रह गयीं.

पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल-III ढांचे के पिलर-1 दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता का तिमाही आधार पर परिकलन करता है. यथा 31 मार्च 2019 को आपके बैंक की *'कुल पूंजी + पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी)'* का अनुपात 11.58% रहा. इसी प्रकार आपके बैंक का *'सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1)+ सीसीबी'* अनुपात 7.375% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 8.91% रहा. यथा 31 मार्च 2019 को आपके बैंक का 'टियर 1 + सीसीबी' अनुपात 8.875% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 9.13% रहा.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर 2 मानदंडों के अनुरूप आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है. यह नीति बैंक को पिलर-1 में शामिल नहीं किए गए जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन करने और उनका परिमाण निर्धारित करने और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में जोखिमों का प्रबंध करने के लिए उपयुक्त रणनीतियां तैयार करने में समर्थ बनाती है. दबाव परीक्षण पर रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने व्यापक दबाव परीक्षण की रूपरेखा तैयार की है. यह रूपरेखा आपके बैंक को असाधारण लेकिन संभाव्य घटनाक्रमों में अपने कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं का सामना करने के लिए उचित अग्रसक्रिय रणनीति बनाने में सक्षम बनाती है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिस्थिति विश्लेषण और प्रतिवर्ती दबाव परीक्षण को शामिल करते हुए इस रूपरेखा को मजबूत किया गया है. आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के अंतर्गत पिलर 3 अपेक्षाओं के अनुसार प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर प्रकटनों को बैंक की वेबसाइट पर रखा जाता है, जिससे उच्च स्तरीय पारदर्शिता का पता चलता है. आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण, परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी प्रभार की गणना हेतु मूलभूत सांकेतिक दृष्टिकोण (बीआईए) और बाजार जोखिम के लिए विनियामक पूंजी अपेक्षाओं की गणना हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) का अनुकरण करता है.

कारोबार रणनीति

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने खुदरा- केंद्रित बैंक के रूप में स्वयं को स्थापित करने के लिए रणनीतिक पहल की शुरुआत की है. इस ओर, बैंक की कारोबार रणनीति खुदरा आस्ति बही में वृद्धि के ज़रिए कम-लागत वाली जमाराशि के आधार को बढ़ाने और खुदरा आस्ति मिश्रण के संचयन से विकास करने पर केंद्रित थी. कासा और खुदरा जमाराशि आधार को बढ़ाने के उपायों से जमाराशियों की लागत को बढ़ने से रोकने में मदद मिली है. इसके अतिरिक्त, रिटेल, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) अग्रिमों में लगातार वृद्धि ने बैंक को जोखिम भारित आस्तियों (आरडब्ल्यूए) को कम करने में समर्थ बनाया है. इसी के साथ आपके बैंक ने सजगता के साथ अपने कॉरपोरेट फोर्टफोलियो को सीमित किया है जिससे इसे अपने कारोबार फोर्टफोलियो संमिश्र में जोखिम को और कम करने में मदद मिली है.

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा बहुलांश शेयरों के अधिग्रहण के कारण आपके बैंक के लिए कारोबार के कई मार्ग खुल गए हैं. बैंक और एलआईसी अपनी शाखाओं, कार्यालयों तथा कार्यबल के सामूहिक नेटवर्क के माध्यम से पारस्परिक कारोबार सहयोग, विशेषकर बैंकाश्योरेंस, नकदी प्रबंधन एवं प्रीमियम वसूली सेवाएं, निवेश एवं सलाहकारी सेवाएं आदि जैसे विविध राजस्व सृजन के क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं.

इन सहक्रियाओं का लाभ उठाने के लिए आपके बैंक ने कारोबार में वृद्धि को गतिशील बनाए रखने हेतु समर्पित दलों का गठन किया है जिनकी निगरानी शीर्ष प्रबंधन द्वारा की जाती है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने अपने सभी ग्राहकों हेतु एक ही स्थान पर बैंकिंग और बीमा सेवाओं की सुविधा के लिए आवश्यक कारोबार साधन भी तैयार किए हैं.

ग्राहक केंद्रित बैंक के रूप में बैंक अपनी क्षमताओं को, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में, बढ़ाता रहा है. डिजिटलीकरण बैंक की रणनीति की एक प्रमुख विशेषता रही है, क्योंकि यह ग्राहकों को बड़े स्तर पर सुविधा प्रदान करने और बैंक की परिचालनगत क्षमता को बढ़ाने में सहायक है. आपका बैंक अपने ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) और बिज़नेस इंटेलीजेंस क्षमताओं को अधिक मजबूत करने का प्रयास कर रहा है जिससे ग्राहकों की पसंद को बेहतर तरीके से समझने में सहायता मिलेगी तथा जिसके परिणामस्वरूप लक्षित बिक्री को बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलेगा. इसके अलावा आपका बैंक भारत सरकार के पीएसबी सुधार एजेंडे के प्रति, जिसका उद्देश्य त्वरित पहुँच और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई) प्राप्त करना है, प्रतिबद्ध है तथा इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है.

व्यापार संवर्धन संबंधी आवश्यक कदम उठाने के अतिरिक्त, बैंक ने अपनी आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए सकेंद्रित दृष्टिकोण अपनाना जारी रखा है. इसके लिए आपके बैंक ने संग्रहण और वसूली वार रूम स्थापित किए हैं जिनके माध्यम से बैंक अपनी आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए, अपने लक्ष्य के अनुरूप, संग्रहण और वसूली के प्रति सकेंद्रित और त्वरित प्रयास करेगा. इसके अलावा आपका बैंक और अधिक गिरावट से बचने के लिए तथा अग्रिमों की गहन निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली तैयार करने की प्रक्रिया में है.

इन रणनीतिक प्रयासों को मजबूती प्रदान करते हुए स्थायी विकास पथ सुनिश्चित करने के लिए बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणालियों को सक्रियता के साथ फिर से लागू कर रहा है. इसी के साथ मुख्य विनियामकीय/ नीतिगत उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तथा इसके परिणामस्वरूप सभी अंशधारकों के हितों की रक्षा के लिए बैंक मजबूत अनुपालन संस्कृति को प्रोत्साहित कर रहा है.

मुख्य कारोबारी पहल-कार्य

रिटेल सकेंद्रित बैंक की कारोबार रणनीति के अनुरूप स्वयं को स्थापित करते हुए आपके बैंक ने अपने विविध ग्राहक आधार को व्यापक उत्पाद और सुविधाएं प्रदान करने के उपायों की शुरुआत की है. विकसित होते उद्योग के रुझानों, विनियामकीय परिदृश्य और ग्राहक की पसंद को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने नए उत्पादों को लागू करना और वर्तमान उत्पाद को अद्यतित करना जारी रखा. इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को विविध मूल्य योजित उत्पाद एवं सेवाएं भी प्रदान की हैं जिनमें उनके जोखिम प्रोफाइल और वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रखा गया है. एलआईसी द्वारा शेयरों के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप आपके बैंक ने एलआईसी के कर्मचारियों, एजेंटों और सहायक संस्थाओं की निवेश जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पाद प्रकारों को भी आरंभ किया है.

आपका बैंक 1,892 शाखाओं, 3,700 एटीएम और 58 ई-लाउंज के नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों की सेवा करता है. बैंकिंग को और अधिक सुविधाजनक बनाने और अपने ग्राहकों की जरूरतों को शामिल करते हुए आपके बैंक ने डिजिटल सेवाओं की व्यापक श्रृंखला भी प्रदान की.

निर्बाध डिजिटल भुगतानों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के डिजीधन मिशन के अनुरूप आपके बैंक ने सभी डिजिटल उत्पाद संबंधी पूछताछ के लिए संपर्क हेतु एक एकल केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए प्रत्येक शाखा में एक अधिकारी को *'डिजिटल गुरु'* के रूप में पदनामित किया है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र खंड को प्रोत्साहित करने के महत्व को स्वीकारते हुए आपका बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार (पीएसएल) देने में सक्रियता के साथ योगदान करता रहा है तथा ऐसा करके आरबीआई के अधिदेश का अनुपालन करता है. आपका बैंक उचित और पारदर्शी तरीके से वहनीय लागत पर समाज के कमजोर वर्गों को वित्तीय उत्पाद और सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित कराते हुए समावेशी विकास के उद्देश्य को सक्रियता से आगे बढ़ाता रहा है. सटीक वित्तीय उत्पाद प्रदान करने तथा प्रौद्योगिकी के गहन प्रयोग द्वारा अपनी पहुँच का विस्तार करने के अलावा, आपके बैंक ने समावेशी और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय साक्षरता पर भी बल दिया है. आपका बैंक अपने कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) नेटवर्क का लाभ उठाकर अपने कारोबार को ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में फैलाने का प्रयास कर रहा है जिससे वित्तीय समावेशन के साथ-साथ बैंक के पीएसएल कारोबार को बल मिल सके.

आपका बैंक पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर अपने 39 श्रेणी बी प्राधिकृत डीलर व्यापार वित्त (टीएफ) केंद्रों और 177 नामित रिटेल टीएफ शाखाओं के माध्यम से अपने व्यापार वित्त कारोबार का संचालन करता है. वर्ष के दौरान आपके बैंक को तेल और गैर-तेल लेनदेन हेतु भारतीय रुपये में इंडो-ईरान व्यापार निपटान में सौदे के लिए भारत सरकार का अनुमोदन प्राप्त हुआ. आपके बैंक के सतत डिजिटल रूपांतरण के एक भाग के रूप में लेनदेन की प्रक्रिया प्रवाह के स्वचालन के लिए समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कई आईटी पहल कार्य किए गए हैं जिनका उद्देश्य सुरक्षा नियंत्रण उपायों को बढ़ाना और साथ ही परिचालनगत दक्षता और उत्पादकता में सुधार लाना है.

आपका बैंक केंद्र और राज्य सरकारों की प्राप्तियों और भुगतानों के प्रबंधन के लिए उनके एजेंट के रूप में भी कार्य करता है. आपका बैंक केंद्र सरकार के करों (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), सरकारी प्राप्तियों, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के ऑनलाइन संग्रहण तथा लघु बचत योजनाओं की पेशकश करने और केंद्र सरकार के पेंशनधारकों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकृत है.

अपनी नकदी प्रबंधन सेवाओं (सीएमएस) के एक भाग के रूप में आपका बैंक वसूली और भुगतानों की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है. आपका बैंक भारतीय रेलवे की ई-किराया भुगतान प्रणाली में भाग लेने के लिए प्राधिकृत है. आपका बैंक भारत बिल भुगतान (बीबीपीएस) के माध्यम से जनोपयोगी सेवा बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए भी प्राधिकृत है.

आपके बैंक ने अपने कई महत्वपूर्ण आईटी हार्डवेयर प्रणालियों को अद्यतित करने और उनकी मरम्मत पर विशेष बल दिया है तथा अपनी आस्तियों को बढ़ाने हेतु दीर्घावधि निवेश के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है ताकि नियोजित हार्डवेयर द्वारा कारोबारी जरूरतों को पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके. इसके अलावा निर्बाध ग्राहक सेवा और उत्कृष्ट प्रयोक्ता अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए आपका बैंक प्रौद्योगिकी नवोन्मेष को अपना रहा है. आपके बैंक ने विविध उन्नत सुरक्षा समाधान इंस्टाल कर उद्योग-व्यापी सुरक्षा चिंताओं पर भी ध्यान दिया है.

विश्लेषण परिचालित बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपके बैंक ने सही समय पर सही उत्पाद उपलब्धता के द्वारा अधिक से अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स (सीओई) फॉर डेटा एनालिटिक्स की स्थापना की है.

आपके बैंक ने वर्तमान प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के अपने उद्देश्य के एक भाग के रूप में प्रक्रियाओं की पहचान करने और उन्हें डिजिटल करने का प्रयास किया तथा इसके द्वारा सेवा सुपुर्दगी बेहतर करने के साथ ही इससे संबंधित लागत को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में कार्य किया.

आपके बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नीति है जो समाज के कल्याण के प्रति अर्थपूर्ण योगदान के लिए बैंक के रुझान को दर्शाती है. आपका बैंक अपनी विभिन्न संलिप्तताओं के माध्यम से समाज के लिए दीर्घावधि सामाजिक और आर्थिक मूल्य सृजन के लक्ष्य रखता है.

वर्ष के दौरान किए गए बैंक के पहल कार्यों के विस्तृत ब्योरे वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिए गए हैं.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013, आपके बैंक के संस्था अंतर्नियम के प्रावधानों और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 (एलओडीआर विनियम) में उल्लिखित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं द्वारा अभिशासित है. बोर्ड, बैंक के महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में संकेंद्रित अभिशासन प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से और साथ ही बोर्ड की विभिन्न गठित समितियों के माध्यम से कार्य करता है. एलआईसी द्वारा 51% नियंत्रक शेयरों के अधिग्रहण के बाद आपके बैंक के बोर्ड का पुनर्गठन संस्था अंतर्नियम के संशोधित नियम 116(1) के अनुसार और साथ ही बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 10ए के अनुपालन में किया गया है. बैंक के संशोधित संस्था अंतर्नियमों के अनुसार निदेशक मंडल में 15 सदस्य शामिल हैं जिनमें एलआईसी के अध्यक्ष बैंक के गैर-कार्यपालक गैर-पूर्णकालिक अध्यक्ष के रूप में, एमडी एवं सीईओ और एलआईसी द्वारा नामित दो डीएमडी, एलआईसी के एक आधिकारिक नामिती निदेशक, भारत सरकार के दो नामिती निदेशक और एक महिला निदेशक सहित आठ स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं.

31 मार्च 2019 को आपके बैंक के बोर्ड में तेरह निदेशक थे जिनमें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ), दो उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी), तीन गैर-कार्यपालक निदेशक और सात स्वतंत्र निदेशक थे. बोर्ड में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री के. पी. नायर तथा श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशकगण पूर्णकालिक निदेशक के रूप में, श्री पंकज जैन तथा श्री सुधीर श्याम, केंद्र सरकार के सरकारी नामिती और श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी के नामिती निदेशक, गैर-कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल, श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी, श्री समरेश परिडा, श्री एन. जंबुनाथन, श्री दीपक सिंघल और श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल थे. बोर्ड में 13 (तेरह) निदेशकों की वर्तमान संख्या संस्था के अंतर्नियम के अंतर्नियम 114(ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करती है.

शीर्ष समितियां

आपके बैंक के कारोबार और परिचालन के विभिन्न कार्य पहलुओं की देख-रेख करने के लिए बोर्ड की कुल चौदह समितियां हैं. बोर्ड की समितियों में बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, कार्यपालक समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, अंशधारक संबंध समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, वसूली समीक्षा समिति, जोखिम प्रबंध समिति, स्वतंत्र निदेशक समिति, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति, असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति, ग्राहक सेवा समिति, इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति, सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति शामिल हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन की बेहतर पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक की यह मान्यता है कि प्रभावी कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ विनियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि हितधारकों के मूल्य में वृद्धि के लिए एक सुसाध्यकारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कारोबार दायित्व रिपोर्ट

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दिनांक 22 दिसंबर 2015 की अपनी अधिसूचना के ज़रिये बीएसई और एनएसई में बाजार पूंजीकरण के आधार पर सूचीबद्ध 500 शीर्ष कंपनियों के लिए वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में कारोबार दायित्व (बीआर) रिपोर्ट का समावेशन अनिवार्य कर दिया है. कारोबार दायित्व रिपोर्ट में सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन परिप्रेक्ष्य में आरंभ किए गए पहल-कार्यों का वर्णन होना चाहिए. बैंक की कारोबार दायित्व रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर प्रदर्शित की गई है.

लाभांश वितरण नीति

आपके बैंक की बोर्ड द्वारा अनुमोदित लाभांश वितरण नीति है जो बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर प्रदर्शित की गई है.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अंतर्गत कथन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक की सेवा में ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे ₹1.02 करोड़ से अधिक वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष के किसी हिस्से के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे प्रतिमाह ₹8.50 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष अथवा उसके किसी हिस्से के दौरान ऐसा कोई कार्मिक नियुक्त नहीं किया गया जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अथवा उप प्रबंध निदेशक द्वारा आहरित कुल पारिश्रमिक की दर से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो और जिसके पास स्वयं अथवा जिसके पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के साथ मिलाकर बैंक के 2% इक्विटी शेयर से अधिक शेयर धारित हों.

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(2) के अंतर्गत विवरण-शीर्ष 10 कर्मचारियों का ब्योरा

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान प्राप्त पारिश्रमिक के अनुसार बैंक के शीर्ष दस कर्मचारियों का ब्योरा दर्शाने वाला विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	नाम	पदनाम	प्राप्त पारिश्रमिक (₹)	नियोजन की प्रकृति, यह संविदागत है अथवा अन्य प्रकार का है	कर्मचारी की अर्हताएं और अनुभव	नियोजन शुरू करने की तारीख	कंपनी में आने से पूर्व ऐसे कर्मचारी द्वारा धारित पिछला नियोजन	ऐसे कर्मचारी की आयु
1	श्री उमेश जैन	मुख्य महा प्रबंधक	42,11,622	स्थायी कर्मचारी	एम.टेक., सीएआईआईबी, बिजनेस फाइनेंस में डिप्लोमा, एम.डी.बी.ए 31 वर्ष 2 माह	17 मार्च 1988	वोल्टास लिमिटेड	59 वर्ष 11 माह
2	श्रीमती माया चक्रवर्ती	मुख्य महा प्रबंधक	38,67,042	स्थायी कर्मचारी	बी.एससी. (इंजीनियरिंग), एम.एम.एस. सी.एफ.ए. 25 वर्ष 9 माह	17 अगस्त 1993	तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग	53 वर्ष 11 माह
3	श्री राजीव कुमार	मुख्य महा प्रबंधक	37,60,017	स्थायी कर्मचारी	बी.टेक., एम.बी.ए., सीएआईआईबी 25 वर्ष 8 माह	17 सितंबर 1993	भारतीय स्टेट बैंक	56 वर्ष 5 माह

क्र. सं.	नाम	पदनाम	प्राप्त पारिश्रमिक (₹)	नियोजन की प्रकृति, यह संविदागत है अथवा अन्य प्रकार का है	कर्मचारी की अर्हताएं और अनुभव	नियोजन शुरू करने की तारीख	कंपनी में आने से पूर्व ऐसे कर्मचारी द्वारा धारित पिछला नियोजन	ऐसे कर्मचारी की आयु
4	श्री कृष्णन श्रीनिवासन	महा प्रबंधक	37,15,869	स्थायी कर्मचारी	बी.कॉम., आईसीडब्ल्यूए (इंटर), सीएआईआईबी 34 वर्ष 5 माह	17 दिसंबर 1984	मोडेला वूलन्स लिमिटेड	58 वर्ष 2 माह
5	श्री के. आर. मुरली मोहन	मुख्य महा प्रबंधक	37,08,185	स्थायी कर्मचारी	बी.कॉम., सीएआईआईबी 31 वर्ष	27 मई 1988	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	60 वर्ष
6	श्री सुनित सरकार	मुख्य महा प्रबंधक	36,98,482	स्थायी कर्मचारी	बी.टेक., आईसीडब्ल्यूए, सीएआईआईबी, बिजनेस प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा 25 वर्ष 8 माह	1 सितंबर 1993	ईएसएबी इंडिया लिमिटेड	52 वर्ष 9 माह
7	श्री शंकर वी.	महा प्रबंधक	36,85,908	स्थायी कर्मचारी	बी.एससी., एम.डी.बी.ए., पी.जी.डी.एफ.एम., जेएआईआईबी 34 वर्ष 8 माह	24 सितंबर 1984	नाबार्ड	56 वर्ष 9 माह
8	श्री स्वपन कुमार बागची	मुख्य महा प्रबंधक	36,77,071	स्थायी कर्मचारी	अन्वेषण भूभौतिकी में एम.एससी., एम.टेक., पी.जी.डी.एम., सीएआईआईबी 25 वर्ष 4 माह	25 जनवरी 1994	परफेक्ट कंप्यूटर्स लिमिटेड और इसके बाद स्वनियोजित	59 वर्ष 3 माह
9	श्री नागराज गारला	मुख्य महा प्रबंधक	36,31,806	स्थायी कर्मचारी	बी.कॉम., एम. कॉम., एमबीए, आईसीडब्ल्यूए (इंटर), सीएआईआईबी 19 वर्ष 3 माह	17 फरवरी 2000	दि वैश्य बैंक लिमिटेड	50 वर्ष 1 माह
10	श्री कृष्णेंदु बैनर्जी	मुख्य महा प्रबंधक	35,71,071	स्थायी कर्मचारी	एम.ए., जेएआईआईबी 31 वर्ष 6 माह	2 नवंबर 1987	भारतीय स्टेट बैंक	58 वर्ष 5 माह

टिप्पणियां:

1. *ऊपर सूचीबद्ध कोई भी कर्मचारी यथा 31 मार्च 2019 को बैंक की चुकता पूंजी के 2 % अथवा उससे अधिक का धारक नहीं है.*
2. *ऊपर सूचीबद्ध कोई भी कर्मचारी बैंक के किसी निदेशक का रिश्तेदार नहीं है.*

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा का अर्जन तथा व्यय

क) ऊर्जा संरक्षण

बैंक द्वारा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में शुरू किए गए विभिन्न पहल कार्य निम्नानुसार हैं:

- बैंक के प्रधान कार्यालय, मुंबई और सीबीडी-बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित एनेक्स इमारत में ऊर्जा की खपत कम करने के लिए सभी पारंपरिक बिजली के फिक्सचर को ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइट फिक्सचर / लैम्प/ ट्यूबों से बदल दिया गया है. ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए केबिन की लाइटों को नियंत्रित करने हेतु ऑक्युपेंट सेंसर का प्रयोग किया गया है.
- प्रधान कार्यालय, मुंबई और सीबीडी-बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित एनेक्स इमारत में परिवर्तनशील आवृत्ति ड्राइव के साथ लिफ्टें इंस्टॉल की गई हैं.
- प्रधान कार्यालय, मुंबई और सीबीडी-बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित एनेक्स इमारत में एसी के लिए ऊर्जा दक्ष स्क्रू चिलर इंस्टॉल किए गए हैं.
- सीबीडी-बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित एनेक्स इमारत में सामान्य लाइटिंग के लिए सोलर पैनल इंस्टॉल किए गए हैं. जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद में सोलर पैनल की स्थापना का कार्य प्रगति पर है.
- जेएनआईबीएफ कैंपस में सोलर वाटर हीटर स्थापित किए गए हैं.
- उपर्युक्त के अलावा, बैंक अपनी सभी नई परियोजनाओं और मौजूदा परिसरों के नवीकरण में जल एवं ऊर्जा बचत के उपाय अपना रहा है. इसके अतिरिक्त, नई शाखा की फर्निशिंग की तथा पुरानी शाखा के स्थान बदलने की प्रक्रिया में ऊर्जा बचत के उद्देश्य से एलईडी लाइट फिक्सचर का प्रयोग किया जा रहा है.

ख) प्रौद्योगिकी समावेशन

आपका बैंक आधुनिकतम प्रौद्योगिकी-आधारित नवोन्मेषी कार्यों की पूरी सक्रियता के साथ संवीक्षा कर उनका समावेशन कर रहा है. इनसे कारोबारी कामकाज को सशक्त बनाने, अपने ग्राहकों को सुखकर अनुभव देने तथा भावी अवसरों और चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्परता बरतने में मदद मिलेगी. आपके बैंक द्वारा हाल ही में शुरूकिए गए प्रौद्योगिकी-आधारित सुधार कार्यों में डीसी/ डीआर ड्रिल की केंद्रीय स्तर पर ऑटोमेशन व निगरानी के लिए समाधान लागू करना; बैंक के सुरक्षा परिदृश्य को मजबूती देने के लिए उद्यम स्तर पर प्रॉक्सी समाधान लागू करना और एक्टिव डायरेक्टरी (एडी) व सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) का उन्नयन करना; भावी कारोबार संवृद्धि के लिए निजी क्लाउड आर्किटेक्चर के तहत क्षमता में वृद्धि करना; तथा ऋण का एकबारगी निपटान करने व अन्य पक्ष वित्तीय लिखतों में काउंटर पर ही निवेश करने जैसी प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करना शामिल है. आपके बैंक ने ग्राहकों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए नए *'ऑल इन वन'* मोबाइल बैंकिंग एप्प की शुरुआत कर डिजिटल फुट प्रिंट/ टच पॉइंट बढ़ाए हैं.

जहां आपके बैंक ने नई गिरावट को रोकने के लिए समयपूर्व चेतावनी सिग्नल प्रणाली (ईडबल्यूएस) और उधार से जुड़ी प्रक्रियाओं के ऑटोमेशन के लिए ऑनलाइन ऋण समीक्षा प्रणाली जैसे विभिन्न समाधानों का कार्यान्वयन पहले ही शुरू कर दिया है, वहीं बैंक उद्यमी डीएलपी व डाटा वर्गीकरण समाधान, हनीपॉट समाधान, एंडपॉइंट और एनक्रिप्शन के लिए बैकअप समाधान तथा आंतरिक खतरों से बचने के लिए डीडीओएस प्रिवेंशन टूल जैसे कई सुरक्षा संबंधी पहल कार्य लागू कर रहा है. बैंक आने वाले समय में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ लेने के लिए चैट बॉट्स / वॉइस बॉट्स, ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी, एपीआई लेयर इंटीग्रेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व रोबेटिक प्रोसेस ऑटोमेशन जैसे नवोदित प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन कर उनका समावेशन कर रहा है. सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बैंक द्वारा किए गए अन्य पहल कार्यों का ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

ग) विदेशी मुद्रा विनिमय अर्जन एवं व्यय

वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा ₹ 53.38 करोड़ की विदेशी मुद्रा का अर्जन (डेरिवेटिव में विदेशी मुद्रा नकदी प्रवाह एवं विदेशी मुद्रा विनिमय लेन-देनों को छोड़कर) तथा परिचालन व पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं के लिए कुल ₹ 87.16 करोड़ की विदेशी मुद्रा का व्यय किया गया.

भारतीय रिज़र्व बैंक की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए)

आपके बैंक की उच्च निवल अनर्जक आस्तियों (एनपीए) और आस्तियों पर ऋणात्मक प्रतिलाभ (आरओए) को देखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 5 मई 2017 के अपने पत्र के ज़रिए आपके बैंक के लिए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) शुरू कर दी. बैंक इस संबंध में रिज़र्व बैंक के निदेशों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करता रहा है. बैंक ने अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए रूपांतरण की एक व्यापक रणनीति भी बनाई है. इसके साथ-साथ, रिज़र्व बैंक द्वारा नये कॉरपोरेट एक्सपोजर देने पर प्रतिबंध के संबंध में जारी निदेशों के अनुपालन के क्रम में बैंक ने अपनी आंतरिक क्रेडिट नीति की समीक्षा की है और यह अपने कॉरपोरेट एक्सपोजर को सीमित करने की दिशा में काम कर रहा है.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा घोषणा और पुष्टि करता है कि:

क. वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है.

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनका निरंतर प्रयोग किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं एवं अनुमान लगाए हैं जो लेखा वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए यथोचित तथा विवेकपूर्ण हैं.

ग. निदेशकों ने आपके बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए विनियामक प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है.

घ. निदेशकों ने चालू कार्यशील संस्था आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं.

ङ. निदेशक मंडल ने बैंक द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा कि ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं; और

च. निदेशक मंडल ने लागू सभी नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं तथा कि ये प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), अन्य सभी सांविधिक/ विनियामक प्राधिकरणों तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी है. निदेशक मंडल विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य बैंकों / वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों/ संस्थाओं से समय-समय पर मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी निष्ठावान शेयरधारकों और ग्राहकों का भी वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए हृदय से आभार प्रकट करता है और भविष्य में भी उनसे सतत सहयोग की अपेक्षा करता है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और बैंक के प्रति उनकी वचनबद्धता का अत्यधिक सम्मान करता है.

[जी. एम. यादवाडकर]
उप प्रबंध निदेशक

[राकेश शर्मा]
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक : 30 मई 2019

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors is pleased to present the Report on its Business and Operations for the financial year ended March 31, 2019.

India's economic growth decelerated in 2018-19 as compared to the previous year on account of slowdown in agriculture and services sector. While deceleration in the economic activity in India was partly on account of domestic factors such as deficient and uneven monsoon, muted consumption and investment demand, among others, global volatilities also impacted the overall growth momentum. Banks play a major role in India's growth story as they continue to remain the major source of debt funding by a large margin compared to any other source. Taking this into consideration, various reform measures such as recapitalisation of public sector banks, resolution of stressed assets under the Insolvency and Bankruptcy Code, among other measures, were initiated to strengthen the banking sector. These measures are expected to improve the financial health of banks and subsequently lead to credit off-take in the economy. While these measures are enabling banks to improve their financial position, the overall turnaround in the banking sector performance will be realised with a lag. It is crucial to view the performance of your Bank in this context.

Financial Highlights

As on March 31, 2019, your Bank's aggregate deposits and advances touched ₹ 2,27,372 crore and ₹ 1,46,790 crore, respectively. Your Bank's business highlights for the period under review are presented in Table 1:

Table 1: Key Financials

(In ₹ crore)

	As on March 31, 2018	As on March 31, 2019
Capital	3,083.86	7,736.30
Reserves & Surplus	18,125.87	29,875.40
Deposits	2,47,931.61	2,27,371.72
Borrowings	63,185.53	45,287.72
Other Liabilities & Provisions	17,758.85	10,013.35
Total Liabilities	**3,50,085.72**	**3,20,284.49**
Cash & Balances with RBI	13,163.69	12,730.47
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	20,522.40	8,503.23
Investments	91,606.06	93,072.63
Advances	1,71,739.94	1,46,790.43
Fixed & Other Assets	53,053.63	59,187.73
Total Assets	**3,50,085.72**	**3,20,284.49**
For the period	**2017-18**	**2018-19**
Total Income	30,040.11	25,371.53
Total Expenses (other than provisions)	22,130.90	21,319.41
Provisions (other than tax)	20,501.74	26,879.29
Profit/ (Loss) Before Tax	(12,592.53)	(22,827.17)
Provision for Tax*	(4,354.61)	(7,710.87)
Profit/ (Loss) After Tax	(8,237.92)	(15,116.30)

** Net of Current Income Tax and Deferred Income Tax*

During the year under review, your Bank's total income amounted to ₹ 25,372 crore, comprising interest income of ₹ 22,071 crore and other income of ₹ 3,300 crore. Interest expenses stood at ₹ 16,166 crore and operational expenses at ₹ 5,154 crore, accounting for total expenditure of ₹ 21,319 crore (excluding provisions and contingencies).

Total provisioning of your Bank increased in view of continued stress in the Bank's corporate loan portfolio. The provisions include ₹ 25,747 crore towards provision for non-performing assets, bad debts written-off and investments. As a result, your Bank incurred a net loss of ₹ 15,116 crore during FY 2018-19.

While the Earnings per Share (EPS) during the year was negative due to the losses, the Book Value per Share (excluding intangible assets) stood at ₹ 14.40 per Share as at end-March 2019. In view of the losses incurred, the Board of Directors have not recommended any dividend for the year.

Report on the Performance and Financial Position of Subsidiaries and Joint Venture included in the Consolidated Financial Statement as on March 31, 2019

Name of the entity	Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		Share in profit or (loss)	
	As % of consolidated net assets	Amount (In ₹ crore)	As % of consolidated profit or (loss)	Amount (In ₹ crore)
1	2	3	4	5
Parent : IDBI Bank Ltd.	97.09	37,611.70	(101.00)	(15,116.30)
Subsidiaries:				
Indian:				
1. IDBI Capital Markets & Securities Ltd.	0.81	314.91	0.00	0.26
2. IDBI Intech Ltd.	0.15	56.34	0.06	8.84
3. IDBI Asset Management Ltd.	0.28	108.09	(0.03)	(4.34)
4. IDBI MF Trustee Company Ltd.	0.00	1.47	0.00	0.04
5. IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.54	207.37	0.25	37.51
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Minority Interests in all subsidiaries	0.25	96.98	0.11	16.99
Associates (Investment as per the equity method)				
Indian:				
1. Biotech Consortium India Ltd.	NA	NA	0.00	0.51
2. National Securities Depository Ltd.	NA	NA	0.19	28.78
3. North Eastern Development Finance Corporation Ltd.	NA	NA	0.09	13.92
4. Pondicherry Industrial Promotion Development & Investment Corporation Ltd. (PIPDICL)*	NA	NA	NA	NA
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Joint Venture (as per proportionate consolidation/ investment as per the equity method)				
Indian:				
1. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	1.13	438.06	0.43	63.73
Foreign:	NA	NA	NA	NA
TOTAL	100	38,737.94	(100.00)	(14,967.04)
Elimination	(1.01)	(391.23)	(0.13)	(19.71)
Net Total	98.99	38,346.71	(100.13)	(14,986.76)

*- In respect of PIPDICL, the Bank has not received any financial statements and transaction details from the company hence information not consolidated in the above. The Bank has written down investment in PIPDICL to Rupee one.

Material changes and commitments, if any, affecting financial position of IDBI Bank which have occurred during the end of financial year and the date of Board Report.

There are no material changes and commitments affecting the financial position of the Bank which have occurred between the end of the financial year of the Bank, i.e. March 31, 2019 and the date of the Directors' Report.

The details in respect of adequacy of internal financial controls with reference to the financial statements.

According to Section 143(3)(i) of the Companies Act 2013, w.e.f. Financial Year 2015-16, the report of the Statutory Auditors shall state whether the Bank has adequate Internal Financial Control (IFC) system in place and the operating effectiveness of such controls, in the context of the financial statements. IFCs as referred to in Section 143(3)(i) of the Companies Act relates to Internal Financial Controls Over Financial Reporting (IFC-FR). The Bank's Management is responsible for establishing and maintaining internal financial controls based on the internal control over financial reporting criteria established by the Bank considering the essential components of internal control stated in the Guidance Note on Audit of IFC-FR issued by the Institute of Chartered Accountants of India. These responsibilities include the design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the orderly and efficient conduct of its business, including adherence to the Bank's policies, the safeguarding of its assets, the prevention and detection of frauds and errors, the accuracy and completeness of the accounting records, and the timely preparation of reliable financial information, as required under the Companies Act, 2013, the Banking Regulation Act, 1949 and the guidelines issued by the Reserve Bank of India.

Your Bank has put in place an IFC-FR Framework for evaluation of the existing internal financial controls system and appointed a Consultant for validating the compliances with respect to the documentation, certification, reporting process of the controls across all business verticals/ departments and ascertaining the adequacy and effectiveness of the controls in the Bank in all material respects with respect to financial reporting.

During 2018-19, the Consultant submitted the Internal Compliance Certificate for the quarters ended June 2018 to March 2019 after carrying out the testing and validation of all the underlying processes as per the Bank's IFC-FR framework.

Details of Significant changes (i.e. change of 25% or more as compared to the immediately previous financial year) in key financial ratios, along with a detailed explanation thereof, including:

In terms of compliance with the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) (Amendment) Regulations 2018, the key financial ratios for the Bank are as follows:

Particulars	2017-18	2018-19	Comments
Return on Average Net Worth	(58.30%)	(155.20%)	The Net Loss for the year has increased to ₹ 15,116.30 crore in FY 2018-19 from ₹ 8,237.92 crore in FY 2017-18 mainly on account of additional provisioning on NPAs. The Net Worth as on March 31, 2019 was ₹ 11,140.35 crore as against ₹ 12,031.01 crore as on March 31, 2018.
Return on Average Assets	(2.46%)	(4.68%)	
Gross NPA % to Gross Advances	27.95	27.47	Total NPA Provisions have increased by ₹ 3,266.10 crore from ₹ 19,126.14 crore for FY 2017-18 to ₹ 22,392.24 crore for FY 2018-19.
Net NPA % to Net Advances	16.69	10.11	
Provision Coverage Ratio (including Technical Write-offs)	63.40%	82.88%	
CASA to % of total deposits	37.15%	42.54%	CASA balance increased to ₹ 96,730.41 crore as on March 31, 2019 as against ₹ 92,102.09 crore as on March 31, 2018 and Total Deposits have reduced to ₹ 2,27,371.72 crore as on as on March 31, 2019 from ₹ 2,47,931.61 crore as on as on March 31, 2018.

Capital Adequacy

Your Bank computes regulatory capital requirement for credit, market and operational risks as prescribed under the Pillar 1 guidelines of the Basel III framework on a quarterly basis. Your Bank's *'Total Capital + Capital Conservation Buffer (CCB)'* ratio was 11.58% as on March 31, 2019. Similarly, your Bank's *'Common Equity Tier 1 (CET1) + CCB'* ratio was 8.91% as against the regulatory requirement of 7.375%. Your Bank's *'Tier 1 + CCB'* ratio stood at 9.13% as on March 31, 2019 as against the regulatory requirement of 8.875%.

Your Bank has a Board-approved policy on Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) in line with the Pillar 2 norms of the Basel III framework. This policy enables your Bank to internally assess and quantify those risks which are not covered under Pillar 1 as well as to develop appropriate strategies to manage and mitigate risks under normal and stressed conditions. In line with the RBI's guidelines on stress testing, your Bank has also put in place a comprehensive stress testing framework. This framework enables your Bank to assess its performance under exceptional but plausible events and facilitates appropriate proactive strategies to meet unforeseen contingencies. The framework has been strengthened during the period under review by inclusion of scenario analysis and reverse stress testing. Your Bank has adopted a Disclosure Policy in accordance with the Pillar 3 requirements under the Basel norms. Accordingly, disclosures as at the end of each quarter are hosted on your Bank's website, thereby exhibiting high degree of transparency. Your Bank follows the Standardised Approach under Credit Risk for computation of capital charge, Basic Indicator Approach (BIA) to compute regulatory capital charge for Operational Risk and Standardised Measurement Method (SMM) to compute regulatory capital requirement for market risk.

Business Strategy

During the year, your Bank embarked on a strategic initiative to position itself as a retail-focused bank. Towards this end, the business strategy of the Bank was focussed on driving growth through accretion of a low-cost deposit base and granular asset mix through growth in retail asset book. Measures to enhance CASA and retail deposit base has aided in containing the cost of deposits. Additionally, augmenting growth in Retail, Agri and MSME (RAM) advances has enabled the Bank to reduce its Risk Weighted Assets (RWA). Simultaneously, your Bank consciously restricted its corporate portfolio, thereby furthering the process of de-risking its business portfolio mix.

The majority stake acquisition by Life Insurance Corporation of India (LIC) has opened up several business avenues for your Bank. The Bank and LIC, through its collective network of branches, offices and workforce, have been leveraging on the mutual business synergies, especially in various revenue generating areas such as bancassurance, cash management and premium collection services, investment and advisory services, among others.

To capitalise on these synergies, your Bank has created dedicated teams, overseen by the top management, to drive its business growth. Additionally, your Bank has also put in place necessary business enablers to bring the convenience of banking and insurance services at one stop for all its customers.

As a customer-centric bank, the Bank is scaling up its capabilities, especially in Information Technology (IT). Digitalisation is a prominent feature of your Bank's strategy as it would help in ensuring greater degree of customer convenience as well as enable your Bank to enhance its operational efficiency. Your Bank is making efforts to further strengthen its Customer Relationship Management (CRM) and business intelligence capabilities that will help in better understanding of customer preferences and thereby, provide an impetus to targeted sales. Furthermore, your Bank remains committed to the Government of India's PSB Reforms Agenda aimed at Enhanced Access and Service Excellence (EASE) and is taking necessary steps towards its implementation.

In addition to putting in place necessary business enablers, the Bank continues to remain focussed on improving its asset quality. Towards this end, your Bank has set up a Collection & Recovery War Room to bring focused and accelerated efforts towards collection and recovery in consonance with the Bank's objective to drive improvement in its asset quality. Furthermore, your Bank is in the process of putting in place Early Warning Signals to ensure close monitoring of advances to preclude further slippages.

Underpinning these strategic endeavours, the Bank is proactively reinforcing its risk management practices to ensure a stable growth path. Simultaneously, the Bank is fostering a robust compliance culture to meet key regulatory/ policy objectives and consequently, protect interest of all stakeholders.

Key Business Initiatives

In line with the business strategy of positioning itself as a retail-focussed bank, your Bank has initiated measures to broad-base the products and services offering to its diversified customer base. Your Bank continued to introduce new products and upgraded its existing products to cater to the evolving industry trends, regulatory landscape and customer preferences. Additionally, your Bank also offered various value-added products and services to its customers, keeping in view their risk profile and financial goals. Subsequent to stake acquisition by LIC, your Bank has also introduced specially designed product variants to cater to the banking and investment requirements of employees, agents and subsidiaries of LIC.

Your Bank served its customers through its network of 1,892 branches, 3,700 ATMs and 58 e-lounges. The Bank also extended a wide range of digital offerings to make banking more convenient and inclusive to the needs of its customers.

In line with the Government's DigiDhan Mission of promoting seamless digital payments, your Bank has designated one officer from every retail branch as '*Digital Guru*' to act as a single point of contact for all digital product related queries.

Acknowledging the significance of promoting the priority sector segment, your Bank has been actively contributing to Priority Sector Lending (PSL), thereby also adhering to the RBI's mandate. Your Bank has also been proactive in furthering the national objective of inclusive growth by ensuring access to financial products and services to the vulnerable sections of the society at affordable cost in a fair and transparent manner. Apart from offering appropriate financial products and expanding its reach by making intensive use of technology, your Bank also placed emphasis on financial literacy to ensure an inclusive and holistic growth. Your Bank leveraged the Business Correspondents (BCs)/ Business Facilitators (BFs) network to increase penetration in rural and semi-urban areas to ensure greater financial inclusion as also provide an added impetus to its PSL business.

Your Bank conducts its Trade Finance (TF) business through its 39 Category B Authorised Dealer TF centres and 177 designated retail TF branches in various locations pan-India. During the year, your Bank got approval from the GoI for dealing in Indo-Iran trade settlements in Indian Rupee for both oil and non-oil transactions. As part of your Bank's ongoing digital transformation, various IT initiatives have been taken during the year under review to automate the process flow of transaction with a view to enhance security control measures as well as to improve operational efficiency and productivity.

Your Bank also acts as an agent for Central and State Governments to manage their receipts and payments. Your Bank is authorised to collect Central Government taxes (direct and indirect), Goods & Services Tax (GST), Government receipts, online collection for Employee Provident Fund Organisation (EPFO) and Employee State Insurance Corporation (ESIC), offer Small Saving Schemes and extend facility to submit Life Certificate for Central Government pensioners digitally, among others.

Your Bank offers a wide array of collection and payment products as part of its Cash Management Services (CMS). Your Bank is authorised to participate in e-freight payment system of Indian Railways. Your Bank is also authorised to facilitate utility bill payments through Bharat Bill Payment (BBPS).

Your Bank has laid special emphasis on the upgrade and overhaul of many of its critical IT hardware systems and committed long-term investments in enrichment of its assets to ensure that the deployed hardware meets the business needs. Furthermore, your Bank is also embracing technological innovation to ensure seamless customer service and highest level of user experience. Your Bank has also responded to the industry-wide information security concerns by installing various high-end security solutions.

In order to promote analytics driven sales, your Bank has setup a Centre of Excellence (COE) for Data Analytics with the objective of achieving higher customer wallet share by delivering the right product at the right time.

Your Bank strived to identify and digitise activities as part of its objective to automate the existing processes, and thereby, enhance service delivery as well as rationalise related costs.

Your Bank has a Board-approved CSR policy which underscores the Bank's inclination to make a meaningful contribution towards the welfare of the society. Your Bank, through its various interventions, aims to create long-term social and economic value for the society.

The detailed description of the Bank's initiatives undertaken during the year is outlined in the Management Discussion and Analysis section of the Annual Report.

Board of Directors

Your Bank's Board of Directors is broad-based and its constitution is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Companies Act, 2013, the Articles of Association of the Bank and the requirements of corporate governance, as envisaged in the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 [LODR Regulations]. The Board functions directly as well as through various board committees constituted to provide focussed governance in the important functional areas of the Bank. Post-acquisition of 51% controlling stake by LIC, the Board of your Bank has been reconstituted in accordance with the amended Article 116(1) of the Articles of Association and is also in compliance with section 10A of the Banking Regulation Act, 1949. The Board of Directors, as per the amended Articles of Association of the Bank, includes 15 members with the Chairman of LIC as Non-Executive Non Whole-Time Chairman of the Bank, MD & CEO and two DMDs nominated by LIC, one Official Nominee Director of LIC, two Nominee Directors of GOI and eight Independent Directors including one Woman Director.

As on March 31, 2019, the Board comprised of thirteen Directors, including Managing Director and CEO (MD & CEO), two Deputy Managing Directors (DMDs), three Non-Executive Directors and seven Independent Directors. Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, Shri K. P. Nair & Shri G. M. Yadwadkar, DMDs as Whole Time Directors; Shri Pankaj Jain & Shri Sudhir Shyam, Central Government official Nominees and Shri Rajesh

Kandwal, LIC Nominee Director, as Non-Executive Directors; Shri Gyan Prakash Joshi, Dr. Ashima Goyal, Shri Bhuwanchandra B. Joshi, Shri Samaresh Parida, Shri N. Jambunathan, Shri Deepak Singhal and Shri Sanjay Gokuldas Kallapur as Independent Directors constituted the Board. The present strength of 13 (thirteen) Directors on the Board meets the requirement provided under Article 114(a) of the Articles of Association.

Apex Committees

The Board has a total of fourteen committees to oversee various functional areas of your Bank's business and operations. The Board committees include Audit Committee of the Board, Executive Committee, Nomination and Remuneration Committee, Stakeholders' Relationship Committee, HR Steering Committee, Frauds Monitoring Committee, Recovery Review Committee, Risk Management Committee, Independent Directors' Committee, Corporate Social Responsibility Committee, Non-Cooperative Borrowers' Review Committee, Customer Service Committee, Wilful Defaulters' Review Committee and Information Technology Strategy Committee.

Corporate Governance

Your Bank is committed to adoption of best corporate governance practices. It believes that effective corporate governance is not just a requirement for regulatory compliance, but also a facilitator for enhancement of stakeholders' value. The details of your Bank's corporate governance practices are given in this Annual Report as a separate section under Corporate Governance Report.

Business Responsibility Report

The Securities and Exchange Board of India (SEBI), vide its notification dated December 22, 2015, has mandated the inclusion of Business Responsibility (BR) Report as part of the Annual Report for Top 500 listed entities based on market capitalisation at BSE and NSE. The BR Report should describe initiatives taken by the listed entity from an environmental, social and governance perspective. The Bank's Business Responsibility Report has been hosted on the website of the Bank (www.idbibank.in).

Dividend Distribution Policy

Your Bank has a Board-approved Dividend Distribution Policy which is hosted on the website of the Bank (www.idbibank.in).

Statement under Section 134 of the Companies Act, 2013 read with Rule 5 of the Companies (Appointment and Remuneration of Managerial Personnel) Rules, 2014

There were no personnel in your Bank's services, during the financial year under review, who received remuneration of over ₹ 1.02 crore annually. Besides, there were no personnel in the service of the Bank for a part of the year who received remuneration in excess of ₹ 8.50 lakh per month. Further, there was no personnel employed throughout the financial year or part thereof who was in receipt of remuneration at a rate, which in the aggregate, was in excess of that drawn by Managing Director & CEO or Deputy Managing Director of the Bank and who held by himself or along with his spouse and dependent children, not less than 2% of the equity shares of the Bank.

Statement under Rule 5(2) of the Companies (Appointment and Remuneration of Managerial Personnel) Rules, 2014 for year ended March 31, 2019 – Details of Top Ten Employees

The statement indicating details of top ten employees of the Bank in terms of remuneration drawn during FY 2018-19 is as follows:

Sr. No.	Name	Designation	Remuneration received (₹)	Nature of employment, whether contractual or otherwise	Qualifications and experience of the employee	Date of commencement of employment	The last employment held by such employee before joining the company	The age of such employee
1	Shri Umesh Jain	CGM	42,11,622	Confirmed Employee	M.Tech., CAIIB, Diploma in Business Finance, M.D.B.A. 31 yrs. 2 months	17-Mar-1988	Voltas Ltd.	59 yrs 11 months

Sr. No.	Name	Designation	Remuneration received (₹)	Nature of employment, whether contractual or otherwise	Qualifications and experience of the employee	Date of commencement of employment	The last employment held by such employee before joining the company	The age of such employee
2	Smt. Maya Chakravorty	CGM	38,67,042	Confirmed Employee	B.Sc. (Engg), M.M.S., C.F.A. 25 yrs. 9 months	17-Aug-1993	Oil & Natural Gas Commission	53 yrs 11 months
3	Shri Rajeev Kumar	CGM	37,60,017	Confirmed Employee	B.Tech., M.B.A., CAIIB 25 yrs. 8 months	17-Sep-1993	State Bank of India	56 yrs 5 months
4	Shri Krishnan Srinivasan	GM	37,15,869	Confirmed Employee	B.Com., ICWA (Inter), CAIIB 34 yrs 5 months	17-Dec-1984	Modella Woollens Ltd.	58 yrs 2 months
5	Shri K. R. Murali Mohan	CGM	37,08,185	Confirmed Employee	B.Com., CAIIB 31 yrs	27-May-1988	Indian Overseas Bank	60 yrs
6	Shri Sunit Sarkar	CGM	36,98,482	Confirmed Employee	B.Tech., ICWA, CAIIB, Post Graduate Diploma in Business Management 25 yrs 8 months	1-Sep-1993	ESAB India Ltd.	52 yrs 9 months
7	Shri Shankar V.	GM	36,85,908	Confirmed Employee	B.Sc., M.D.B.A., P.G.D.F.M., JAIIB 34 Yrs. 8 months	24-Sep-1984	NABARD	56 yrs 9 months
8	Shri Swapan Kumar Bagchi	CGM	36,77,071	Confirmed Employee	M.Sc. in Exploration Geophysics, M.Tech., P.G.D.M., CAIIB 25 yrs 4 months	25-Jan-1994	Perfect Computers Ltd. and then Self Employed	59 yrs 3 months
9	Shri Nagraj Garla	CGM	36,31,806	Confirmed Employee	B.Com., M.Com., MBA, ICWA (Inter), CAIIB 19 yrs 3 months	17-Feb-2000	The Vysya Bank Ltd.	50 yrs 1 month
10	Shri Krishnendu Banerjee	CGM	35,71,071	Confirmed Employee	M.A., JAIIB 31 yrs 6 months	2-Nov-1987	State Bank of India	58 yrs 5 months

Notes:

1. *None of the employees listed above hold 2% or more of the paid-up share capital of the Bank as at March 31, 2019.*
2. *None of the employees listed above is a relative of any director of the Bank.*

Conservation of Energy, Technology Absorption, Foreign Exchange Earnings and Outgo

a) Conservation of Energy

Various initiatives taken by Bank towards conservation of energy are as follows:

- All conventional light fixtures at the Head Office, Mumbai and Annexe building at CBD-Belapur, Navi Mumbai have been replaced with energy efficient LED light fixtures/ lamps/ tubes to save power consumption. Occupant sensors have been used to control cabin lighting to save power consumption.
- Lifts with variable frequency drive have been installed at the Head Office, Mumbai and Annexe building at CBD-Belapur, Navi Mumbai.
- Energy efficient screw chillers have been installed for air-conditioning at Head Office, Mumbai and Annexe building at CBD-Belapur, Navi Mumbai.
- Solar panels have been installed to cater to common lighting at Annexe building at CBD-Belapur, Navi Mumbai. Installation of solar panels is in progress at Jawaharlal Nehru Institute of Banking and Finance (JNIBF), Hyderabad.
- Solar water heaters are installed at the JNIBF campus.

In addition to the above, the Bank is adopting water and energy conservation measures in all its new projects and renovation of existing premises. Further, LED light fixtures are being used for power saving in the new branch furnishing and old branch relocation process.

b) Technology Absorption

Your Bank has been proactively scrutinising and absorbing the latest technology-based innovations which have potential to empower its business functions, enrich its customer experience and optimise its readiness towards opportunities and challenges of the future. A few technology-driven reforms adopted recently by your Bank include deployment of solutions for automation and monitoring of DC/ DR drills from centralised consoles, implementation of enterprise-level proxy solution and upgrades to the Active Directory (AD) and Security Operations Centre (SOC) to strengthen the security posture of the Bank, enhancement of capacity under the private cloud architecture to adequately provide for future business growth, and digitisation of processes like one-time settlement of debt and over-the-counter investments in third party financial instruments aimed at ease of business. Your Bank has also taken steps to increase digital foot-prints/ touch-points by introducing new *'All in one'* mobile banking app for giving various services to customers.

While your Bank has already embarked upon implementation of various solutions like Early Warning Signal System (EWS) to contain fresh slippages and an Online Loan Review System for automation of the lending related processes, the Bank is also in the process of implementing many security initiatives like Enterprise DLP and Data Classification Solution, Honeypot Solution, Backup Solution for endpoints and encryption, Distributed Denial-of-Service (DDoS) prevention tool to protect internal threats etc. The Bank is also evaluating and exploring the absorption of nascent technologies like Chat Bots/ Voice Bots, Block Chain Technology, API Layer Integration, Artificial Intelligence and Robotic Process Automation to its competitive advantage in the near future. Details of other initiatives taken in the Information Technology ecosphere have been provided in the Management Discussion & Analysis section of this Annual Report.

c) Foreign Exchange Earnings and Outgo

During the year, the total foreign exchange earned by the Bank was ₹ 53.38 crore (excluding foreign currency cash flows in derivatives and foreign currency exchange transactions) and the total foreign exchange outgo was ₹ 87.16 crore towards the operating and capital expenditure requirements.

RBI's Prompt Corrective Action (PCA)

The RBI, vide its letter dated May 05, 2017, initiated PCA for your Bank in view of its high net Non-Performing Assets (NPA) and negative Return on Assets (ROA). The Bank has been taking necessary actions to comply with the RBI's directive in this regard. The Bank has also put in place a comprehensive turnaround strategy to improve its financial position. Furthermore, in compliance with the RBI directive with regard to restriction on fresh corporate exposure, the Bank has reviewed its internal credit policy and has been working towards limiting its corporate exposure.

Directors' Responsibility Statement

The Board of Directors, hereby, declares and confirms that:

a. In the preparation of the annual accounts, the applicable accounting standards had been followed along with proper explanation relating to material departures;

b. The Directors had selected such accounting policies and applied them consistently and made judgements and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for that period;

c. The Directors had taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of this Act for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities;

d. The Directors had prepared the annual accounts on a going concern basis;

e. The Directors had laid down internal financial controls to be followed by the Bank and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively; and

f. The Directors had devised proper systems to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

Acknowledgements

Your Bank's Board of Directors is sincerely grateful to the Government of India, Reserve Bank of India (RBI), all other statutory/ regulatory authorities and Life Insurance Corporation of India (LIC) for their valuable cooperation and guidance. The Board also acknowledges, with gratitude, the co-operation and support received from various State Governments and other banks/ financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their support. The Board takes this opportunity to put on record its deep sense of gratitude to its loyal shareholders and customers for extending their support during the year, and looks forward to their continued association in the years ahead. The Board appreciates the sincere and devoted services rendered by its entire staff and highly values their commitment towards the Bank.

[G. M. Yadwadkar]
Deputy Managing Director

[Rakesh Sharma]
Managing Director & CEO

Place: Mumbai
Date: May 30, 2019

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

कारोबारी परिवेश

उभरते व्यापार तनाव, वित्तीय तंगी तथा कुछ उभरती बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में आर्थिक विकास में आई नरमी के चलते कैलेंडर वर्ष 2018 में वैश्विक विकास की गति मंद रही. यही रुझान कैलेंडर वर्ष 2019 में भी जारी रहने की संभावना है. कुछ प्रमुख ईएमडीई में आर्थिक विकास की गति कम हो जाने व गहराते व्यापारिक तनाव और वित्तीय बाजार के दबावों के चलते कैलेंडर वर्ष 2019 में वैश्विक आर्थिक संभावनाओं पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं. जहां कुछ प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों ने अपनी नीतिगत दरों में यथास्थिति बनाए रखते हुए सजीव रुख अपनाया है, वहीं प्रत्याशित मंदी के साथ-साथ व्यापारिक तनाव का भी वैश्विक निवेशक के रुख पर असर पड़ेगा.

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी अनंतिम अनुमानों के अनुसार देशी मोर्चे पर भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2017-18 की 7.2% के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2018-19 में 6.8% रही, जो विगत पाँच वर्ष में सबसे कम है. क्षेत्र-वार विश्लेषण से यह पता चलता है कि भले ही उद्योग जगत में वर्ष के दौरान तेजी आई, लेकिन कृषि व सेवा क्षेत्र की मंदी ने कुछ हद तक इस गति पर पानी फेर दिया और इस प्रकार समग्र विकास की रफ्तार में मंदी ही आई.

वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि में कई अनुकूल कारणों से पुनः उछाल आने की संभावना है. सरकार के जारी रहने के कारण सुधार के उपायों को प्रोत्साहन मिलेगा, जो निवेश और उपभोग गतिविधियों को गति प्रदान करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं. इस प्रकार भारत में आर्थिक विकास को गति मिलेगी. जहां भारत की आर्थिक संवृद्धि को वैश्विक विकास और व्यापार में आई मंदी और वैश्विक वित्तीय बाजार की प्रत्याशित अस्थिरता जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा, वहीं आर्थिक सुधार के उपाय कुछ हद तक इन कारकों का असर कम करने में प्रभावी सिद्ध हो सकेंगे.

कारोबार समीक्षा

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपनी रणनीतिक प्राथमिकता के तहत कॉरपोरेट ऋण सहायता को सीमित कर आस्ति गुणवत्ता में सुधार लाते हुए अपने पोर्टफोलियो में रिटेल और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का सम्मिश्र रखने पर जोर दिया. अपने रणनीतिक प्रयासों के तहत बैंक ने जमाराशियों की लागत कम करने का लक्ष्य रखते हुए अल्प-लागत जमाराशि आधार हासिल करने पर विशेष ध्यान दिया. आपके बैंक ने रिटेल, कृषि और एमएसएमई (रैम) आस्ति बही, जोकि बहुविध प्रकृति के हैं, को बढ़ाने के लिए प्रयास किए. दूसरी ओर कॉरपोरेट आस्ति बही में सोच समझकर वृद्धि को सीमित किया ताकि बहुविध आस्ति सम्मिश्र हासिल हो सके. इन रणनीतिक उद्देश्यों के लिए कुछ नई पेशकश आरंभ की गईं और मौजूदा पेशकशों में ग्राहकों की जरूरतों के आधार पर कुछ नए फीचर जोड़े गए. बैंक अपने ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) और कारोबार आसूचना क्षमताओं को भी बेहतर कर रहा है ताकि ग्राहकों की पसंद समझते हुए लक्षित बिक्री अभियान चलाए जा सकें.

बैंक के रणनीतिक प्रयासों को तब और भी बल मिला, जब जनवरी 2019 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) इसका प्रमोटर बन गया. एलआईसी द्वारा बैंक की बहुलांश शेयरधारिता हासिल करने से उत्पन्न पारस्परिक सहक्रिया दोनों ही संस्थाओं के लिए बैंकाश्योरेंस, नकदी प्रबंधन व प्रीमियम कलेक्शन सेवाएं, निवेश व सलाहकार सेवाएं सरीखे भावी कारोबार के कई द्वार खुल गए हैं. आपके बैंक ने इन राजस्व उत्पन्न करने वाले कारोबार क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए आपसी सहयोग के क्षेत्र तय करने व रणनीति बनाने के लिए समर्पित टीमें तैयार की हैं.

चूंकि बैंक की कारोबार रणनीति में ग्राहक को केंद्र में रखा गया है, इसलिए बैंक अपने भौतिक नेटवर्क के साथ-साथ डिजिटल/ वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से ग्राहकों की आवश्यकताएँ पूरी कर रहा है ताकि ग्राहकों को निर्बाध सेवाओं का अनुभव देना सुनिश्चित किया जा सके. यथा 31 मार्च 2019 को आपके बैंक के नेटवर्क में 1892 शाखाएँ शामिल थीं जिनमें पूरे भारत में महानगरीय केंद्रों में 432 शाखाएँ, शहरी केंद्रों में 464 शाखाएँ, अर्ध शहरी केंद्रों में 585 शाखाएँ तथा ग्रामीण केंद्रों में 409 शाखाएँ (255 वित्तीय समावेशन शाखाओं सहित), दुबई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी), दुबई में एक समुद्रपारीय शाखा, गुजरात अंतरराष्ट्रीय वित्त टेक-सिटी (जीआईएफटी) में एक अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग इकाई (आईबीयू) तथा 3,700 एटीएम और 58 ई-लाउंज शामिल थे. मौजूदा अर्थव्यवस्था में डिजिटल व्यवस्था के बढ़ते महत्व को देखते हुए बैंक ने अपनी प्रक्रियाओं और सुपुर्दगी चैनलों के डिजिटलीकरण को प्राथमिकता दी है ताकि ग्राहकों को किसी भी समय और कहीं भी लेनदेन करने में सुविधा हो सके.

कारोबार संवृद्धि जारी रखने के अलावा बैंक आस्ति गुणवत्ता के सुस्त पड़े मामलों का उपचार करने के लिए भी हर संभव प्रयास कर रहा है, साथ ही आगे चलकर बेहतर आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कुछ व्यवस्थाएँ भी लागू कर रहा है. बैंक अधिकतम वसूली करने और गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) के उन्नयन के लिए सभी उपलब्ध विधिक व विनियामक संसाधनों का आक्रामक रूप से प्रयोग कर रहा है. अपनी आस्ति गुणवत्ता में आगे किसी भी किस्म की गिरावट रोकने के लिए एक समर्पित संग्रहण व वसूली वार रूम की स्थापना की गई है ताकि संग्रहण और वसूली की दिशा में केंद्रित व तीव्रतर प्रयास किए जा सकें. इसके अलावा आपका बैंक शुरुआती चेतावनी प्रणाली की व्यवस्था भी लागू कर रहा है ताकि अग्रिमों पर सूक्ष्म निगरानी रखते हुए उन्हें गिरावट से बचाया जा सके.

अपने सभी हितधारकों के मूल्यवर्धन के लिए स्थायी व लाभप्रद संवृद्धि सुनिश्चित करने हेतु बैंक अपने जोखिम प्रबंधन और कॉरपोरेट अभिशासन प्रक्रियाओं को मजबूत करने की पहल कर रहा है. आपके बैंक द्वारा लागू की गई विभिन्न नीतियाँ व दिशानिर्देश, सारगर्भित रूप में कॉरपोरेट अभिशासन और विनियामक अनुपालन के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित कर रही हैं. आपका बैंक रिटेल बैंकिंग के क्षेत्र में स्वयं को विश्वसनीय बैंक के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर कार्यरत रहेगा.

रिटेल बैंकिंग

रिटेल देयता उत्पाद

अपने मौजूदा और भावी ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और अधिक सुविधाजनक, समावेशी और उत्तरदायी बनाने के लिए आपके बैंक ने इस क्षेत्र के रुझानों, विनियामक परिदृश्य और ग्राहकों की अधिमान्यताओं में तेजी से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए नए बेहतर उत्पाद आरंभ करने के अलावा चालू खाता, बचत खाता और मीयादी जमा जैसे मौजूदा उत्पादों का उन्नयन जारी रखा.

आपके बैंक ने अपनी मौजूदा प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं की पहचान कर उनका डिजिटलीकरण कर दी जाने वाली सेवा में

सुधार करते हुए इससे जुड़ी लागतों को युक्तिसंगत किया.

लोक वित्तीय प्रबंध प्रणाली (पीएफएमएस) के अलावा आपके बैंक ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के साथ भी सफलतापूर्वक समन्वय किया जोकि केंद्र व राज्य सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) व संबद्ध निकायों के लिए आम तौर पर वस्तु व सेवाएं हासिल करने के लिए संपूर्ण समाधान है.

एलआईसी और आपके बैंक के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने एलआईसी के कर्मचारियों, एजेंटों और सहायक संस्थाओं के लिए कई करंट व वेतन प्रोडक्ट विशेष रूप से तैयार किए गए.

एनआरआई सेवाएं

आपका बैंक अनिवासी भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है और मूलभूत अनिवासी बाह्य (एनआरई) खाता, अनिवासी सामान्य (एनआरओ) खाता तथा विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर) जमाराशियों से लेकर एफसीएनआर जमाराशियों पर वायदा रक्षा, भारतीय सेकंडरी शेयर बाजार में निवेश के लिए पोर्टफोलियो निवेश योजना (पीआईएस), एनआरआई जमाराशियों की प्रतिभूति पर ओवरड्राफ्ट सुविधा, आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण तथा इसी प्रकार की अन्य सुविधाओं जैसे वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं का एक पूर्ण फलक प्रदान करते हुए उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता है. बैंक ने एनआरआई ग्राहकों की सहूलियत बढ़ाने के लिए दस्तावेजों की स्कैन कॉपी के आधार पर वेब-आधारित ऑनलाइन खाता खोलने की सुविधा आरंभ की है. आपका बैंक तीव्र, किफ़ायती और सुविधाजनक निधि अंतरण करने के लिए एनआरआई ग्राहकों को भारत में झंझट-रहित निधि प्रेषण के लिए कई विकल्प प्रदान करता है.

रिटेल आस्तियां

आपके बैंक ने अधिक संतुलित कारोबार संमिश्र को सुसाध्य बनाने के लिए बड़े रिटेल कारोबार पोर्टफोलियो को लक्षित करना जारी रखा. इसके अनुसरण में आपका बैंक वर्तमान में आवास ऋण, बंधक ऋण, वैयक्तिक ऋण, शिक्षा ऋण, ऑटो ऋण जैसे कई रिटेल आस्ति उत्पादों की श्रृंखला ऑफर करता है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक के संरचित रिटेल आस्ति (एसआरए) उत्पादों को 'सरल, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी' टैग लाइन के साथ 'सुविधा' के रूप में रि-ब्रैंड किया गया, जिससे बैंक को इस क्षेत्र के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में मदद मिल सकी. आपके बैंक के बहुविध विशिष्ट बिक्री प्रस्तावों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रिंट मीडिया में प्रचार अभियान चलाए गए.

आपके बैंक ने एलआईसी पॉलिसीधारकों, केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेरोल ग्राहकों के लिए रियायती ब्याज दरों पर विशेष एसआरए उत्पाद शुरू करने जैसे कई पहल कार्य किए. आपके बैंक ने उच्चतर क्रेडिट स्कोर वाले ग्राहकों के लिए वैयक्तिक ऋण और ऑटो ऋण पर रियायती ब्याज दर लगानी शुरू की. इसके अलावा आपके बैंक ने प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) - ऋण सहबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के तहत कई आवास ऋण उधारकर्ताओं को सब्सिडी लाभ प्रदान करवाए तथा साथ ही सरकार की कार्यसूची के अनुरूप शैक्षणिक ऋण संवितरण के लक्ष्य भी प्राप्त किए. आवास ऋण के अंतर्गत ₹ 35 लाख तक के ऋणों के लिए न्यूनतम ब्याज दर ऑफर की गई ताकि आपके बैंक के ऋण प्रस्ताव भी भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) के लिए संशोधित किए गए मानदंडों के अनुरूप किए जा सकें. त्वरित कार्यान्वयन समय (टीएटी) सुनिश्चित करने व उधारकर्ताओं को अपने ऋण आवेदनों की स्थिति पर निगाह रखने में मदद देने के लिए बैंक ने अपने एसआरए उत्पाद के लिए स्वचालित ऋण कार्रवाई प्रणाली (एएलपीएस) लागू की है.

क्रेडिट कार्ड

आपका बैंक विभिन्न नेटवर्क स्कीम के अंतर्गत पाँच क्रेडिट कार्ड वेरिएंट ऑफर करता है, जो इस प्रकार हैं: (क) रुपे स्कीम के तहत विनिंग्स सिलेक्ट; (ख) वीसा स्कीम के तहत रॉयल सिग्नेचर, एस्पायर प्लेटिनम और इम्पेरियम प्लेटिनम; तथा (ग) मास्टरकार्ड स्कीम के तहत यूफोरिया वर्ल्ड. उक्त कार्ड वेरिएंट विभिन्न ग्राहक खंडों को उनकी प्रोफाइल व आवश्यकता के आधार पर टैग किए जाते हैं.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने बाजार में अपने क्रेडिट कार्ड की पैठ जमाने के लिए अपने चुनिंदा मौजूदा ग्राहकों को पूर्व-अनुमोदित क्रेडिट कार्ड ऑफर किए.

72वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योजना आरंभ की गई, जिसके तहत आपके बैंक के क्रेडिट कार्डधारक 72 घंटों के लिए ₹720/- या इससे अधिक के प्रत्येक ई कॉमर्स लेन-देन के लिए 72 अतिरिक्त डिलाइट पॉइंट अर्जित कर सके. आपके बैंक ने अपने क्रेडिट कार्डों का अनुप्रयोग बढ़ाने और ग्राहक के मन में उस प्रोडक्ट की विशेष छवि बनाने के उद्देश्य से 'फेस्टिव डिलाइट' नामक एक ब्रैंड प्रॉपर्टी तैयार की है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 'फेस्टिव डिलाइट' अभियान के तहत दो अभियान चलाए, जिसके ज़रिये ग्राहक अतिरिक्त डिलाइट पॉइंट अर्जित कर सके. आपके बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को मर्चेन्ट डिस्काउंट के रूप में अतिरिक्त सुविधा भी ऑफर की.

डिजिटल बैंकिंग

आपका बैंक डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के 'डिजि धन मिशन' के तहत डेबिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस), डिजिटल पीओएस, इंटरनेट भुगतान गेटवे जैसे विभिन्न डिजिटल उत्पादों को प्रोत्साहित करने व इनका वितरण बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. ग्राहकों की सुविधा के लिए व उन्हें जागरूक करने हेतु आपके बैंक ने प्रत्येक शाखा में एक अधिकारी को 'डिजिटल गुरु के रूप में नामित किया है जो डिजिटल उत्पाद संबंधी तमाम पूछताछ के लिए एकल संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करेंगे. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक में वार्षिकीकृत आधार पर डिजिटल लेनदेन में 42%, मोबाइल बैंकिंग आधार में 182% तथा डेबिट कार्ड ग्राहक आधार में 7% संवृद्धि देखी गई.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग एप्प 'गो मोबाइल +' में कार्ड रहित नकदी आहरण, एसएमएस के ज़रिए त्वरित पंजीयन, त्वरित ओटीपी आधारित सक्रियन, डेबिट कार्ड कंट्रोल, ग्रीन पिन जनरेशन, मीयादी जमा बुक करना, वित्तीय कैलक्युलेटर, फॉरेक्स कार्ड दर आदि नए फीचर जोड़ते हुए इसे अद्यतन किया. आपके बैंक ने एटीएम के सक्रिय रहने की अवधि और उपलब्धता को बेहतर बनाने के लिए रणनीतिक पहल कार्य किए तथा एटीएम को युक्तिसंगत करने के लिए भी कदम उठाए ताकि इंटरचेंज आय अधिकतम की जा सके. इसके अलावा आपके बैंक ने ईएमवी चिप कार्ड स्वीकारने व एटीएम में एंटी-स्किमिंग डिवाइस को चरणबद्ध रूप में लगाने जैसे विभिन्न बेहतर सुरक्षा उपाय लागू करना आरंभ कर दिया है. आपके बैंक ने विनियामक मानदंडों के अनुपालन के तहत सभी मेगस्ट्रिप कार्डों को विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर ईएमवी चिप कार्ड के रूप में तब्दील कर दिया है. आपके बैंक ने ग्रीन पिन के रूप में कागजविहीन पिन जनरेट करने का एक समाधान आरंभ किया, जिसके तहत आईडीबीआई बैंक के डेबिट कार्डधारक एटीएम, आईवीआर, इंटरनेट बैंकिंग चैनल, एसएमएस और मिस्ड कॉल सुविधाओं के माध्यम से अपना डेबिट कार्ड पिन जनरेट कर सकते हैं.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज कीं. भारत सरकार के 'डिजि धन मिशन' के तहत आपके बैंक ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत भीम क्यूआर डिजिटल मर्चेंट की ऑन-बोर्डिंग में लक्ष्य से अधिक सफलता प्राप्त की. इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक दिनांक 28 फरवरी 2019 के अनुसार कुल 56 बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आपके बैंक को 9वां स्थान प्राप्त हुआ.

अन्य पक्ष उत्पाद तथा पूंजी बाजार उत्पाद

आपका बैंक अपने ग्राहकों के जोखिम प्रोफाइल तथा वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें मूल्य-योजित उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करता है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न अभियान चलाते हुए शुल्क आधारित आय बढ़ाने और स्वस्थ बिक्री संस्कृति का निर्माण करने पर विशेष जोर दिया. आपके बैंक ने भारत सरकार के बांड, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी)/ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) बांड, सॉवरिन गोल्ड बांड स्कीम और न्यू पेंशन स्कीम को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इस विषयक सेवाएं भी प्रदान कीं.

फरवरी 2019 में आपके बैंक ने एलआईसी के एक अतिरिक्त बैंकाश्योरेंस पार्टनर के रूप में अपनी शाखाओं के ज़रिए एलआईसी के बीमा उत्पादों की क्रॉस सेलिंग के लिए एलआईसी के साथ कॉरपोरेट एजेंसी करार किया. आपके बैंक ने एक समर्पित बैंका पोर्टल पर एलआईसी के उत्पादों को सफलतापूर्वक एकीकृत किया. एलआईसी के बहुविध उत्पाद से आपके बैंक के सभी ग्राहकों को मूल्य-वर्धित प्रस्ताव मिल रहे हैं.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक को नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की 33 वीं डीपी कॉन्फ्रेंस में पीएसयू बैंक श्रेणी के तहत सर्वाधिक नए डीमैट खाते खोलने के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सस्ती लागत पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से उपयुक्त वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को प्रोत्साहित करने में नीति-निर्माताओं के साथ भागीदारी में तत्पर रहा है. बैंक की वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) वित्तीय समावेशन के लिए सुसंगठित और योजनाबद्ध नजरिया प्रदान करती है. आपका बैंक वित्तीय समावेशन के अजेंडे को तीन प्रमुख क्षेत्रों अर्थात् उपयुक्त वित्तीय उत्पाद ऑफर करने, प्रौद्योगिकी का गहन उपयोग करने तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने पर केंद्रित करते हुए प्रवर्तित कर रहा है.

प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

आपके बैंक ने भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अर्थात् दुर्घटना बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), जीवन बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) तथा वृद्धावस्था पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में सक्रिय रूप से भागीदारी की है.

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ)

आपके बैंक ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी पैठ जमाकर बेहतर वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार (पीएसएल) देने के अपने कारोबार को समृद्ध करने के लिए कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) का नेटवर्क बढ़ाया है. बीसी (जिन्हें बैंक मित्र भी कहा गया है) के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें हैंड-हेल्ड डिवाइस उपलब्ध कराए गए जिनमें रुपे कार्ड स्वीकार करने तथा आधार-आधारित लेनदेन करने की सुविधा दी गई है. इसके अतिरिक्त, कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं के कौशल को बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने देशभर में विभिन्न स्थानों पर सभी बीसी/ बीएफ के लिए गहन प्रशिक्षण सत्रों/ कार्यशालाओं का आयोजन किया. इसके अलावा, आपके बैंक ने कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं को बैंकिंग लेनदेन करने तथा प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म पर कार्य करने हेतु तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए कार्य पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया.

वित्तीय साक्षरता

प्रभावी वित्तीय समावेशन के लिए वित्तीय साक्षरता को एक आधारभूत आवश्यकता के रूप में निर्धारित किया गया है, क्योंकि यह लाभार्थियों को उन्हें उपलब्ध वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने में सक्षम बनाती है. आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं में 'वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्र' नामक डेस्क स्थापित किए हैं जो विभिन्न बैंकिंग उत्पादों तथा भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में शाखा से बाहर आयोजित साक्षरता कैम्पों के ज़रिए आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं. आपके बैंक ने बैंक रहित/कम बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रों में ग्रामीण आबादी के बीच विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए हैं. आपके बैंक का महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) भी ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करता है ताकि वे स्व-रोजगार हेतु सक्षम हो सकें.

अन्य पहल कार्य

आपका बैंक भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ आधार नामांकन के लिए पंजीयक के रूप में पंजीकृत है. आपके बैंक ने केंद्रीय/राज्य सरकारों की प्रत्यक्ष कल्याण योजनाओं में सक्रियता से सहभागिता की है. इसके अलावा आपका बैंक बीसी चैनल के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण भी कर रहा है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

आपका बैंक आरबीआई के अधिदेश के अनुसार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) को उधार देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक ने सूक्ष्म उद्यमियों, प्रत्यक्ष गैर-कॉरपोरेट कृषि (डीएएनसी) तथा लघु व सीमांत कृषकों (एसएफएमएफ) के वित्तपोषण पर ध्यान दिया. बैंक ने कॉरपोरेट कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) चैनल के माध्यम से अपनी पहुँच को बढ़ाने का प्रयास जारी रखा है.

भारत सरकार की योजनाओं/ निर्देशों के अनुसार आपका बैंक अनुसूचित जाति (अजा) अनुसूचित जनजाति (अजजा) सहित अल्पसंख्यक समुदायों एवं कमजोर वर्गों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टैंड-अप इंडिया के तहत ऋण प्रदान करता रहा है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत मुख्य पहल कार्य

- स्वर्ण ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, (केसीसी) कृषि निवेश, सूक्ष्म उद्यम, एमएसएमई, मुद्रा, स्टैंड अप इंडिया आदि के तहत वित्तपोषण के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए.
- आपका बैंक 1 अक्तूबर 2018 से psbloansin59minutes.com नामक एक समर्पित पोर्टल पर लाइव हो गया है, जिसके द्वारा जीएसटी पंजीकृत उधारकर्ताओं को ₹ 1 करोड़ तक के एमएसएमई ऋण संपर्क रहित तरीके से मंजूर किए जाते हैं.
- आपके बैंक ने 27 जून 2018 को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस मनाया जिसमें विशेषीकृत शाखाओं द्वारा ग्राहकों से मुलाकात की गई

ताकि ग्राहक बैंक की सेवाओं और सुविधाओं के संबंध में अपने विचार साझा कर सकें.

- आपके बैंक ने 2 जुलाई 2018 को महान चिकित्सक, डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में तथा समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चिकित्सकों की स्मृति में चिकित्सक दिवस मनाया. आपके बैंक के अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं में बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में जानकारी देने के लिए चिकित्सकों के साथ बैठकें आयोजित की गईं.
- आपके बैंक ने जोखिम वाले तरीके से उधार देने के लिए ₹ 0.1 करोड़ से ₹ 10 करोड़ तक की सीमा वाले एमएसएमई मामलों के लिए लागू सिबिल एमएसएमई रैंक (सीएमआर) की शुरुआत की है.
- आपके बैंक ने एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए क्रेडिट प्लस सेवाएं शुरू की हैं जिससे उधारकर्ता सेवा प्रदाता की चुनिंदा शाखाओं के माध्यम से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई), आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि. (आईसीएमएस) और डन एवं ब्रैडस्ट्रीट की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं.
- आपके बैंक ने विशेषीकृत एमएसएमई शाखाओं के 20 शीर्ष ग्राहकों के लिए समर्पित संबंध प्रबंधकों की अवधारणा शुरू की है.
- आपके बैंक ने कुछ एमएसएमई क्लस्टरों की पहचान कर उन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है, जो बैंक के पीएसएल कारोबार को बेहतर बनाने में सहायता करेंगे.
- आपके बैंक ने कार्रवाई में लगने वाले समय में तेजी लाने के लिए मौजूदा एप्लिकेशन फॉर्म और मूल्यांकन फॉर्मेट को सरल बनाया है.

कॉरपोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो में बिजली, तेल व गैस, वस्त्र, दूरसंचार, सीमेंट, इस्पात, इंजीनियरिंग, निर्माण, कागज और कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बिजली उपकरण, चीनी, रसायन, ऑटोमोबाइल, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एक्सपोजर शामिल है.

कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए आपके बैंक के आस्ति उत्पाद समूह में मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी (निधि आधारित एवं गैर निधि आधारित दोनों), निर्यातकों को पैकिंग ऋण, प्राप्य राशियों की खरीद, बिल भुनाई, आदि शामिल हैं. कॉरपोरेट बैंकिंग के अंतर्गत आपका बैंक डीलरों/कॉरपोरेट वेंडरों, आदि के लिए चैनल वित्तपोषण एवं वेंडर वित्तपोषण जैसे उत्पादों को ऑफर करते हुए प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार पर पर्याप्त जोर देता है. आपके बैंक की कॉरपोरेट बैंकिंग टीम उपयुक्त उत्पाद विकसित करने तथा उपयुक्त समाधान के लिए रिटेल बैंकिंग, संव्यवहार बैंकिंग, ट्रेजरी आदि जैसी अन्य विशेषीकृत टीमों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ कर कार्य करती है ताकि कॉरपोरेट ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके.

अपनी रूपांतरण योजना के अनुरूप आपका बैंक सोच-विचार कर अपनी कॉरपोरेट ऋण बही में वृद्धि को सीमित कर रहा है जिससे इसे कम पूंजी वाले कारोबार मॉडल में परिवर्तित होने में मदद मिलेगी तथा साथ ही इसके कारोबार पोर्टफोलियो में जोखिम कम हो सकेगा.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने नई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) पर नियंत्रण करना और मौजूदा क्षतिग्रस्त आस्तियों से वसूली पर जोर देना जारी रखा. मार्च 2019 के अंत में आपके बैंक की कुल आस्तियों में 72.53% अर्जक आस्तियां और 27.47% अनर्जक आस्तियां (जिसमें 11.26% अवमानक आस्तियां, 85.61.% संदिग्ध आस्तियां और 3.13% हानि आस्तियां शामिल हैं) थीं. मौजूदा विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रर्याप्त प्रावधान किये गए तथा विवेकपूर्ण दृष्टिकोण के साथ, बैंक ने प्रावधान कवरेज अनुपात को 31 मार्च 2018 के 63.40% से बढ़ाकर 31 मार्च 2019 में 82.88% कर दिया है.

वर्ष के दौरान क्षतिग्रस्त आस्तियों से 7,850.49 करोड़ रुपये की राशि की वसूली और उन्नयन किया गया जिसमें बैंक की अंतिम स्तर पर एनपीए राशि यथा 31 मार्च 2019 को 50,027.94 करोड़ रुपये हो सकी.

आपके बैंक ने रिटेल आस्ति पोर्टफोलियो में नपी-तुली संवृद्धि के लिए एक बहु-आयामी सक्रिय रणनीति तैयार की है, जिसके साथ बेहतर ऋण हामीदारी मानक बनाने और निगरानी करने, दबावों की जल्द पहचान करने तथा एनपीए के समाधान और वसूली जैसी बातें भी जोड़ी गई हैं. बैंक ने पॉलिसी दिशानिर्देशों की समीक्षा कर इनमें संशोधन किए हैं तथा आंकड़ों की समय पर उपलब्धता/ विश्लेषण आधारित गतिविधि के लिए उच्च मूल्य वाले खातों से वसूली के लिए प्रकरण विशेष हेतु रणनीति के साथ निगरानी व सुनियोजित समीक्षा करने के लिए तथा रिटेल एनपीए के संबंध में सतत् व समय पर कार्रवाई के लिए एमआईएस के इष्टतम उपयोग हेतु प्रणाली को विकसित/ मजबूत किया है.

आपके बैंक ने सकेंद्रित खाता विशेष आधारित समाधान कार्य-योजना और गहन निगरानी के लिए कॉरपोरेट एनपीए एकत्र करने हेतु आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने और ध्यान देने के लिए एनपीए प्रबंधन समूह नामक एक समर्पित वर्टिकल बनाया है. रिटेल खंड के एनपीए की निगरानी, पर्यवेक्षण करने और वसूली अभियान चलाने के लिए एनएमजी के भीतर वार रूम सहित एक समर्पित टीम का गठन किया गया है, जो रिटेल एनपीए में वसूली के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करती है. कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन मामलों के लिए एक समर्पित केंद्रित डेस्क की स्थापना की गई है, जिसने विभिन्न टीमों के फील्ड से जुड़े तथा विभिन्न जटिलताओं का सामना करने में आए अनुभवों को अंगीकार करते हुए व्यापक नजरिया प्रदान किया है.

आपके बैंक ने एकबारीय निपटान को मुद्रा का सामयिक मूल्य प्राप्त करने के साधन के रूप में एन्हेन्स्ड एक्सेस एण्ड सर्विस एक्सीलेंस (ईज़) कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार 'ओटीएस प्रबंधन प्रणाली' शुरू की है. ओटीएस प्रबंधन प्रणाली बैंक की वेबसाइट के ज़रिए वसूली को ट्रैक करने सहित ओटीएस प्रस्ताव की प्रोसेसिंग को शुरू से अंत तक सक्षम बनाने के साथ ही ओटीएस आवेदन प्रस्तुति की सुविधा देती है. आपके बैंक ने तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों (टीडब्ल्यूओ)/ कम मूल्य के एनपीए के लिए भेदभाव रहित और हस्तक्षेप रहित ओटीएस योजना सफलतापूर्वक शुरू की है.

आपके बैंक ने लागू कानूनों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) के अधीन प्रवर्तन कार्रवाई, ऋण वसूली न्यायाधिकरण /न्यायालयों के साथ निरंतर फॉलो-अप को भी बनाए रखा जिसके लिए समर्पित विधि अधिकारी की नोडल अधिकारी के रूप में तैनाती शामिल है ताकि बिना किसी विलंब के वसूली प्रमाणपत्र/डिक्री प्राप्त की जा सके और उसका निष्पादन हो सके.

आपके बैंक ने 222 मामलों का वर्गीकरण इरादतन चूककर्ता के रूप में किया है तथा ऐसे उधारकर्ताओं/प्रवर्तकों/निदेशकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की पहल की है. 31 मार्च 2019 के अनुसार बैंक ने 8 मामलों में असहयोगी उधारकर्ताओं की घोषणा की है.

ऋण निगरानी समूह

ऋण निगरानी समूह (सीएमजी) की स्थापना दबाव के आरंभ होने की निगरानी, ऋण प्रशासन मानदंडों की निगरानी और संरचित ऋण की समीक्षा जैसे मुख्य उद्देश्यों के साथ मई 2017 में की गई थी.

सीएमजी विशेष उल्लिखित खातों (एसएमए) संभावित अनर्जक खातों (एनपीए) और नियमित खातों की पहचान करता है जो दबाव के संबंध में आरंभिक चेतावनी संकेत दर्शाते हैं. सीएमजी ने अत्यंत जोखिम वाले खातों की पहचान के लिए एक

आंतरिक भविष्य सूचक मॉडल विकसित किया है जो चुनिंदा खंडों में पूर्व-एसएमए स्तर पर भी इनकी पहचान कर सकता है. इन खातों में एनपीए के रूप में गिरावट को रोकने के लिए गहन अनुवर्ती कार्रवाई और निगरानी की गई है. सीएमजी के ऑनलाइन पोर्टल के पास आस्ति निगरानी टूल 'सजग' और 'एसएमए ऐक्शन ट्रैकर' है जो वास्तविक समय में शाखाओं को एसएमए, संभावित एनपीए, ईडब्ल्यूएस खातों, अत्यंत जोखिम वाले खातों तथा विचाराधीन ऋण प्रशासन मानदंडों (सीएपी) के विवरण प्रदान करता है. फील्ड स्टाफ द्वारा वसूली कार्रवाइयां एसएमए ऐक्शन ट्रैकर द्वारा कैप्चर की जाती हैं तथा सीएपी अद्यतन कार्रवाइयां 'सजग' द्वारा कैप्चर की जाती हैं जो वास्तविक समय के आधार पर इन खातों की निगरानी के लिए सक्षम बनाता है. बैंक व्यापी एक व्यापक स्वचालित पूर्व चेतावनी प्रणाली कार्यान्वयन के अधीन है जो अत्यंत जोखिम वाले खातों की पहचान और पूर्व एसएमए स्तर पर खातों में दबाव के आरंभिक लक्षण की पहचान के लिए बैंक की क्षमता को अधिक बढ़ाएगी.

ऋण मंजूरी की प्रभावकारिता के संबंध में समय पर फीडबैक पोर्टफोलियो गुणवत्ता में आरंभिक गिरावट की पहचान के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई, पूर्व चेतावनी संकेतों का पता लगाने और ऋण प्रशासन मानदंडों के अनुपालन के संबंध में संरचित ऋण समीक्षा कार्यप्रणाली तैयार की गई है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक ने 39 श्रेणी-बी प्राधिकृत डीलर व्यापार वित्त (टीएफ) केंद्रों और 177 प्राधिकृत रिटेल व्यापार वित्त शाखाओं के माध्यम से संचालित व्यापार वित्त कारोबार में प्रभावशाली वृद्धि दिखाना जारी रखा.

बैंक के सतत चल रहे डिजिटल रूपान्तरण के एक भाग के रूप में, सुरक्षा नियंत्रण उपायों में बढ़ोतरी तथा साथ ही परिचालनगत दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए लेनदेन की प्रक्रिया-प्रवाह को स्वचालित करने हेतु समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कई आईटी पहल कार्यों की शुरुआत की गई है.

आपके बैंक को भारतीय रुपये में इंडो-ईरान व्यापार निपटान के लिए भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त हुआ है जिसमें तेल और गैर-तेल लेनदेन दोनों ही शामिल हैं. इस अधिदेश का उद्देश्य दोनों देशों के निर्यातकों को उनके व्यापार निपटान में सुविधा प्रदान करना है.

आपके बैंक ने एक सुरक्षित आईटी प्लेटफॉर्म पर भारतीय शाखाओं के व्यापार वित्त लेनदेन के के संबंध में स्विफ्ट परिचालन के प्रबंधन के लिए सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई में केंद्रीकृत स्विफ्ट सेल (सीएससी) स्थापित किया है.

आपके बैंक ने 1,000 से भी अधिक विदेशी बैंकों के साथ मिलकर रिलेशनशिप मैनेजमेंट एप्लिकेशन (आरएमए) स्थापित किए हैं. इस विस्तारित नेटवर्क के ज़रिए अब आपका बैंक दुनिया भर में प्रमुख भौगोलिक स्थानों पर द्विपक्षीय व्यापार लेनदेनों की सुविधा प्रदान करता है.

स्ट्रेट थ्रू ऑनलाइन भुगतान प्रोसेसिंग तथा भुगतान संदेशों की गुणवत्ता में आपके बैंक की परिचालनगत क्षमता को स्वीकारते हुए सिटी बैंक तथा ड्यूश बैंक ने यूएस डॉलर भुगतान के लिए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) श्रेणी के अंतर्गत आपके बैंक को 'परफॉर्मेंस एक्सिलेन्स अवार्ड' से सम्मानित किया है.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों और भुगतानों का प्रबंध करने हेतु उनके लिए एजेंट के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक केंद्र सरकार के करों (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) और साथ ही वस्तु एवं सेवा कर तथा 23 राज्य सरकारों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सरकारी प्राप्तियों के भुगतान को संग्रहित करने के लिए प्राधिकृत है. आपका बैंक कर भुगतानों के लिए 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधा प्रदान करता है. आपके बैंक ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए कर वसूली के क्षेत्र में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और प्राधिकृत निजी क्षेत्र के बैंकों के बीच तीसरा स्थान प्राप्त किया.

आपके बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से संबंधित ऑनलाइन वसूली करने के लिए परिचालन शुरू किया है. आपका बैंक भारत सरकार द्वारा अपनी शाखाओं के माध्यम से छोटी बचत योजनाओं अर्थात् लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और सुकन्या समृद्धि खाता योजना (एसएसए) ऑफर करने के लिए भी प्राधिकृत है. आपका बैंक जीवन प्रमाण पोर्टल का डिजिटली उपयोग करते हुए केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा भी प्रदान करता है.

नकदी प्रबंधन सेवाएं

आपका बैंक नकदी प्रबंधन सेवाओं (सीएमएस) के रूप में वसूली और भुगतान उत्पादों की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है. आपके बैंक की सीएमएस प्रणाली ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और साथ ही परिचालनगत क्षमता में सुधार के लिए आवधिक आधार पर अद्यतन की जाती है. आपका बैंक राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच), वर्चुअल खाता सुविधा, जनोपयोगी सेवा भुगतानों, प्रत्यक्ष नामे सुविधाओं और अन्य ग्राहक-अनुकूल ई-समाधान जैसे विविध समाधान प्रदान करता है जिन्हें ग्राहक प्रणालियों के साथ तकनीकी रूप से एकीकृत (होस्ट-टू-होस्ट) किया गया है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने 1,900 से अधिक भुगतान ग्राहक वाले 300 से भी अधिक कॉरपोरेट को नकदी और चेक संग्रहण की सुविधा प्रदान की. आपका बैंक भारतीय रेलवे की ई-मालभाड़ा भुगतान प्रणाली में सहभागिता के लिए प्राधिकृत है तथा 49 कॉरपोरेट ग्राहकों के साथ 12 अंचलों में ई-मालभाड़ा संग्रहण के लिए कारोबार पहले ही आरंभ कर चुका है. आपके बैंक को दक्षिण रेलवे के भुगतान कारोबार को संभालने के लिए प्राधिकृत किया गया. वर्ष के दौरान आपके बैंक को लाभांश वितरण/बांडों पर ब्याज भुगतान के 323 अधिदेश प्राप्त हुए.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने एलआईसी के पॉलिसीधारकों को वार्षिकी भुगतान तथा अन्य प्रबंधन व्ययों के भुगतान के संबंध में उनके 11 मंडलों को सुविधाएं प्रदान की. आपके बैंक ने अपनी शाखाओं के माध्यम से एलआईसी के पॉलिसीधारकों से बीमा प्रीमियम संग्रहण के लिए आईडीबीआई रैपिड पे का भी शुभारंभ किया.

आपका बैंक, भारत बिल पेमेंट (बीबीपीएस) के माध्यम से जनोपयोगी सेवा बिल के भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए भी प्राधिकृत है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें निधियों के प्रभावी प्रबंधन तथा ट्रेजरी परिचालन के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी ट्रेडिंग परिचालनों से संबंधित कार्य किए जाते हैं. आपके बैंक ने नियमित रूप से विभिन्न बाज़ारों को ट्रैक किया तथा व्यापार लाभों के लिए स्वीकार्य स्थितियों के स्तर को अपनाया.

ट्रेजरी, आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक निधि अनुपात (एसएलआर) की विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुपालन के लिए जिम्मेदार है. जमाराशियों को जुटाने के अतिरिक्त, आपके बैंक ने तुलन पत्र प्रबंधन और देयताओं की परिपक्वता के लिए चलनिधि प्रबंधन हेतु विविध लिखतों का प्रयोग किया है. चलनिधि की स्थिति का मूल्यांकन नियमित रूप से सक्रियता के साथ किया गया और निधि निर्भरता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ट्रेजरी द्वारा विभिन्न अल्पावधि/ मुद्रा बाजार लिखतों तथा आरबीआई की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), मीयादी रेपो दर, खुले बाजार परिचालन जैसी सुविधाओं के माध्यम से इसका प्रबंध किया गया. बैंक ने उच्च लागत वाली जमाराशियों पर अपनी निर्भरता को कम करने का सचेतन प्रयास किया.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर), चलनिधि जोखिम निगरानी टूल्स और उन्नत चलनिधि जोखिम

प्रबंधन के लिए एलसीआर प्रकटन मानकों को शामिल करते हुए चलनिधि मानकों के लिए बासेल III रूपरेखा को कार्यान्वित किया है तथा वर्ष के दौरान उच्च गुणवत्ता वाली चल आस्तियों का पता लगाने के लिए विक्रेयता-क्षमता परीक्षण किया.

आपके बैंक की ट्रेजरी अपने कॉरपोरेट और रिटेल ग्राहकों का ध्यान रखने के लिए देश भर के 17 केंद्रों पर विदेशी मुद्रा और डेरिवेटिव उत्पादों के प्रभावी विपणन के लिए एक सेल्स टीम द्वारा समर्थित है और इसने उन्हें मुद्राओं और दरों में उनके एक्सपोजर के प्रभावी प्रबंधन के लिए समाधान प्रदान करने हेतु उनके साथ सक्रिय रूप से कार्य किया है. विदेशी मुद्रा कारोबार बढ़ाने और वर्तमान संबंधों को मजबूत बनाने के लिए रिटेल एवं कॉरपोरेट संबंधों पर पकड़ बनाने हेतु कई अभियान चलाये गए.

परिचालनगत जोखिम प्रबंधन के एक भाग के रूप में आपका बैंक सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई में ट्रेजरी कारोबार निरंतरता केंद्र का संचालन करता है. केंद्र के पास एकीकृत परिचालन की सुविधा है जिसमें विविध बाजार खंड शामिल हैं तथा यह ट्रेजरी के फ्रंट कार्यालय, बैक कार्यालय और मिड कार्यालय संबंधी कार्यों का परिचालन कर सकता है.

सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) के रिटेल कारोबार और विशेषकर स्क्रीन आधारित तयशुदा लेनदेन प्रणाली-ऑर्डर मिलान (एनडीएस-ओएम) के बाहर लेनदेन के लिए निवेशकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर आपके बैंक के पास विभिन्न केंद्रों पर ऋण सेल्स टीम है. इसके साथ ही आरबीआई के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक द्वितीयक बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों के ऑनलाइन व्यापार के लिए गिल्ट खाताधारकों (जीएएच) को वेब आधारित एनडीएस-ओएम की सुविधा प्रदान करता है. ट्रेजरी बैंक के पास अपने खातों का रखरखाव करने वाले गिल्ट खाताधारकों (जीएएच) को ग्राहकों की सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) सेवा भी प्रदान करता है.

आपके बैंक की ट्रेजरी ने नवोन्मेषी वित्तीय समाधान लागू करने में अग्रणी रहना जारी रखा जो अप्रत्यक्ष रूप से बाजार के विकास में सहयोग करती है. आपके बैंक की *'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक'* पोर्टल ने ऑनलाइन और एटीएम के माध्यम से जी-सेक खरीदने के लिए रिटेल निवेशकों को सुविधा प्रदान करना जारी रखा.

प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार में आपके बैंक ने टी-बिल खंड सहित भारत सरकार द्वारा जुटाए गए विभिन्न अवधियों के ऋण की विनियामक रूप से अपेक्षित राशि की हामीदारी की है. आपके बैंक ने नीलामी बोली प्रक्रियाओं में भाग लेकर निधियाँ जुटाने में विभिन्न राज्य सरकारों को सहायता भी प्रदान की है. प्राथमिक व्यापारी कार्यकलाप के एक भाग के रूप में आपका बैंक सरकारी प्रतिभूतियों के लिए अनकदी/अर्ध नकदी के संबंध में बाजार का निर्माण करने संबंधी कार्यों में शामिल रहा है.

ट्रेजरी परिचालन में सक्रिय खिलाड़ी होने के कारण, आपका बैंक एफबीआईएल पोल्ड टर्म माइबोर एवं एफबीआईएल पोल्ड एफसी-रुपी ऑप्शन वोलेटिलिटी के संबंध में फाइनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) के लिए वित्तीय बेंचमार्क हेतु एक प्रस्तुतकर्ता बना रहा.

सीमा पार शाखाएँ

आपके बैंक की दो अंतरराष्ट्रीय शाखाएं हैं जिसमें एक दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में है और एक गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में है.

डीआईएफसी, दुबई में स्थित आपके बैंक की शाखा विदेश में पहली शाखा है और परिचालन के नौ वर्ष पूरे कर चुकी है. भारतीय ग्राहकों की भारतीय परिचालनों के साथ-साथ विदेशी उद्यमों के लिए निधिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डीआईएफसी शाखा बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), विदेशी मुद्रा ऋण (एफसीएल), ईसीबी/एफसीएल समूहन और व्यापार वित्त उत्पाद जैसी कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाओं की श्रृंखला प्रदान करने के अलावा डीआईएफसी शाखा, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से बाहर और अन्य गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) से परिचालन करने वाले स्थानीय उद्यमियों को कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है.

आपके बैंक ने मई 2016 में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में स्थित भारत के अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में अपनी पहली आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू) खोली. विदेश में परिचालन को तर्कसंगत बनाने के संबंध में सरकार के निर्देशों और बैंक की रूपांतरण कार्य-योजना के आधार पर इसे तर्कसंगत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं.

रुपया उधार राशियों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	क्रिसिल		इक्रा			इंडिया रेटिंग	
को संशोधित	नवंबर 2018	जनवरी 2019	मई 2018	अगस्त 2018	मार्च 2019	जून 2018	नवंबर 2018
सावधि जमाराशियां	एफएए / स्टेबल	एफएए/ स्टेबल	एमएए- / निगेटिव	एमएए- / निगेटिव	एमएए- / निगेटिव	इंड टीएए-/ निगेटिव	इंड टीए#
अल्पावधि उधार राशियां (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1	[इक्रा] ए1	[इक्रा] ए1	इंड ए1+	इंड ए1
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टियर II बांड)	क्रिसिल ए1+/स्टेबल	क्रिसिल ए+/स्टेबल	[इक्रा] ए/ निगेटिव	[इक्रा] ए/ निगेटिव	[इक्रा] ए/ निगेटिव	इंड एए-/ निगेटिव	इंड ए#
हाइब्रिड - अपर टियर II बांड	क्रिसिल ए-@	क्रिसिल ए-/स्टेबल	[इक्रा] बीबीबी+/ निगेटिव	[इक्रा] बीबीबी+@	[इक्रा] बीबीबी+/ निगेटिव	इंड बीबीबी -/ निगेटिव	इंड बीबीबी -#
हाइब्रिड - आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल ए-@	क्रिसिल ए-/स्टेबल	[इक्रा] बीबीबी+/ निगेटिव	[इक्रा] बीबीबी+@	[इक्रा] बीबीबी+/ निगेटिव	---	---
हाइब्रिड एटी1 बांड (बासेल III)	वापस लिया	वापस लिया	वापस लिया	वापस लिया	वापस लिया	वापस लिया	वापस लिया
टियर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल ए+/स्टेबल	क्रिसिल ए+/स्टेबल	[इक्रा] ए(हाइब्रिड)/ निगेटिव	[इक्रा] ए(हाइब्रिड)/ निगेटिव	[इक्रा] ए(हाइब्रिड)/ निगेटिव	इंड एए-/ निगेटिव	इंड ए #

@ -विकसित होती जटिलताओं के साथ रेटिंग वॉच

 # -रेटिंग वॉच निगेटिव

नोट - केयर ने पूर्व आईडीबीआई होम फाइनेंस से संबंधित 50 करोड़ रुपये के लोअर टियर II बांड की रेटिंग केयर ए /स्टेबल के रूप में की है. ये बांड 27 मार्च 2019 को परिपक्व हो चुके हैं.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार दोनों के लिए ऋण की रेटिंग प्राप्त करता है. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान रेटिंग में परिवर्तन यथा 31 मार्च 2019 को रुपया संसाधनों के लिए वर्तमान रेटिंग के साथ निम्नानुसार है :

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग दो अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् फिच रेटिंग्स (फिच) तथा एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा की जाती है. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान दीर्घावधि विदेशी मुद्रा रेटिंग और आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) तथा स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी) में परिवर्तन और यथा 31 मार्च 2019 को वर्तमान रेटिंग निम्नानुसार हैं :

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	संशोधन की तारीख	
फिच रेटिंग	**मई 2018**	**नवंबर 2018**
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबी+/स्टेबल	बीबी+/स्टेबल
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	सीसीसी (रेटिंच वाच के अंतर्गत)	सीसीसी

श्रेणी निर्धारित लिखत	संशोधन की तारीख	
एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग	**अगस्त 2018**	**जनवरी 2019**
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (सीआर)	बीबी/नकारात्मक जटिलताओं के साथ क्रेडिट वॉच	बीबी/स्टेबल
स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफ़ाइल (एसएसीपी)	बी-	बी-

दीर्घावधि रुपया उधार राशियाँ

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने घरेलू बाजार में कोई नया बांड जारी नहीं किया. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने बासेल II अनुपालन अपर टियर II बांड के संबंध में कुल ₹ 1,500 करोड़ और नवोन्मेषी स्थायी कर्ज लिखत (आईपीडीआई) बांड के संबंध में कुल ₹ 332 करोड़ तक के क्रय विकल्प का प्रयोग किया.

विदेशी मुद्रा संसाधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कारोबार पुनर्गठन के एक भाग के रूप में, आपके बैंक ने अपेक्षित विनियामकीय अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भारत से संबंधित 1,637.50 मिलियन यूएस डॉलर की सकल आस्ति को अपनी डीआईएफसी शाखा, दुबई से आईबीयू गिफ्ट सिटी शाखा में भेजा. मध्यावधि नोट (एमटीएन) बांडों की 4 बकाया श्रृंखलाओं सहित तदनुरूपी अनुकूल देयताओं को भी डीआईएफसी शाखा, दुबई से आईबीयू, गिफ्ट सिटी शाखा को भेजा गया.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अल्पावधि चलनिधि और निधीयन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपके बैंक की विदेश शाखाओं ने अल्पावधि उधार राशियों के माध्यम से विदेशी मुद्रा में कुल 570 मिलियन यूएस डॉलर जुटाए.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 1,061 मिलियन यूएस डॉलर की दीर्घावधि विदेशी मुद्रा उधार राशियों का सफल मोचन किया जिसमें 571 मिलियन यूएस डॉलर के द्विपक्षीय ऋण और 490 मिलियन यूएस डॉलर के एमटीएन बांड शामिल हैं.

31 मार्च 2019 के अनुसार एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत आपके बैंक का कुल बकाया 1,000 मिलियन यूएस डॉलर था.

जोखिम प्रबंध

बासेल मानकों का कार्यान्वयन

आपका बैंक बासेल III मानदंडों के अंतर्गत पिलर - 1 दिशानिर्देशों के अनुपालन में तिमाही आधार पर ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामकीय पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों को 31 मार्च 2016 से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखना अनिवार्य है. दिनांक 10 जनवरी 2019 की आरबीआई की अधिसूचना, जिसके द्वारा बासेल III पूंजी विनियमों की संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं की व्यवस्था की गई थी, के अनुसार 31 मार्च 2019 के लिए लागू सीसीबी 1.875% थी. तदनुसार यथा 31 मार्च 2019 को 'कुल पूंजी + सीसीबी' की न्यूनतम विनियामकीय अपेक्षा 10.875% थी. यथा 31 मार्च 2019 को आपके बैंक का 'कुल पूंजी + सीसीबी' 11.58% था. इसी प्रकार आपके बैंक का 'कॉमन इक्विटी टियर I (सीईटी 1) + सीसीबी' अनुपात 8.91% था, जबकि विनियामकीय अपेक्षा 7.375% है.यथा 31 मार्च 2019 को आपके बैंक का 'टियर-I + सीसीबी' अनुपात 9.13% हो गया जबकि विनियामकीय अपेक्षा 8.875 % है.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर - 2 मानदंडों के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. यह नीति आपके बैंक को पिलर - 1 के अंतर्गत न आने वाले जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना करने तथा सामान्य और दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों का प्रबंध करने और उन्हें कम करने के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ विकसित करने में समर्थ बनाती है. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दबाव परीक्षण ढांचा भी कार्यान्वित किया है. दबाव परीक्षण ढांचा आपके बैंक को असाधारण किन्तु तर्कयुक्त घटनाओं की स्थिति में क्षमता का आकलन करने में और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए उपयुक्त सक्रिय रणनीतियाँ लागू करने में सहायता करता है. इस ढांचे को परिदृश्य विश्लेषण और विपरीत दबाव परीक्षण के समावेश द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मजबूत किया गया है. बैंक की पूंजी स्थिति और लाभप्रदता पर प्रतिकूल समष्टि अर्थशास्त्र संकेतकों के संभावित प्रभाव के अध्ययन के लिए परिदृश्य विश्लेषण किया गया है. विपरीत दबाव परीक्षण की कार्यप्रणाली को दबाव के स्तर, जो पूर्वनिर्धारित न्यूनतम स्तर तक लाने के लिए पूंजी को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकता है, का पता लगाने के लिए ढांचे में जोड़ा गया है.

आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के तहत पिलर - 3 आवश्यकताओं के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार, प्रत्येक तिमाही के अंत में आपके बैंक की वेबसाइट पर प्रकटन प्रदर्शित किए जाते हैं जो उच्च स्तरीय पारदर्शिता प्रदर्शित करता है.

आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामक पूंजी प्रभार गणना के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का अनुसरण करता है. प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था के लिए विभिन्न कारोबारी खंडों में मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) का व्यापक सेट तथा जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन रूपरेखा (आरसीएसए) उपलब्ध कराई गई हैं. बाजार जोखिम के लिए, आपका बैंक विनियामक पूंजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है.

ऋण जोखिम

आपके बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली में ऋण प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम) और पूंजी निर्धारण के स्वचालन के लिए पूंजी निर्धारण मॉडल (सीएएम) शामिल है. ऋण नीति दस्तावेज की बदलते कारोबारी उद्देश्यों तथा आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप समीक्षा की जाती है. यह कारोबारी वर्टिकलों के लिए मार्गदर्शक साधन है.

बाजार जोखिम

कार्य तथा कारोबार स्थितियों के संदर्भ में आपके बैंक में बाजार जोखिम प्रबंधन बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति तथा निवेश नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुरूप परिचालित होता है. सामान्यतः ये नीतियां जोखिम वहन क्षमता के उपयुक्त स्तरों की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं तथा जोखिमों व अपवादों के मापन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि के आकलन के लिए प्रक्रिया लागू करती हैं. बाजार जोखिमों का प्रबंधन करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने निगरानी और रिपोर्टिंग टूल सहित उपयुक्त जोखिम प्रबंधन प्रणालियाँ कार्यान्वित की हैं. इसके साथ ही आपके बैंक ने 2018-19 में स्वचालन प्रक्रिया और जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के माध्यम से निगरानी और विनियामकीय रिपोर्टिंग को फिर से लागू किया है. ये कार्यकलाप बाजार जोखिम मापन और नियंत्रण की मजबूती को बढ़ाते है. संकेंद्रण जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न एक्सपोजर सीमाएं तय की गई हैं. सभी निर्धारित सीमाओं तथा सभी प्रक्रियाओं की गहन निगरानी ट्रेजरी के फ्रंट और बैक ऑफिस से स्वतंत्र ट्रेजरी मिड ऑफिस द्वारा की जाती है.

चलनिधि प्रबंध

बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति में किए गए उल्लेख के अनुसार सुसंगठित चलनिधि जोखिम प्रबंध ढाँचा है. बैंक की आस्ति-देयता प्रबंध समिति (आल्को) व्यवसाय रणनीति के अनुरूप चलनिधि और ब्याज दर जोखिम की निगरानी और प्रबंध करती है. चलनिधि विश्लेषण और प्रबंध सहित आस्ति-देयता प्रबंध कार्यकलाप तुलन-पत्र प्रबंध के कार्यात्मक क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आल्को सहयोग समूहों, ट्रेजरी फ्रंट कार्यालय, बजट एवं आयोजना आदि के बीच समन्वय के जरिए संपन्न किए जाते हैं. आल्को निर्देश तथा एएलएम कार्रवाईयाँ व्यवसाय समूहों और वर्टिकलों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं. विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार 1 जनवरी 2017 से बैंक के चलनिधि कवरेज अनुपात की गणना दैनिक आधार पर की जाती है. 2018-19 के दौरान दैनिक अवलोकनों के आधार पर बैंक का औसत एलसीआर 114.37% था.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा (ओआरएमएफ) है जिसमें एक संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) तथा विभिन्न कार्यों/विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया बोर्ड अनुमोदित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निर्देशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े परिचालनगत जोखिमों की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है. आपके बैंक में विभिन्न व्यावसायिक कार्यकलापों/परिचालनों में अंतर्निहित जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी आंतरिक प्रणालियाँ और प्रक्रियाएं हैं. गौण नियंत्रण उपाय के तौर पर परिचालनगत जोखिम प्रबंधन (ओआरएम) अनुभाग मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) तथा जोखिम नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) अभ्यासों के ज़रिए परिचालनगत जोखिमों का प्रबंधन करता है और इस संबंध में हुई प्रगति से निदेशक मंडल की ओआरएमसी और आरएमसी को आवधिक रूप से अवगत कराता है. महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) बनाए गए हैं और शाखाओं / इकाइयों की व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकन (कोर) प्रणाली के ज़रिए जोखिम रेटिंग की जाती है. ओआरएम अनुभाग द्वारा परिचालनगत जोखिम हानि संबंधी घटनाओं की जानकारी एकत्रित की जाती है जिस पर ओआरएमसी द्वारा विचार-विमर्श किया जाता है और संबंधित परिचालन/डीलिंग समूहों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सूचित किया जाता है. परिचालन स्तर पर कार्यरत अधिकारियों को अवगत कराने के लिए परिचालन जोखिम प्रबंधन पर नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास कारोबारी व्यवधानों तथा जीवन संबंधी जोखिमपूर्ण स्थितियों को कम करने के लिए एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रिया है. आपके बैंक को कारोबार निरंतरता प्रबंधन के बैंक व्यापी कवरेज के लिए विश्व प्रसिद्ध प्रमाणन आईएसओ 22301:2012 से सम्मानित किया गया है.

आपके बैंक ने बीसीएम के एक भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) कार्यान्वित की है. इस योजना का उद्देश्य कारोबार व्यवधान/आपदा के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करना है. इसके अलावा आपदा के दौरान मानव जीवन की रक्षा करने और मूल्यवान आस्तियों का नुकसान कम करने के लिए अपनी प्रमुख स्थापनाओं के लिए एक व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की गई है. इन बीसीपी तथा डीएमपी की क्रियाशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, संपूर्ण ड्रिल और मॉक इवैक्यूएशन ड्रिलों सहित आपदा बहाली के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. बैंक की कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली एक स्वचालित घटना रिपोर्टिंग टूल अर्थात् एकीकृत आपदा और कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (आई-डीएबी) से भी सुसज्जित है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने अपने आईटी जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने अपने डेटा केंद्र में एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. इस एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा साधनों/समाधानों जैसे फायरवाल्स, राउटर्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) डिवाइस/ इंट्रूज़न प्रिवेंशन सिस्टम (आईपीएस) डिवाइस/ विशेषाधिकारकृत पहचान प्रबंध (पीआईएम), एंटीवायरस, फिशिंग/मालवेयर प्रयासों आदि की निगरानी करता है और सुधारात्मक उपाय करता है. एसओसी बैंक के सम्मानित ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य को पूरा करने के अलावा साइबर अपराधों से निपटने के लिए और बैंक की सूचना सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक कमान केंद्र के रूप में कार्य करता है. बैंक ने निगरानी के लिए एसओसी के अंतर्गत पर्याप्त संख्या में डिवाइस उपलब्ध कराएं हैं. आपका बैंक बाह्योन्मुख एप्लीकेशनों अर्थात् इंटरनेट बैंकिंग, मेल मैसेजिंग आदि के लिए नियमित रूप से भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है.

आपके बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, तकनीकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में रिज़र्व बैंक की सिफ़ारिशों को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. आपके बैंक ने दिशानिर्देशों में अनुशंसित रूप में उपयुक्त संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है. ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने,

बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए कई सूचना सुरक्षा समाधान जैसे विशेषाधिकार प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, पैच प्रबंधन समाधान, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब/ मेल गेटवे, एंडपॉइंट एवं यूएसबी एनक्रिप्शन, डेटा लीकेज प्रिवेंशन (डीएलपी) सॉल्यूशन, एडवांस परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी), नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएसी), वेब-एप्लिकेशन फायरवाल (डब्ल्यूएएफ) आदि कार्यान्वित किए गए हैं.

आपके बैंक ने एक सुस्पष्ट साइबर सुरक्षा नीति और साइबर संकट प्रबंधन योजना लागू की है जो साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का समाधान करने के लिए प्रबंधन के इरादे तथा दिशा को स्पष्ट करती है. इसके साथ ही, आपका बैंक अपने सूचना सुरक्षा ढाँचे की जाँच करने और उसे प्रभावी बनाए रखने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा संचालित की जाने वाली साइबर ड्रिलों में भी सहभागिता करता है. कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के अलावा सुरक्षा सेंध के प्रयासों को कम/विफल करने के लिए ग्राहकों को मेलर, एसएमएस, एटीएम तथा पोस्टर के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी जाती है. आपके बैंक का आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा प्रणालियाँ पेरिमीटर और एंडपॉइंट्स दोनों पर समाधान सहित एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित की गई हैं. आपके बैंक के डेटा केंद्र, आपदा बहाली केंद्र और नियर डीआर केंद्र को नवीनतम आईएसओ 27001:2013 सूचना सुरक्षा मानदंडों का प्रमाणन प्राप्त है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति सूचना प्रणालियों में परिचालनगत जोखिम कम करने के लिए दिशानिर्देश और मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है. सुरक्षा घटनाएँ तथा नीतियाँ आवश्यक दिशानिर्देश के लिए बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसीबी) के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं. आईटीसीबी अनुमोदन के लिए बोर्ड को नीतियों की सिफ़ारिश करती है.

प्रबंधन, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन

भर्ती और स्टाफिंग

यथा 31 मार्च 2019 को आपके बैंक के पास कुल स्टाफ संख्या 17,117 रही. कर्मचारियों का श्रेणीवार अलग-अलग विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
लिपिकीय स्टाफ	736
एक्जीक्यूटिव	815
अधिकारी	14,898
अधीनस्थ स्टाफ	668
कुल	**17,117**

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों में 1,005 व्यक्तियों की भर्ती की जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
अधिकारी ग्रेड ए	177
लिपिकीय स्टाफ $	2
एक्जीक्यूटिव	826
कुल	**1,005**

$ - लिपिकीय संवर्ग में भर्ती अनुकंपा नियुक्ति के रूप में की गई है.

आरक्षण नीति

यथा 31 मार्च 2019 को बैंक की कुल जनशक्ति संख्या में अनुसूचित जाति (अजा)/अनुसूचित जनजाति (अजजा)/अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) का प्रतिनिधित्व निम्नवत है:

श्रेणी	अजा	अजजा	अपिव
लिपिक	63	91	35
एक्जीक्यूटिव	289	114	52
अधिकारी	3,717	2,155	903
अधीनस्थ स्टाफ	128	156	55
कुल	**4,197**	**2,516**	**1,045**

आपका बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाओं पर लागू होने वाली भारत सरकार की वर्तमान आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन करता है.

आपके बैंक ने अजा/अजजा/अपिव तथा दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए महाप्रबंधक तथा उप महा प्रबंधक स्तर के मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) तथा अंचल संपर्क अधिकारियों (ज़ेडएलओ) की नियुक्ति की है. सीएलओ और ज़ेडएलओ आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं.

आपका बैंक अजा, अजजा और अपिव कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ तिमाही बैठकें आयोजित करता है.

आपके बैंक ने अजा तथा अजजा वर्ग के कर्मचारियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज करने के लिए पृथक् शिकायत रजिस्टर भी बनाया है और समुचित कार्रवाई की जाती है.

आपके बैंक ने आरक्षण संबंधी दिशानिर्देशों के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण रोस्टर/रजिस्टर बनाया है. बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों के लिए अलग रोस्टर बनाया है.

प्रशिक्षण एवं विकास

आपका बैंक अपने कर्मचारियों को सतत प्रशिक्षण एवं विकास अवसर उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है ताकि संगठनात्मक लक्ष्य हासिल किए जा सकें और साथ ही कर्मचारियों के समग्र विकास में सहायता मिल सके. कार्यात्मक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहार विकास के लिए भी अवसर प्रदान किए जाते हैं. प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कक्षा आधारित प्रशिक्षण में ई-लर्निंग मॉड्यूलों को शामिल किया जा रहा है.

वर्ष 2018-19 के दौरान आपके बैंक ने अपने शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ) में 133 प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अंचल प्रशिक्षण केंद्रों में 702 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए. वर्ष के दौरान नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा डिजिटल बैंकिंग एवं उभरते भुगतान प्लेटफॉर्मों से लाभ उठाने, वित्तीय मॉडलिंग, प्रबंध विकास कार्यक्रम जैसे चुनिंदा विषयों पर कार्यशालाएं और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए लीडरशिप एक्सिलेन्स कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.

आपके बैंक ने चुनिंदा 141 बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अपने अधिकारियों को नामित किया है ताकि उन्हें अपने कार्यक्षेत्र के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किया जा सके. प्रतिष्ठित संस्थानों के ज़रिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार, रिटेल ऋण प्रबंध, आस्ति गुणवत्ता एवं एनपीए प्रबंधन, बाजार जोखिम, परिचालन

जोखिम तथा ऋण जोखिम मॉडलिंग, कॉरपोरेट ऋण की पुनर्संरचना एवं समाधान, विदेश व्यापार एवं विदेशी विनिमय व्यवसाय, ट्रेजरी पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया. बैंक में आईटी तथा साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति प्रबंधन की जागरूकता में वृद्धि संबंधी रिज़र्व बैंक के निर्देश के अनुपालन में बोर्ड के निदेशकों सहित कई वरिष्ठ प्रबंधकीय अधिकारियों को *'आईटी एवं साइबर सुरक्षा'* पर बाह्य प्रमाणन प्रशिक्षण प्रदान किया गया. अधिकारियों को सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा विश्लेषण, आंतरिक लेखा परीक्षा, वसूली नीतियाँ, व्यवहार एवं विधि जैसे क्षेत्रों में विशेष रूप से तैयार किए गए प्रशिक्षण प्रदान किए गए ताकि उन्हें उक्त विषयों पर व्यापक जानकारी उपलब्ध हो सके.

आपका बैंक ज्ञानार्जन संस्कृति के भाग के तौर पर अपनी ऑनलाइन शिक्षण प्रबंधन प्रणाली - ओजस - के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण को भी बढ़ावा दे रहा है ताकि कर्मचारियों को शिक्षण के लिए अतिरिक्त चैनल उपलब्ध कराए जा सकें. ओजस में विभिन्न प्रकार के बैंकिंग संबंधी विषयों को शामिल करते हुए 260 से अधिक अद्यदित ई-लर्निंग मॉड्यूल रखे गए हैं. इस वर्ष आपके बैंक ने व्यवहार विज्ञान से संबंधित विषयों को भी शामिल किया है. ओजस में कर्मचारियों को अनिवार्य ई-लर्निंग प्रमाणन/पाठ्यक्रम सौंपे गए हैं और इनमें कर्मचारियों के ज्ञान उन्नयन को सुनिश्चित करने के लिए केवाईसी तथा एएमएल, प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार संबंधी दिशा-निर्देश, रिटेल बैंकिंग, एनपीए प्रबंध, जोखिम प्रबंध, ट्रेजरी, रिटेल बैंकिंग परिचालन नियंत्रण क्षेत्र आदि जैसे विषय शामिल किए गए हैं ताकि उनकी क्षमता में वृद्धि हो और उन्हें बेहतर ग्राहक सेवा देने के लिए सक्षम बनाया जा सके.

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक द्वारा ग्राहक सेवा, महिला अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण (उन्नति), और पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं.

जेएनआईबीएफ को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए बाहरी सहभागियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. वर्ष के दौरान जेएनआईबीएफ में रीजनल डेवलपमेंट बैंक, श्रीलंका के लिए एसएमई परियोजना वित्तपोषण विषय पर दो अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किए गए. समग्र रूप से जेएनआईबीएफ में 22 बाह्य कार्यक्रम और अंचल प्रशिक्षण केंद्रों में 21 बाह्य कार्यक्रम आयोजित किए गए. बैंकिंग, वित्त और प्रबंध के उभरते क्षेत्रों में संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार एवं कार्यशालाएँ आयोजित करने के लिए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के भाग के रूप में और संवहनीय पर्यावरण के संवर्धन के लिए जेएनआईबीएफ में कृमि वानस्पतिक खाद प्लांट लगाने, विलुप्तप्राय और प्रवासी पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास अनुरक्षित रखने, आम जनता के लिए गर्मियों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने जैसे पहल कार्य किए गए हैं.

समूह जीवन बीमा योजना

कर्मचारी कल्याणकारी उपाय के रूप में आपका बैंक 2015 से अपने सभी स्थायी कर्मचारियों के लिए समूह जीवन मीयादी बीमा पॉलिसी की सुविधा दे रहा है जो 70 वर्ष की आयु तक कवर देगी. इस योजना के तहत प्रीमियम राशि का आधा व्यय बैंक द्वारा और आधा व्यय कर्मचारियों द्वारा वहन किया जाता है. अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने के पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पूरी प्रीमियम राशि का भुगतान कर योजना को जारी रखने का विकल्प उपलब्ध है.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मेडीक्लेम योजना

आपका बैंक अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए दैनिक डे केयर सुश्रूषा प्रक्रियाओं सहित अस्पताल में भर्ती के कारण उत्पन्न होने वाली वित्तीय देयताओं से संरक्षण प्रदान करने के लिए नवंबर 2016 से समूह मेडीक्लेम बीमा योजना की सुविधा उपलब्ध करा रहा है. कल्याणकारी उपाय के रूप में आपका बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समूह बनाने और उनकी ओर से बीमा पॉलिसी प्राप्त करने के लिए सुगमकर्ता के रूप में कार्य करता है जिससे उन्हें कम प्रीमियम तथा उदार विशेषताओं का लाभ मिलता है. योजना की विशेषताओं में रक्षित राशि तक सूचीबद्ध अस्पतालों में नकदी-रहित बीमा सुविधा, किसी प्रकार की पूर्व-चिकित्सा जांच के बिना सभी पुरानी तथा मौजूदा बीमारियों का कवरेज और साथ ही अस्पताल में भर्ती के बाद होने वाले खर्चे शामिल हैं.

कर्मचारियों को विधिक तथा वित्तीय सहायता प्रदान करना

बैंक के कामकाज को सद्भावी रूप से निष्पादित करने से उत्पन्न मामलों पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ जानबूझकर की गई झूठी शिकायतों से कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने उक्त योजना लागू की है जो निदेशकों/अधिकारियों/ कर्मचारियों को वित्तीय और विधिक सहायता उपलब्ध कराती है.

आई-पेस- नई कार्य-निष्पादन प्रबंध प्रणाली

आपके बैंक ने अपनी कार्य निष्पादन प्रबंध प्रणाली में व्यापक परिवर्तन कर उसे नया आकार दिया है ताकि इसे और अधिक विशिष्ट, मापनीय, हासिल करने योग्य, संगत एवं समयबद्ध बनाया जा सके. इसे सटीक नाम अर्थात् आई-पेस (आईडीबीआई बैंक- कार्य निष्पादन निर्धारण एवं सतत मूल्यांकन) दिया गया है. आई-पेस में एकसमान भूमिकाओं के लिए मानकीकृत मुख्य परिणाम क्षेत्र (केआरए), मानकीकृत केआरए के लिए एकसमान भारिता और अधिकांश मापनीय केआरए के लिए सीधा प्रणाली जुड़ाव, डेटा जुड़ाव के लिए सामान्य डैशबोर्ड और गैर-मापनीय केआरए के लिए सामान्य अपलोड पोर्टल शामिल हैं. आई-पेस की अन्य विशेषताओं में उसका व्यवसाय अंतर्दृष्टि औजार के रूप में कार्य करना शामिल है जो माह-दर-माह आधार पर प्रत्येक केआरए पर कार्य निष्पादन को सतत रूप से रेखांकित करेगा, प्रभावी कार्य निष्पादन फीडबैक प्रणाली प्राप्त करने हेतु सुपरवाइज़र को अधिकारी के केआरए-वार कार्य निष्पादन की गहराई से जांच करने और सहगण (अर्थात् केवल एक जैसे कार्य करने वालों के बीच तुलना) के बीच कार्य निष्पादन की सापेक्षिक ग्रेडिंग करने का अवसर प्रदान करेगा. आई-पेस का उद्देश्य अधिकारी के कार्य निष्पादन को संस्था के लक्ष्यों के अनुरूप रखना और कार्य निष्पादन आधारित संस्कृति और सभी स्तरों पर उत्तरदायित्व/जवाबदेही को बढ़ावा देना है. यह बैंक के कार्य निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करते हुए दिशा देगा तथा सामान्य समझ को बढ़ावा देगा.

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

आपके बैंक ने अवांछनीय घटना के घटित होने पर पीड़ित महिलाओं को तुरंत सहायता देने और अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक के कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न झेलने वाली महिला की शिकायत सीधे समिति के सदस्यों के पास दर्ज कराने के लिए एसएमएस/ई-मेल आधारित शिकायत प्रणाली भी कार्यान्वित की है.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

आपके बैंक ने सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्य वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के निवारण को सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समितियां बनाई हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक को इस संबंध में 6 (छः) शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका विधिवत छानबीन के पश्चात् समाधान

कर दिया गया है. यथा 31 मार्च 2019 को पूर्ववर्ती वर्षों में प्राप्त 2 (दो) शिकायतों पर निष्कर्ष लंबित था.

औद्योगिक संबंध

आपके बैंक में वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध का वातावरण सामान्यतः मैत्रीपूर्ण रहा है तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान सौहार्दपूर्ण रूप से कर लिया गया है. अधिकारियों / कर्मचारियों की शिकायतों को समझने और उनका समाधान निकालने हेतु रचनात्मक संवाद स्थापित करने के अपने प्रयासों के तौर पर बैंक संघों और यूनियनों के साथ बैठकें करता रहा है. यूनियन / संघ भी विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और तत्पर रहे हैं.

कर्मचारियों का नियोजन और तैनाती

अधिकारियों का नियोजन और तैनाती बैंक अधिकारियों के लिए लागू नियोजन और तैनाती नीति के आधार पर की जाती है. इसके अलावा संवेदनशील पदों पर तैनात अधिकारियों का केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार स्थानांतरित किया जाता है.

आई-एक्जिट प्रबंध प्रणाली को लाइव किया गया और सभी त्यागपत्र और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति संबंधी प्रक्रियाएं ऑनलाइन पूरी की जा रही हैं. इससे अधिक पारदर्शिता, शीघ्र एवं प्रभावी कैप्चरिंग सुनिश्चित हुई है और साथ ही, एक्जिट सर्वे का विश्लेषण जैसे अनेक लाभ मिले हैं.

अन्य पहल कार्य

(i) केरल राज्य में आई अप्रत्याशित बाढ़ ने पूरे राज्य में भारी तबाही मचाई जिससे जान-माल की भारी क्षति हुई और सार्वजनिक बुनियादी संरचना को बहुत नुकसान पहुँचा. सामाजिक उत्तरदायित्व के नाते आपके बैंक और इसके स्टाफ सदस्यों ने केरल मुख्यमंत्री आपदा राहत कोश में 3,27,64,703.07 रुपये का अंशदान दिया है.

(ii) देश के साथ एकजुट होकर खड़े होने और जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आतंकवादी हमले में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले शहीद सैनिकों के परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु शहीदों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आपके बैंक के कर्मचारियों से अंशदान करने की अपील की गई.

बुनियादी संरचना प्रबंधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अनेक सिविल परियोजनाएं हाथ में लीं जिनमें इसके जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद स्थित प्रशिक्षण संस्थान में अधिकारियों के लिए आवासीय फ्लैटों का निर्माण शामिल है जिसके सितंबर 2019 में पूरा होने की आशा है. आपके बैंक ने केके नगर, चेन्नई स्थित अपने कुछ फ्लैटों के निर्माण के लिए पुनर्विकास प्रस्ताव पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है.

आपके बैंक ने नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एनबीसीसी) से ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली में निर्माणाधीन इसकी परियोजना में 36 आवासीय फ्लैटों जिनका कुल क्षेत्रफल 60,972 वर्ग फुट है के साथ 1,22,088 वर्ग फुट क्षेत्रफल का वाणिज्यिक परिसर अर्जित किया है. निर्माण कार्य पूर्णता के निकट है. एनबीसीसी द्वारा वाणिज्यिक परिसर जून-जुलाई 2019 में सौंप दिए जाने की आशा है. आवासीय फ्लैटों के दिसंबर 2019 तक तैयार होने की उम्मीद है.

व्यय को युक्तिसंगत बनाने तथा लागत को कम करने के लिए आपके बैंक ने मुंबई में आईडीबीआई टॉवर, कफ परेड तथा मित्तल कोर्ट, नरीमन पॉइंट स्थित अपने स्वामित्ववाले परिसरों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु कदम उठाए जिसके फलस्वरूप बैंक की सहायक संस्थाओं यथा- आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लि. और आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. को आईडीबीआई टॉवर में स्थानांतरित किया गया.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक का आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य आंतरिक नीतियों, प्रक्रियाओं और विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुपालन का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करता है. आपके बैंक में एक सुसज्जित आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) है जो बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा देख-रेख में कार्य करता है. आईएडी के कार्य (i) जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति; (ii) समवर्ती लेखापरीक्षा नीति; और (iii) सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा नीति द्वारा अभिशासित हैं. ये नीतियाँ वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), भारत सरकार और रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गईं हैं. इस प्रकार से आईएडी के कार्य और विस्तार क्षेत्र समय-समय पर आशोधित की जानेवाली उपर्युक्त नीतियों के अनुसार निर्धारित और निष्पादित होते हैं.

आईएडी लेखापरीक्षा के तीन प्रमुख प्रकारों अर्थात् आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, और सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा का संचालन/पर्यवेक्षण करता है. आईएडी (i) धोखाधड़ी निगरानी समूह (ii) सतर्कता प्रणाली (iii) स्टाफ जवाबदेही समिति सचिवालय के जरिए स्टाफ जवाबदेही (एसए) नीति का कार्यान्वयन (iv) लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) और (v) वित्तीय रिपोर्टिंग अनुपालन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का भी पर्यवेक्षण करता है.

आंतरिक लेखापरीक्षा के कार्यों में शाखाओं/गैर-शाखा खंडों की नियमित लेखापरीक्षा करना, अंचल कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ-साथ प्रधान कार्यालय के वर्टिकलों/विभागों की प्रबंध लेखापरीक्षा करना; अकस्मात् लेखापरीक्षा (विशेष रूप से नई खुली आरबीजी शाखाओं की चार महीने के बाद किंतु उनके परिचालन आरंभ करने के छः महीने के अंदर); विशेष लेखापरीक्षा (ऑफसाइट जोखिम मूल्यांकन, नियंत्रक विभागों/वर्टिकलों, अन्य लेखापरीक्षाओं के दौरान ध्यान में आए गंभीर मुद्दों/कुप्रथाओं/धोखाधड़ियों से प्राप्त होनेवाले विभिन्न संकेतकों के फलस्वरूप) और ऋण लेखापरीक्षा शामिल हैं. लेखापरीक्षा विभाग नियत कार्यों को करते समय अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखता है.

शाखाओं की लेखापरीक्षा पर गहराई से ध्यान केंद्रित करने और अनुवर्तन कार्यों को प्रभावी रूप से पूरा करने के लिए सभी अंचलों में अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) बनाए गए हैं. जेडएओ शाखाओं, गैर-शाखा खंडों और क्षेत्रीय कार्यालयों की लेखापरीक्षा करते हैं और बैंक के वार्षिक लेखापरीक्षा प्लानों तथा जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) नीति के अनुसार पर्याप्त अनुपालन के बाद लेखापरीक्षा रिपोर्टों को बंद करते हैं. लेखापरीक्षा विभाग परिचालनगत जोखिमों को कम करने के लिए परिचालनगत प्रक्रियाओं और सेवा गुणवत्ता में सुधारों के लिए सिफ़ारिशें भी करता है. बैंक ने सभी प्रयोज्य विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप नीतियाँ और प्रक्रियाएँ निर्धारित की हैं और लेखापरीक्षा ट्रेल, फ्रंट और बैक ऑफिस परिचालनों के समुचित विभाजन सहित व्यापक आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था लागू की है.

जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए)

आपके बैंक ने जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की नीति अपनाई है जिसके अंतर्गत इसकी जोखिम प्रबंध प्रक्रियाओं तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जाता है. जोखिम रोकने, प्रभावी नियंत्रण प्रणाली रखने और परिचालनों की क्षमता में सुधार लाने के लिए बैंक की सभी शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की जाती है. पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा में शाखा की

जोखिम अवधारणा के आधार पर प्रत्येक शाखा की 6-18 महीने में एक बार आरबीआईए सुनिश्चित की जाती है. आपके बैंक का आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के सहायक आरबीआईए के जरिए लेखापरीक्षित इकाइयों के समग्र परिचालनों की विवेचनात्मक समीक्षा करता है जो कि रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार जोखिम आधारित पर्यवेक्षण का अनिवार्य हिस्सा है.

गुणवत्ता आश्वासन लेखा परीक्षा

आपके बैंक ने अपने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को और सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने के लिए और इसे प्रचलित सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने हेतु बाहरी परामर्शदाता के जरिए अप्रैल-मई 2018 में व्यापक गुणवत्ता आश्वासन लेखापरीक्षा (क्यूएए) शुरू किया था. क्यूएए के भाग के रूप में, अन्य बातों के साथ-साथ, आपके बैंक की समग्र आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली और जोखिम रेटिंग रूपरेखा (नीतियाँ, प्रक्रियाएँ, कार्य प्रणालियाँ, रिपोर्टिंग संरचनाएँ, फॉर्मेट आदि) की समीक्षा करने, उसे जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के साथ समन्वित करने और आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए अच्छी/सफल पद्धतियों के बेंचमार्क निर्धारित करने, अभिनिर्धारित करने और सिफ़ारिशें देने के लिए अभ्यास किया गया है. प्रमुख सिफ़ारिशों अर्थात् अंतर्निहित व्यवसाय जोखिम (आईबीआर) के मूल्यांकन के लिए व्यवसाय मानदंडों की समीक्षा; आंतरिक लेखापरीक्षा आवधिकता में परिवर्तन; गैर-शाखा खंडों के लिए समवर्ती लेखापरीक्षा के कार्य क्षेत्र की समीक्षा; समवर्ती लेखा परीक्षकों का कार्य निष्पादन और समीक्षा; अनुपालन का स्तर और लेखापरीक्षा रिपोर्टों को बंद करना; आंतरिक तथा समवर्ती लेखा परीक्षकों के लिए वर्कबुक, को बैंक द्वारा कार्यान्वित कर दिया गया है.

लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर)

आपका बैंक 2017-18 से लागू की गई सांविधिक शाखा लेखापरीक्षा के संबंध में लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) भी तैयार करता रहा है. वर्ष 2018-19 के लिए एलएफएआर की संकलन प्रक्रिया के लिए शाखाओं द्वारा डेटा के इनपुट के लिए और प्रधान कार्यालय में लेखा परीक्षकों के उपयोग के लिए समेकित रिपोर्टें जेनरेट करने हेतु ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है.

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (इफको-एफआर)

आपके बैंक ने (i) कार्यान्वित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता; और (ii) ऐसे नियंत्रणों की परिचालनगत प्रभावशीलता तथा सभी खुले मुद्दों को समय पर और प्रभावी रूप से बंद करने की सुनिश्चितता का सत्यापन करने के प्रयोजन से जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स के परीक्षण के लिए बाहरी परामर्शदाता की भी नियुक्ति की है.

सूचना प्रणाली (आईएस) लेखा परीक्षा

सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नए पहल कार्य/ कार्यकलाप शुरू किए गए हैं जैसे- (i) सामान्य/दुहराई जानेवाली टिप्पणियों की संख्या को सीमित स्तर पर रखने के लिए मानक सॉफ्टवेयर विकास टेम्पलेट के कार्यान्वयन हेतु सिफ़ारिश करना, (ii) 'उच्च जोखिम' उल्लेखवाली लंबित टिप्पणियों के शीघ्रतर निस्तारण के लिए मुख्य महा प्रबंधक स्तरीय समिति बैठक आयोजित कर अनुवर्तन व्यवस्था में सुधार लाना, (iii) बैंक के जोखिम प्रबंध विभाग को अर्ध वार्षिक आधार पर उनकी जानकारी तथा समुचित निदेश/ मार्गदर्शन के लिए लंबित टिप्पणियों को प्रस्तुत करना, (iv) शाखाओं द्वारा मासिक आधार पर सूचना प्रणाली- स्व-लेखापरीक्षा अनुपालन प्रमाणपत्र की प्रस्तुति, (v) अनुपालन की स्थिति पर ध्यान दिए बिना लेखापरीक्षा रिपोर्टों को कार्यपालक लेखापरीक्षा समिति (एसीई) और बोर्ड लेखापरीक्षा समिति को प्रस्तुत करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महत्वपूर्ण टिप्पणियों को इन समितियों की जानकारी और निदेश के लिए इनके समक्ष प्रस्तुत किया जाता है. आईएस लेखापरीक्षा ने आईएस लेखापरीक्षा कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए और सांविधिक/ विनियामकीय दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु सुरक्षा घटनाओं की समीक्षा के साथ-साथ सूचना सुरक्षा नीति, साइबर सुरक्षा नीति, सूचना प्रौद्योगिकी नीति, डेटा प्रतिधारण नीति और ई-वेस्ट प्रबंध नीति से जुड़ी आईएस लेखापरीक्षा नीति की समीक्षा की है.

ऑफसाइट निगरानी प्रणाली (ओएमएस)

आपके बैंक ने ऑफ साइट निगरानी प्रणाली (ओएमएस) अलर्ट को तुरंत बंद करने के संबंध में शाखाओं को जागरूक करने के लिए परिपत्र जारी किया है जिसे शाखा स्टाफ के महत्वपूर्ण दायित्व क्षेत्र (केआरए) का भाग बनाया गया है. अलर्टों को खोलने/बंद करने में हुए विलंब संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए ओएमएस टीम द्वारा ओपन अलर्टों को एकांतर दिवसों को अंचल प्रमुखों को भेजा जाता रहा है. मौजूदा प्रणाली की सीमाओं/दिक्कतों को दूर करने के उद्देश्य से ओएमएस टीम ने ओएमएस को सशक्त बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी है. क्यूएए परामर्शदाता की सलाह के आधार पर बैंक ने (i) लंबित ओएमएस अलर्टों के लिए सोपान मैट्रिक्स में आशोधन; (ii) जोखिम गंभीरता में परिवर्तन और 4 नियमों की बारंबारता; (iii) बीमा नवीकरण से संबंधित नए नियम का कार्यान्वयन जैसी अनेक सिफ़ारिशें कार्यान्वित की हैं.

समवर्ती लेखापरीक्षा

समवर्ती लेखापरीक्षा (सीए) प्रणाली अनियमितताओं/चूकों का पता लगाने के लिए बैंक की प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) का भाग है जो जोखिमों को नियंत्रित रखने में आंतरिक एवं विनियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघनों की रोकथाम करने और धोखाधड़ी वाले लेनदेनों को रोकने में सहायता करती है. समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली अनिवार्यतः एक नियंत्रण प्रक्रिया है जो मजबूत आंतरिक लेखांकन प्रणालियों और प्रभावी नियंत्रणों की स्थापना हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा शाखाओं/ अन्य गैर शाखा इकाइयों जैसे ट्रेज़री, केन्द्रीय प्रोसेसिंग इकाई और खुदरा आस्ति केंद्रों में की जाती है, जिनकी पहचान जोखिम बोध और कारोबार की मात्रा के आधार पर होती है. बैंक की बोर्ड अनुमोदित समवर्ती लेखापरीक्षा नीति के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा को रिज़र्व बैंक द्वारा जमाओं के न्यूनतम 50% और अग्रिमों के न्यूनतम 50% को कवर करने संबंधी मानदंड की तुलना में बैंक की जमाओं के 70% और अग्रिमों के 70% भाग को कवर करना आवश्यक है. तदनुसार वर्ष के दौरान बैंक की ऐसी शाखाएं व अन्य इकाइयां समवर्ती लेखापरीक्षा के अधीन थीं तथा इनकी समवर्ती लेखापरीक्षा के लिए बाहरी सनदी लेखाकार फर्मों की सेवाएं ली गई थीं. इसके अलावा प्रधान कार्यालय में अभिनिर्धारित किए गए वर्टिकल/विभाग भी समवर्ती परीक्षा के अधीन हैं. सभी व्यापार वित्त केंद्र भी समवर्ती लेखापरीक्षा के अंतर्गत शामिल किए गए हैं. रिपोर्ट की गुणवत्ता तथा समय पर प्रस्तुति हेतु समवर्ती लेखा परीक्षकों के कार्यनिष्पादन पर अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (ज़ेडएओ) लगातार गहन निगरानी रखते हैं.

ऋण लेखापरीक्षा

आपके बैंक ने वार्षिक आधार पर चुनिंदा खातों की विस्तृत समीक्षा के लिए ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली कार्यान्वित की है. निम्नलिखित परिभाषित मानदंडों के आधार पर समीक्षाधीन अवधि के दौरान मंजूर किए गए नए खातों में से उधारकर्ता खाते ऋण लेखापरीक्षा के लिए अभिनिर्धारित किए जाते हैं: (i) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले सभी नए प्रस्ताव (संवितरण की तारीख से 3-6 महीने के अंदर) और सीमाओं के नवीकरण/नवीकरण-सह- वृद्धि के प्रस्ताव; (ii) बचे हुए प्रस्तावों में से बिना किसी क्रम से चुने गए (5%) प्रस्ताव; (iii) निवेश ग्रेड से नीचे (यदि वित्तीय वर्ष के दौरान निवेश ग्रेड से परिवर्तित हुए हों);

और (iv) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले अधिग्रहण संबंधी मामले.

रिटेल शाखाओं के लिए धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई)

शाखा द्वारा प्रदान किए गए अग्रिमों में धोखाधड़ी की संभाव्यता के स्तर का आकलन करने के लिए आपके बैंक ने रिटेल शाखाओं के लिए मौजूदा आरबीआईए टेम्पलेट के अंतर्गत धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) व्यवस्था लागू की है. 24 कार्यात्मक क्षेत्रों को धोखाधड़ी के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र के रूप में अभिनिर्धारित किया गया है और धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) के रूप में चुना गया है.

विशेष छानबीनपरक लेखापरीक्षा (एसआईए)

भारतीय बैंकिंग प्रणाली में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के फलस्वरूप आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को बड़ी संख्या में जांच-पड़ताल करने हेतु अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं. वर्ष 2018-19 के दौरान 62 मामलों की जांच-पड़ताल की गई. ये जांच-पड़तालें नीतियों, उत्पाद संबंधी दिशानिर्देशों, कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और नियंत्रणों की बहाली तथा शाखाओं की बेहतर समग्र निगरानी सुनिश्चित करने में सहायता करती हैं. इन जांच पड़तालों से आयी आरंभिक सक्रियता ने बैंक को समय पर वसूली/कानूनी कार्रवाई आरंभ करने में तथा खातों को एनपीए बनने से रोकने में सहायता की. इसके अलावा, उन्होंने बैंक को नये जोखिम क्षेत्रों का अभिनिर्धारण करने तथा कमियों पर सक्रियतापूर्वक कार्रवाई करते हुये विभिन्न जोखिमों को कम करने में सहायता की.

धोखाधड़ी निगरानी

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) के अंतर्गत एक समर्पित धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफएमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाइयों की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है साथ ही इस संबंध में समय-समय पर आवश्यक परामर्श देता / परिपत्र भी जारी करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपचारात्मक उपाय लागू करना शामिल है. धोखाधड़ियों का समयपूर्व पता लगाने, उनकी रोकथाम करने, रिपोर्टिंग, निगरानी और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति कार्यान्वित की गई है. धोखाधड़ी के मामलों को कम करने हेतु ₹ 1 करोड़ और उससे ऊपर के सभी ऋण और दृष्टिबंधक संबंधी दस्तावेजों की विधिक लेखा-परीक्षा करने का तंत्र बनाया गया है. आपके बैंक ने धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए धोखाधड़ी के मामलों के मूल कारणों का विश्लेषण और इसमें व्यवस्थित सुधार किये हैं.

अन्य पक्षकार संस्थाओं को कालीसूची में डालना (ब्लैक लिस्टिंग)

धोखाधड़ी वाले खातों की जांच करते समय, बैंक को कुछ अन्य पक्षकारों अर्थात् अधिवक्ताओं, मूल्यांकनकर्ताओं, संपार्श्विक प्रबंधकों आदि के बारे में पता चला है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधारकर्ता / स्टाफ सदस्य के साथ साठगांठ कर धोखाधड़ी के अपराध में शामिल हो सकते हैं. बैंक ने वर्ष के दौरान पांच संपार्श्विक प्रबंधकों को कालीसूची में डाला और नौ मूल्यांकनकर्ताओं के नाम सूची से हटा दिये हैं.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में पूर्ण रूप से गठित सतर्कता विभाग है जिसके विभागाध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) होते हैं. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने सतर्कता से संबंधित गतिविधियों के बेहतर अनुपालन के लिए एक अंचल सतर्कता ढांचा स्थापित किया है.

आपके बैंक के सीवीओ द्वारा निष्पादित कार्यकलापों का व्यापक कार्यक्षेत्र/ दायरा है तथा इसमें बैंक के कर्मचारियों द्वारा किए गये/ संभवतः किए जाने वाले भ्रष्ट कार्यों के संबंध में खुफिया जानकारी एकत्रित करना शामिल है. सीवीओ, बैंक के सतर्कता मामलों से संबंधित सभी कार्यों को करते/ देखते हैं जिनमें (i) सतर्कता मामलों पर कार्रवाई करना, सतर्कता इंगित करने वाली और सत्यापन किए जाने लायक आरोपों से संबद्ध शिकायतों की जांच करना (ii) रिपोर्टों पर कार्रवाई करना जिन्हें आगे अनुशासनात्मक प्राधिकारी के विचारार्थ भेजा जाए, (iii) जहां कहीं भी आवश्यकता हो मामलों को केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीओ) को उनके विचारार्थ/ सूचना हेतु भेजना (iv) भ्रष्टाचार/ कदाचार रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाना शामिल हैं.

सतर्कता विभाग ने आपके बैंक के इंट्रानेट साइट पर वेब पेज रखा है जिस पर विभाग के कार्यों की जानकारी, बैंक की सभी शाखाओं / कार्यालयों में प्रदर्शित किये जाने वाले सीवीसी के मानक नोटिस के प्रारूप; सीवीसी व सीवीसी के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) द्वारा तथा आपके बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र / दिशानिर्देशों और निवारक सतर्कता के लिए 'क्या करें और क्या न करें' जैसी जानकारी दी गई है.

आपके बैंक द्वारा अपनाए गए कुछ निवारक उपायों में विभिन्न शाखाओं में अनाचार, यदि कोई हो, का पता लगाने और स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के गैर-अनुपालन की जांच हेतु औचक सतर्कता दौरे तथा स्वतः संज्ञान आधार पर निरीक्षण (एसवीवी) करना शामिल हैं. सतर्कता विभाग द्वारा एकबारीय निपटान/ पहली बार एनपीए मामलों की जांच के अलावा, बैंक अधिकारियों की आस्ति व देयताओं में असामान्य भिन्नता/ बेमेल पाए जाने अथवा गैर-अनुपातिक आस्तियों के मामले का पता लगाने के लिए बैंक अधिकारियों की वार्षिक आस्ति व देयताओं की विवरणियों (एआरएएल) की जांच, बैंक की लेखापरीक्षा रिपोर्टों की जांच का कार्य भी किया जाता है.

भ्रष्टाचार से निपटने के प्रयासों के तहत साथ ही साथ सीवीसी द्वारा निर्देशित जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने 29 अक्टूबर, 2018 से 03 नवंबर, 2018 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2018' मनाया. इस अवसर पर, आपके बैंक ने स्टाफ के सदस्यों के लाभ के लिए एक विशेष जर्नल जारी किया और स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन, वक्तृत्व, क्विज़, आदि का आयोजन भी किया. बैंक के प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं के कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को सुग्राही बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों / सेमिनारों / वार्ताओं का आयोजन किया गया. आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए, आपके बैंक ने, सतर्कता जागरूकता सप्ताह वीएडब्लू 2018 के एक भाग के रूप में, अपने अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखाओं और अन्य ग्राहक-संपर्क प्लेटफार्मों पर प्रमुख स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए. बैंक की अर्ध शहरी और ग्रामीण शाखाओं में जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया गया.

विनियामक अनुपालन

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रणों की संरचित प्रणाली और विभिन्न स्तरीय समीक्षा के ज़रिए भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य विनियामक/ सांविधिक निकायों

द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. कार्यपालक निदेशक पद के मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी की देख-रेख में आपके बैंक का अनुपालन विभाग सभी वैधानिक और विनियामक दिशानिर्देशों के प्रसार और आंतरिकीकरण का समन्वय करता है. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक अनुपालन नीति लागू की है जिसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य के संबंध में प्रत्येक टियर के लिए भूमिका व जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई है. बोर्ड को भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामकों / एजेंसियों से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं / दिशानिर्देशों के संबंध में मासिक अंतराल से अवगत कराया जाता है.

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों का त्वरित उत्तर देने के लिए केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी (एफएए) को प्रथम अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक निदेशक पद के एक पारदर्शिता अधिकारी को नामित किया गया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के लिए एक अलग लिंक उपलब्ध कराई गयी है. आपके बैंक ने भारत सरकार के आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in) के साथ भी संबद्धता स्थापित की है जिसके ज़रिए नागरिक आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांग सकते हैं और अपील दायर कर सकते हैं.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने भारत सरकार के राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा अधिनियम व नियमों के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु संगठित प्रयास किए. भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम और अन्य निदेशों में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपके बैंक के सभी वर्टिकलों, विभागों, अंचल कार्यालयों और शाखाओं द्वारा नियमित रूप से विशेष प्रयास किए गए.

वर्ष के दौरान बैंक की वेबसाइट पर बैंक के उत्पादों एवं योजनाओं के बारे में हिंदी में विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए गए. बैंक के अभय, पेएप्ट और एम-पासबुक जैसे मोबाइल एप्लिकेशन हिंदी सुविधा के साथ उपलब्ध कराए गए. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा डिजिटल बैंकिंग से संबंधित विभिन्न अभियान हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित किए गए. ग्राहकों को सूचना देने के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर, बैनर तथा अन्य तथ्यपरक सामग्रियों को हिंदी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रदर्शित किया गया. सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे- 'अटल पेंशन योजना', प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना', 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना', 'सुकन्या समृद्धि योजना' आदि से संबंधित प्रचार अभियानों में हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग किया गया.

आपके बैंक ने दैनंदिन कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए अपने इंट्रानेट पर द्विभाषी रूप में टेम्पलेट पत्र, फॉर्म, शब्दकोश, नोटिंग और अन्य प्रासंगिक संदर्भ सामग्री अपलोड की है. दैनं दिन कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने हेतु स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन योजनाएँ लागू की गईं और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. आपके बैंक के विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपके बैंक द्वारा सभी क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न अपेक्षाओं और हिंदी यूनिकोड के प्रयोग से स्टाफ सदस्यों को परिचित कराया गया. बैंक के आंतरिक कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए मानव संसाधन प्रबंध प्रणाली (एचआरएमएस) के लिए सभी कम्प्यूटरों में हिंदी कन्वर्टर की सुविधा उपलब्ध करायी गई. आपके बैंक ने सितंबर 2018 में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन भी किया.

आपके बैंक द्वारा दैनंदिन कार्यों और अपने कारोबार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की विभिन्न मंचों पर प्रशंसा हुई है और बैंक ने वर्ष के दौरान कई पुरस्कार प्राप्त किए जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i) आपके बैंक के दिल्ली अंचल कार्यालय, देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, पुड्डूचेरी और कडलूर (तमिलनाडु) शाखा को उनकी संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन हेतु राजभाषा पुरस्कार प्रदान किया गया;

ii) आपके बैंक की तिमाही हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' को एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) ने भारतीय भाषा प्रकाशन श्रेणी में तीन पुरस्कार (दो रजत तथा एक कांस्य) प्रदान किए; 'विकास प्रभा' को प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था - 'आशीर्वाद' द्वारा श्रेष्ठ हिंदी गृह पत्रिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

iii) राजभाषा नीति को लागू करने में बैंक द्वारा किए गए प्रयासों की संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति और आलेख एवं साक्ष्य समिति द्वारा रुद्रप्रयाग, सूरत शाखाओं और दिल्ली अंचल कार्यालय तथा मुंबई अंचल कार्यालय के निरीक्षणों के दौरान सराहना की गई;

iv) भारत सरकार के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय और वित्तीय सेवाएं विभाग के अधिकारियों ने अपने निरीक्षणों के दौरान आपके बैंक में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की सराहना की.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

अपने सभी हितधारकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने के ध्येय को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह पर विशेष जोर दिया गया है.

आपके बैंक में आईएसओ 9001 : 2015 का प्रमाणन प्राप्त ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी) है, जो विभिन्न संपर्क बिन्दुओं से प्राप्त शिकायतों का निवारण करता है. आपका बैंक, बैंक ग्राहक सेवा नीति, शिकायत निवारण नीति तथा ग्राहक अधिकार जैसी नीतियों की नए परिवर्तनों के मद्देनजर नियमित आधार पर समीक्षा करता है. आंतरिक लोकपाल योजना 2018 पर रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, शिकायत निवारण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए शिकायत निवारण समय (टीएटी) को 19 दिन से घटाकर 15 दिन कर दिया गया है. ग्राहक अब बैंक की वेबसाइट पर विभिन्न माध्यमों के ज़रिए दर्ज की गई अपनी शिकायत की स्थिति को ट्रैक कर सकता है. ग्राहक विभिन्न माध्यमों के ज़रिये खाते में किसी भी अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन की रिपोर्टिंग 24x7 आधार पर कर सकता है. आपके बैंक ने सुविधाजनक बैंकिंग के प्रयास तथा हरित पहल के रूप में एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग व इंटरएक्टिव वॉइस रिस्पोंस (आईवीआर) जैसे माध्यमों के ज़रिये डेबिट कार्ड पिन जनरेट करने की सुविधा प्रदान की है.

आपका बैंक नियमित आधार पर ग्राहक से फीडबैक प्राप्त करता है तथा ग्राहकों की खुशी के लिए प्रक्रियाओं में सुधार हेतु इसका प्रयोग करता है. आपका बैंक अखिल भारतीय स्तर पर ग्राहक बैठकों का आयोजन करता है जिसमें बैंक का वरिष्ठ प्रबंधन ग्राहकों से बातचीत करता है. बैंक विनियामक अनुपालन तथा

ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा के मूल्यांकन के उद्देश्य से सभी शाखाओं में गुप्त खरीददारी कार्यकलाप भी आयोजित करता है.

बैंक के संपर्क केंद्र दो स्थानों अर्थात् सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई तथा हैदराबाद से 24x7 आधार पर परिचालन करता है. संपर्क केंद्र हिंदी व अंग्रेजी के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में भी सेवाएं प्रदान करता है. ग्राहक सेवा मुहैया कराने के अलावा ये संपर्क केंद्र लीड जनरेशन और वसूली कॉल भी संचालित करते हैं.

आपके बैंक ने ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति (एससीसीएस) एवं बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) जैसी वरिष्ठ स्तर की दो समितियां भी स्थापित की हैं, जो हर तिमाही में बैठकें आयोजित करती हैं. ये समितियां बैंक के विभिन्न चैनलों द्वारा ग्राहकों को मुहैया कराई जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के फीडबैक की समीक्षा करती हैं. ये समितियां ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा करती हैं और इनके समाधान में तत्परता बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश भी प्रदान करती हैं

कॉरपोरेट संप्रेषण

मीडिया में आपके बैंक पर सकारात्मक खबरों के महत्व को देखते हुए, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान जनसंपर्क गतिविधियों पर लगातार जोर दिया गया. आपके बैंक द्वारा अपनाई गई रूपांतरण रणनीति के परिणामस्वरूप प्रगति और सुधारों को अद्यतित करने के लिए मीडिया के साथ नियमित अंतरालों पर बातचीत की गई. बैंक के विभिन्न सोशल मीडिया पृष्ठों का उपयोग बैंक के उत्पादों, सेवाओं और विशेष प्रस्तावों के विवरण के प्रसारण के लिए किया गया. वर्ष के दौरान, बैंक के उत्पादों की दृश्यता और ब्रांड की छवि को बढ़ाने के लिए कई विज्ञापन अभियान चलाए गए.

आपके बैंक के आंतरिक संप्रेषण का उद्देश्य बैंकिंग तथा उससे इतर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रभावी आदान-प्रदान को सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करना तथा कर्मचारियों के बीच सामुदायिक भावना को जागृत करने और एक सामूहिक लक्ष्य के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से संबंधों को विकसित करना है. इसमें, अन्य बातों के साथ- साथ, डिजिटल समाचार पत्र 'अभ्युदय' का आरंभ कर इसके माध्यम से कर्मचारियों को बैंक के विभिन्न विकास कार्यों के बारे में अद्यतन जानकारी देना है, कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने वाले शीर्ष प्रबंधन के विडियो दिखाना, शनिवार को ऑनलाइन क्विज द्वारा कर्मचारियों से जुड़ना, आदि शामिल है.

सूचना प्रौद्योगिकी

1. हमने सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 यथा संशोधित (सेबी सूचीबद्धता विनियम) के विनियम 17 से 27 और विनियम 46 (2) के खंड (बी) से (i) तथा अनुसूची V के पैरा सी, डी, और ई में निर्दिष्टानुसार 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है.

प्रबंधन की जिम्मेदारी

2. कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है. सेबी सूचीबद्धता विनियम में निर्धारित कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु इस जिम्मेदारी में आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं की रूपरेखा, कार्यान्वयन और अनुरक्षण भी शामिल है.

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

3. हमारी जिम्मेदारी कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनाई गयी प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा तक सीमित है. यह न तो बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा है और न ही उन पर राय की अभिव्यक्ति है.

4. हमने बैंक द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं के अनुपालन पर समुचित आश्वासन प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक के बहीखातों तथा अन्य संबधित अभिलेखों और दस्तावेजों की जांच की है.

5. हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन के प्रमाणन पर मार्गदर्शी नोट, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा के मानक जो कि इस प्रमाणन के उद्देश्य के लिए लागू है तथा रिपोर्टों पर मार्गदर्शी नोट अथवा आईसीएआई द्वारा जारी विशेष उद्देश्यों हेतु प्रमाणपत्र जो जिसके द्वारा यह अपेक्षित है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी नैतिकता आचार संहिता की नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें, के अनुसार संबंधित अभिलेखों की जांच की है.

6. हमने गुणवत्ता नियंत्रण मानक (एसक्यूसी) 1, लेखा परीक्षा करने वाली फर्मों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण तथा महत्वपूर्ण वित्तीय सूचना की समीक्षा और अन्य आश्वासन व संबद्ध सेवा वचनबद्धताओं के लिए लागू आवश्यकताओं का अनुपालन किया है.

अभिमत

7. हमारे अभिमत एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी में तथा हमें दिये गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए ऊपर उल्लिखित सेबी सूचीबद्धता विनियम में यथा निर्धारित रूप में कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है.

अन्य मामले और प्रयोग प्रतिबंध

8. हम आगे उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो बैंक की भावी अर्थक्षमता के बारे में और न ही बैंक के कार्यों को संचालित करने की प्रबंधन की कार्यकुशलता अथवा प्रभावकारिता के बारे में आश्वासन है.

9. यह रिपोर्ट बैंक के सदस्यों को कॉरपोरेट अभिशासन के संबंधित विनियमों के अनुपालन के संदर्भ में सूचीबद्धता विनियम के तहत अपने दायित्वों के अनुपालन करने के एकमात्र उद्देश्य से बैंक के सदस्यों को संबोधित और उपलब्ध कराई गई है तथा इसका प्रयोग किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा अथवा किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है. तदनुसार, हम बिना हमारी पूर्व सहमति के किसी अन्य उद्देश्य के लिए अथवा किसी अन्य पक्ष को यह दिखायी जाने पर अथवा किसी अन्य को उपलब्ध हो जाने पर कोई देयता अथवा सावधानी संबंधी कर्तव्य का दायित्व स्वीकार अथवा मान्य नहीं करते हैं.

कृते **के. एस. अय्यर एंड कं.**
सनदी लेखाकार
एफआरएन - 100186डब्ल्यू

शांतनु घोष
साझेदार (सदस्यता सं. 050927)
युडीआईएन: 19050927ए ए ए ए डी 2060

कृते **जेएलएन यूएस एंड कं.**
सनदी लेखाकार
एफआरएन - 101543डब्ल्यू

रमाप्रसन्न अग्रवाल
साझेदार (सदस्यता सं. 119693)
युडीआईएन: 19119693 ए ए ए ए ए एफ 2196

कृते **एम. पी. चितले एंड कं.**
सनदी लेखाकार
एफआरएन - 101851डब्ल्यू

आशुतोष पेडणेकर
साझेदार (सदस्यता सं. 041037)
युडीआईएन: 19041037ए ए ए ए ए एम 6359

स्थान : मुंबई
दिनांक : 27 जून 2019

कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट

अभिशासन संहिता पर बैंक के दर्शन का संक्षिप्त विवरण

बैंक अपने परिचालनों में कॉरपोरेट अभिशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इसकी नीतियां व पद्धतियां न सिर्फ सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, बल्कि अपने अंशधारकों के सर्वोत्तम हित में काम करने की इसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं. अभिशासन के उच्च मानकों को बनाये रखने का दायित्व आपके बैंक के निदेशक मंडल तथा बोर्ड की विभिन्न समितियों पर है जिन्हें विधिक एवं विनियामकीय प्रावधानों तथा बैंकिंग परंपराओं के ढांचे के भीतर आवश्यक प्रकटीकरण करने सहित उत्कृष्ट कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के अधिकार प्राप्त हैं.

इस दिशा में बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसके निदेशक मंडल का गठन निर्धारित मानदंडों के अनुसार होता रहे, निर्धारित अंतराल पर इसकी नियमित बैठकें हों, यह प्रभावी नेतृत्व प्रदान करे, प्रबंधन पर नियंत्रण रखे, कार्यपालकों के कार्य-निष्पादन पर निगरानी रखे तथा समुचित प्रकटीकरण करे. इसके अतिरिक्त, रणनीतिक नियंत्रण ढांचे की स्थापना और इसकी प्रभावशीलता की निरंतर समीक्षा तथा नीति निर्माण, कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए स्पष्ट दस्तावेजीकृत तथा पारदर्शी प्रबंध प्रक्रियाओं की स्थापना और निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण तथा रिपोर्टिंग बैंक के अन्य नीतिगत दिशा-निर्देश हैं. बैंक बोर्ड को निर्बाध रूप से सभी संबद्ध सूचनाएं तथा संसाधन उपलब्ध कराता है जिससे वे अपनी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभा सकें.

निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का दायरा व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और बैंक के संस्था अन्तर्नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम 2015 (एलओडीआर विनियम) में यथावर्णित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं से शासित होता है. बोर्ड प्रत्यक्ष रूप से और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 51% की नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद, बैंक के बोर्ड को संस्था के अंतर्नियम के संशोधित अनुच्छेद 116(1) और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 10ए के अनुपालन में पुनर्गठित किया गया है. बैंक के संशोधित संस्था के अंतर्नियम के अनुसार निदेशक मंडल में एलआईसी के अध्यक्ष, बैंक के गैर कार्यपालक अधिकारी गैर पूर्णकालिक अध्यक्ष के रूप में, एलआईसी द्वारा नामित प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) और दो उप प्रबंध निदेशकों (डीएमडी), एलआईसी के एक आधिकारिक नामिती निदेशक, भारत सरकार (जीओआई) के दो नामिती निदेशक और आठ स्वतंत्र निदेशक जिसमें एक महिला निदेशक शामिल हैं सहित पंद्रह सदस्यों को शामिल किया गया है.

मुख्य रूप से, कंपनी अधिनियम, 2013 और एलओडीआर विनियमावली के तहत निर्धारित संदर्भ की शर्तें निम्नानुसार हैं :

- शेयरधारकों से उनके शेयरों पर अप्रदत्त धनराशि के संबंध में मांग करना;
- धारा 68 के तहत प्रतिभूतियों की वापसी खरीद हेतु प्राधिकृत करना;
- भारत में या भारत से बाहर डिबेंचरों सहित प्रतिभूतियों को जारी करना;
- धन उधार लेना;
- बैंक की निधियों को निवेश करना;
- ऋण मंजूर करना या गारंटी देना या ऋणों के संबंध में प्रतिभूति उपलब्ध कराना;
- वित्तीय विवरण और बोर्ड की रिपोर्ट को अनुमोदित करना.
- बैंक के कारोबार में विविधता लाना;
- समामेलन, विलयन या पुनर्निर्माण को अनुमोदित करना;
- किसी कंपनी का अधिग्रहण करना या किसी अन्य कंपनी में नियंत्रण अर्जित करना या पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) को नियुक्त करना या हटाना;
- आंतरिक लेखा-परीक्षकों और सचिवीय लेखा-परीक्षक को नियुक्त करना;
- निदेशकों के हित और शेयरधारिता के प्रकटन को नोट करना;
- बैंक द्वारा धारित निवेशों (व्यापार निवेशों के अलावा) का क्रय-विक्रय जिसमें निवेशक कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का पांच प्रतिशत या उससे अधिक और निर्बंध प्रारक्षित निधियाँ शामिल हैं;
- यथास्थिति तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों या वित्तीय परिणामों को अनुमोदित करना;
- गैर अनुपालन के मामलों में सुधार करने के लिए बैंक द्वारा की गई कार्रवाई के साथ बैंक पर लागू सभी कानूनों से संबंधित और बैंक द्वारा अनुपालन रिपोर्टों की आवधिक समीक्षा करना;
- निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता तैयार करना;
- बैंक के लिए जोखिम प्रबंधन योजना तैयार करना, कार्यान्वयन करना और निगरानी सुनिश्चित करना;
- स्वतंत्र निदेशकों, सभी अन्य निदेशकों, बोर्ड की समितियों और सम्पूर्ण बोर्ड के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करना;
- कॉरपोरेट रणनीति, कार्रवाई की प्रमुख योजनाओं, जोखिम नीति, वार्षिक बजट और कारोबार योजना की समीक्षा और मार्गदर्शन, कार्य-निष्पादन के उद्देश्यों की स्थापना, कार्यान्वयन और कॉरपोरेट कार्य-निष्पादन की निगरानी और प्रमुख पूंजी व्यय, अधिग्रहण और विनिवेशों का निरीक्षण करना;
- बैंक की अभिशासन पद्धतियों की प्रभावशीलता की निगरानी और उसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का चयन, मुआवज़ा, निगरानी, और जब आवश्यक हो, उनका प्रतिस्थापन और उत्तराधिकार योजना का निरीक्षण करना;
- बैंक और उसके शेयरधारकों के दीर्घकालिक हितों के साथ मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों और निदेशकों के पारिश्रमिक को सुमेलित करना;

- निदेशक मंडल में विचार, अनुभव, ज्ञान, परिप्रेक्ष्य और लिंग की विविधता के साथ निदेशक मंडल के लिए पारदर्शी नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करना;
- कॉरपोरेट आस्तियों के दुरुपयोग और संबंधित पक्ष लेनदेनों के गलत उपयोग के साथ प्रबंधन, निदेशक मंडल के सदस्य और शेयरधारकों के हितों के संभावित टकरावों की निगरानी और प्रबंध करना;
- बैंक के लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली के साथ स्वतंत्र लेखा-परीक्षा की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करना और नियंत्रण की उचित प्रणाली, मुख्य रूप से जोखिम प्रबंधन, वित्तीय और परिचालनगत नियंत्रण प्रणाली लागू करना, कानून और प्रासंगिक मानदंडों के अनुपालन की व्यवस्था करना;
- प्रकटन और संचार प्रक्रिया की देखरेख;
- निदेशक मंडल की मूल्यांकन संरचना की निगरानी और समीक्षा;
- बैंक को रणनीतिक मार्गदर्शन उपलब्ध करने के लिए प्रबंधन की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना और बैंक और शेयरधारकों के लिए जवाबदेह होना;
- कॉरपोरेट संस्कृति और मूल्य निर्धारित करना जिसके अनुसार समूह के सभी कार्यपालकों को आचरण करना होगा;
- पूर्ण जानकारी के आधार पर, सद्भावना में, समुचित सावधानी और देखभाल के साथ बैंक और शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में कार्य करना;
- निदेशक मंडल के सदस्यों को अद्यतित जानकारी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निदेशकों के नियमित प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करना;
- सभी शेयरधारकों के साथ न्यायपूर्वक व्यवहार करना;
- उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखना और हितधारकों के हितों का ध्यान रखना;
- कॉरपोरेट मामलों के बारे में वस्तुनिष्ठ स्वतंत्र निर्णयन करना;
- जहां हितों के टकराव की संभावना हो, वहाँ पर्याप्त संख्या में निदेशक मंडल के स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम गैर-कार्यकारी सदस्यों को नामित करने पर विचार करना;
- रणनीति, रणनीतिक पहल (जैसे कि अधिग्रहण), जोखिम क्षमता, एक्सपोज़र और सूचीबद्ध संस्था के ध्यान देने योग्य मुख्य क्षेत्रों जैसी अंतर्निहित धारणाओं की चुनौती से कार्यपालक प्रबंधन की सहायता करने के लिए पीछे हटने की क्षमता. निदेशक मंडल की समितियों के अधिदेश, संरचना और कार्य प्रणाली को परिभाषित और प्रकट करना;
- निदेशक मंडल के एक सदस्य के रूप में और निदेशक मंडल की समिति के एक सदस्य के रूप में स्वतंत्र निदेशकों को अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करने के लिए सुविधा प्रदान करना;
- विनियामक/ सांविधिक दिशा-निर्देशों द्वारा समय-समय पर इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

31 मार्च 2019 के अनुसार बैंक के बोर्ड में तेरह निदेशक थे, जिसमें प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (एमडी एवं सीईओ), दो उप प्रबंध निदेश निदेशक (डीएमडी), तीन गैर-कार्यपालक निदेशक और सात स्वतंत्र निदेशक शामिल थे. पूर्णकालिक निदेशक के रूप में श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक व श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक; गैर कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री पंकज जैन एवं श्री सुधीर श्याम, केंद्र सरकार के आधिकारिक नामिती और श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी नामिती निदेशक, स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल, श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी, श्री समरेश परिदा, श्री एन. जंबुनाथन, श्री दीपक सिंघल और श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर शामिल थे. वर्तमान में बोर्ड में 13 (तेरह) निदेशकों की संख्या संस्था अंतर्नियम के अनुच्छेद 114(ए) के अंतर्गत प्रदान की गई अपेक्षाओं को पूरा करती है.

निदेशकों के बीच परस्पर संबंध

(i) बैंक के बोर्ड में किसी भी निदेशक का किसी अन्य निदेशक से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंध नहीं है.

(ii) आरबीआई द्वारा निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा के अनुसार बैंक के किसी भी निदेशक की आयु सत्तर वर्ष नहीं है.

(iii) बैंक के अध्यक्ष गैर कार्यपालक निदेशक हैं और वे अनुच्छेद 116(1)(i) के निबंधनों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 अंतर्गत परिभाषित 'रिलेटिव' शब्द के परिभाषा के अनुसार बैंक के एमडी एवं सीईओ से संबंधित नहीं है.

बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम

बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम कुल संख्या का एक तिहाई अथवा तीन (3) निदेशक, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा बशर्ते कि इनमें कम से कम एक निदेशक एलआईसी का नामिती और एक स्वतंत्र निदेशक हो.

बोर्ड की बैठकों की बारंबारता

बोर्ड की बैठक आम तौर पर एक वर्ष में कम से कम छह बार और प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी तथा बोर्ड की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिनों से ज्यादा का अंतराल नहीं होना चाहिए.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान बोर्ड की कुल सोलह बैठकें 26 अप्रैल 2018, 07 मई 2018, 25 मई 2018, 22 जून 2018, 17 जुलाई 2018, 14 अगस्त 2018, 31 अगस्त 2018, 27 सितंबर 2018, 04 अक्तूबर 2018, 14 नवंबर 2018, 19 दिसंबर 2018, 21 जनवरी 2019 (दो बैठकें), 04 फरवरी 2019, 25 फरवरी 2019 और 19 मार्च 2019 को संपन्न हुईं. इनमें से 07 मई 2018 को दिल्ली में आयोजित एक बैठक तथा 21 जनवरी 2019 को बेंगलुरु में आयोजित दो बैठकों को छोड़कर शेष सभी बैठकें मुंबई में आयोजित की गईं.

आपके बैंक के प्रत्येक निदेशक की बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति, गत वार्षिक महासभा (एजीएम) में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में उनकी निदेशकता और समितियों में सदस्यता का ब्योरा तालिका 1 में दिया गया है.

तालिका 1 : निदेशकों की बोर्ड की बैठकों और वार्षिक महासभा में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में निदेशकता और समितियों में सदस्यता

निदेशक का नाम	आपके बैंक के बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (संपन्न बैठकों की कुल संख्या - 16)	13 अगस्त 2018 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों (अन्य सार्वजनिक कंपनियों) में निदेशकता	अन्य कंपनियों में एसीबी / एसआरसी सदस्यता (अध्यक्षता)	अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जहां व्यक्ति निदेशक है और निदेशकता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
गैर-कार्यपालक अध्यक्ष					
श्री हेमंत भार्गव (डीआईएन-01922717 [25.02.2019 से 13.03.2019 तक]	0(0)	लागू नहीं	12(9)	1(0)	1. एल एंड टी लि. नामिती निदेशक 2. टाटा पॉवर कं. लि.- नामिती निदेशक 3. वोल्टास लि. - निदेशक 4. एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. अध्यक्ष
पूर्णकालिक निदेशक					
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ (डीआईएन-06846594) [10.10.2018 से प्रभावी]	7(7)	लागू नहीं	2(2)	शून्य	शून्य
श्री बी. श्रीराम, एमडी एवं सीईओ (डीआईएन - 02993708) [30.06.2018 से 30.09.2018 तक]	4(4)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री महेश कुमार जैन एमडी एवं सीईओ (डीआईएन- 03513127) [21.06.2018 तक]	3(3)	लागू नहीं	शून्य	शून्य	शून्य
श्री के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 02611496)	16(16)	उपस्थित	2(2)	शून्य	शून्य
श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 01432796)	16(16)	उपस्थित	3(3)	शून्य	शून्य
गैर-कार्यपालक निदेशक					
श्री पंकज जैन भारत सरकार नामिती (डीआईएन - 00675922)	15(16)	उपस्थित	8(6)	1(0)	शून्य
श्री प्रवीण गर्ग भारत सरकार नामिती (डीआईएन - 00208604) [14.05.2018 तक]	2(2)	लागू नहीं	1(1)	शून्य	शून्य

निदेशक का नाम	आपके बैंक के बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (संपन्न बैठकों की कुल संख्या - 16)	13 अगस्त 2018 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों (अन्य सार्वजनिक कंपनियों) में निदेशकता	अन्य कंपनियों में एसीबी / एसआरसी सदस्यता (अध्यक्षता)	अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जहां व्यक्ति निदेशक है और निदेशकता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
श्री सुधीर श्याम भारत सरकार नामिती (डीआईएन- 08135013 (16.05.2018 से प्रभावी)	12(14)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी नामिती (डीआईएन-02509203) [21.01.2019 से प्रभावी]	4(4)	लागू नहीं	1(1)	शून्य	शून्य
स्वतंत्र निदेशक					
श्री एस. रवि (डीआईएन - 00009790) (12.05.2018 तक)	1(2)	लागू नहीं	10(7)	7(2)	1. बीएसई लि.- अध्यक्ष, सार्वजनिक हित निदेशक 2. भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि.- स्वतंत्र निदेशक
श्री निनाद कर्पे (डीआईएन - 00030971) [11.05.2018 तक]	1(2)	लागू नहीं	7(4)	3(1)	1. एप्टेक लि.- निदेशक 2. सविता ऑयल टेक्नोलॉजिस लि.- निदेशक
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी (डीआईएन - 00603925)	15(16)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
डॉ. आशिमा गोयल (डीआईएन - 00233635)	16(16)	उपस्थित नहीं	3(2)	शून्य	1.एडलेविस फाईनेंशियल सर्विसेस लि. - निदेशक
श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी (डीआईएन - 06713850)	16(16)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री समरेश परिदा (डीआईएन-01853823) [19.05.2018 से प्रभावी]	14(14)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री एन. जंबुनाथन (डीआईएन-05126421) [19.05.2018 से प्रभावी]	13(14)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री दीपक सिंघल (डीआईएन-08375146 [28.02.2019 से प्रभावी]	1(1)	लागू नहीं	शून्य	शून्य	शून्य
श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर (डीआईएन- 08377808 [05.03.2019 से प्रभावी]	1(1)	लागू नहीं	शून्य	शून्य	शून्य

कॉलम 4 में कोष्ठक में दिए गए आंकड़े सार्वजनिक कंपनियों में निदेशकता और कॉलम 5 में कोष्ठक में दिए गए आंकड़े समितियों की अध्यक्षता की संख्या दर्शाते हैं.

अध्यक्ष की नियुक्ति

21 जनवरी 2019 से प्रभावी, आईडीबीआई बैंक के संशोधित संस्था के अंतर्नियम (एओए) की शर्तों के अनुसार, एलआईसी के अध्यक्ष बैंक के पदेन गैर-कार्यपालक गैर-पूर्णकालिक अध्यक्ष होंगे. यथा 31 मार्च 2019 को अध्यक्ष का पद रिक्त था. इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक से दिनांक 09 मई 2019 को प्राप्त अनुमोदन के अनुसार निदेशक मंडल ने 13 मई 2019 को आयोजित अपनी बैठक में श्री मंगलम रामसुब्रमणियन कुमार, एलआईसी के अध्यक्ष को 3 वर्ष की अवधि या जब तक वे एलआईसी के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहेंगे, जो भी पहले हो, के लिए आईडीबीआई बैंक लि. के गैर-कार्यपालक गैर पूर्णकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया.

ए. बोर्ड की समितियां

बोर्ड की कुल 14 समितियां हैं, यथाः

- बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
- जोखिम प्रबंधन समिति
- स्वतंत्र निदेशक समिति
- कार्यपालक समिति
- धोखाधड़ी निगरानी समिति
- जोखिम प्रबंधन समिति
- असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति
- इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति
- हितधारक संबंध समिति
- नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति
- मानव संसाधन संचालन समिति
- वसूली समीक्षा समिति
- ग्राहक सेवा समिति
- सूचना प्रौद्योगिकी समिति

1. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2019 को बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) में छः सदस्य थे जिसमें, श्री समरेश परिदा, सनदी लेखाकार और स्वतंत्र निदेशक, लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष थे तथा श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी नामिती निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ आशिमा गोयल और श्री संजय कल्लापुर स्वतंत्र निदेशक इसके अन्य सदस्य थे. श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक और श्री पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक एसीबी में स्थाई विशेष आमंत्रिती थे. एसीबी की भूमिका और उसके अधिकार कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों, रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों और एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग सी के साथ पठित विनियम 18 के अनुसार हैं.

कंपनी अधिनियम 2013, एलओडीआर विनियमावली, रिज़र्व बैंक और भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार लेखा परीक्षा समिति की व्यापक भूमिकाएँ और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैंः

- संवेदनशील क्षेत्रों को ऋण सहायता, अर्थात् (क) पूंजी बाजार, और (ख) रियल इस्टेट;
- अपने ग्राहक को जानिए/ धन शोधन निवारक (केवाईसी / एएमएल) दिशा-निर्देश-
  - i. कार्यान्वयन की समीक्षा;
  - ii. शाखाओं में केवाईसी/ एएमएल दिशा-निर्देशों के पालन के संबंध में संगामी लेखा परीक्षा रिपोर्टों के अनुपालन की समीक्षा;
- हाउस कीपिंग की समीक्षा - विशेषकर लंबे समय से बकाया प्रविष्टियों, उचंत/ विविध/ देय अथवा प्रदत्त ड्राफ्ट/ मार्गस्थ निधियाँ/ समाशोधन/ सहायक सामान्य खाताबही (एसजीएल)/ संघटक सहायक सामान्य खताबही (सीएसजीएल) खातों का संतुलन और समाधान;
- रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए वार्षिक वित्तीय निरीक्षण के संबंध में अनुपालन की समीक्षा (जब तक बैंक पूर्ण अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देता, एसीबी को निरंतर आधार पर इसकी समीक्षा करनी चाहिए. एसीबी को रिज़र्व बैंक की निरीक्षण रिपोर्टों में दर्शायी गयी कमियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए);
- लेखा-परीक्षा योजना और इसकी उपलब्धियों की स्थिति की समीक्षा;
- महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा निष्कर्षों/निम्नलिखित लेखा-परीक्षाओं में पायी गयी आंतरिक नियंत्रण कमियों की उसके अनुपालन सहित समीक्षा- (i) लांग फॉर्म लेखा परीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) (ii) संगामी लेखा-परीक्षा (iii) आंतरिक निरीक्षण (iv) सूचना प्रणाली(आईएस) डाटा सेंटर और अन्य विभागों की लेखा-परीक्षा (v) ट्रेजरी और डेरिवेटिव (vi) नियंत्रण कार्यालयों/ प्रधान कार्यालये में प्रबंधन लेखा-परीक्षा (vii) सेवा शाखाओं की लेखा-परीक्षा, (viii) करेंसी चेस्ट (ix) विदेशी मुद्रा विनिमय में संव्यवहार करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं की विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) लेखा-परीक्षा आदि;
- एसीबी/ बोर्ड/ रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेशों पर अनुपालन रिपोर्ट;
- समुद्रपारीय शाखाओं के संबंध में मेज़बान देशों में विनियामकों की विनियामकीय अपेक्षाओं पर अनुपालन रिपोर्ट;
- प्रबंधन चर्चा, समीक्षा, वित्तीय स्थिति के विश्लेषण, प्रबंधन पत्रों/ सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा आंतरिक नियंत्रण की कमियों के बारे में जारी पत्रों सहित तिमाही के वित्तीय परिणामों की समीक्षा;
- विवेकाधिकार शक्तियों के प्रयोग में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा उल्लंघन संबंधी जानकारी की समीक्षा;
- उधारकर्ता कंपनियों में उनकी प्रदत्त पूंजी के 30% से अधिक की इक्विटी शेयर धारिता के संबंध में जानकारी;
- मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर को समाप्त तिमाही के दौरान रिपोर्ट किए गए सभी धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा;
- संबद्ध पक्षों के साथ लेन-देनों की समीक्षा और संबंधित पक्ष लेनदेन के लिए पूर्वानुमोदन,
- (क) जोखिम आधारित आंतरिक लेखा-परीक्षा नीति, (ख) संगामी लेखा-परीक्षा नीति और (ग) आईएस लेखा-परीक्षा नीति की समीक्षा;
- बैंक के खातों में अधिक पारदर्शिता लाने और लेखांकन मानकों की पर्याप्तता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक की लेखांकन नीतियों/ प्रणालियों की समीक्षा; वर्ष के दौरान किसी भी परिवर्तन और उसके परिणाम की समीक्षा. इस आशय की पुष्टि कि लेखांकन नीतियों का अनुपालन लेखांकन मानदंडों और रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशो के अनुसार किया गया है;
- आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफ की संख्या

तथा विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना, कवरेज और आंतरिक लेखा-परीक्षा की बारंबारता सहित आंतरिक लेखा-परीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा;

- बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समीक्षा;
- बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की समीक्षा;
- सांविधिक लेखा-परीक्षकों की नियुक्ति, लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और कार्य निष्पादन तथा देशी और समुद्रपारीय परिचालनों दोनों के लिए लेखा-परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की निगरानी और समीक्षा;
- निदेशक मंडल के अनुमोदन हेतु प्रस्तुति से पूर्व एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग सी के बिन्दु ए (4) में दर्शाई गयी (क) से (छ) की मदों के विशेष संदर्भ में वार्षिक लेखों/ वित्तीय विवरणों और इस पर लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा;
- सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा दी गई अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए लेखा-परीक्षकों को किए जाने वाले भुगतान का अनुमोदन करना;
- लेखा-परीक्षा शुरू होने से पूर्व उसके स्वरूप और कार्य-क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखा-परीक्षकों के साथ विचार-विमर्श तथा साथ ही चिंताजनक विषयों का पता लगाने के लिए लेखा-परीक्षा के उपरांत विचार-विमर्श;
- विभिन्न कानूनों और संविधियों के तहत बैंक पर लगाए गए दंडों/ दंडात्मक कार्रवाई और सुधारात्मक उपायों के लिए की गयी कार्रवाई;
- आंतरिक/ बाह्य लेखा-परीक्षकों द्वारा पता लगाई गई राजस्व हानि की रिपोर्ट और इसकी वसूली की स्थिति की समीक्षा; कमतर राजस्व के कारण और राजस्व हानियों को रोकने के लिए की गई कार्रवाई;
- ऑफर दस्तावेजों और निधियों के सार्वजानिक निर्गम (सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रमाणित) के जरिये जुटाई गई निधियों के अंतिम उपयोग पर रिपोर्ट और साथ ही साथ, (I) विनियमावली 32(1) के अनुसार निगरानी एजेंसी रिपोर्ट सहित विचलन(नों) के तिमाही विवरण और (II) एलओडीआर विनियमावली के विनियम 32(7) के अनुसार ऑफर दस्तावेज में उल्लिखित उद्देश्यों के अलावा अन्य के लिये उपयोग की गई निधियों का वार्षिक विवरण;
- जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न होने के मामले में) और लेनदारों को भुगतान में वास्तविक चूक के कारणों की समीक्षा;
- असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए विशेष निवेशों सहित वित्तीय विवरणियों की समीक्षा;
- पहली बार हुए एनपीए (एफटीएनपीए) की समीक्षा;
- 1 करोड़ रुपये और उससे अधिक के नकारे गए चेक;
- संगामी लेखा-परीक्षा प्रणाली की वार्षिक समीक्षा;
- वार्षिक लेखा-परीक्षा योजना का अनुमोदन;
- आउटसोर्स वेंडरों की लेखा-परीक्षा की वार्षिक समीक्षा;
- सतर्कता तंत्र की कार्य प्रणाली (पूर्व में विसिल ब्लोअर तंत्र) की समीक्षा;
- (i) मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ); (ii) मुख्य आंतरिक लेखा-परीक्षक और (iii) मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति का अनुमोदन;
- बैंक के उपक्रमों और आस्तियों का मूल्यांकन, जहां कहीं भी आवश्यक हो;
- बैंक के लेखों को प्रभावित करने वाले रिज़र्व बैंक के परिपत्र;
- अनुपालन स्थिति सहित पिछली बैठकों में एसीबी/ एसीबी अध्यक्ष द्वारा दिये गए विशेष निदेश;
- अंगीकार करने के उद्देश्य से वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) को रिपोर्ट किए गए एनपीए/वसूली संबंधित मामले;
- होल्डिंग कंपनी द्वारा सहायक संस्था में 100 करोड़ रुपये से अधिक या सहायक संस्था के आस्ति भाग के 10%, इस प्रावधान के लागू होने की नियत तारीख से मौजूदा ऋण/अग्रिम/निवेश सहित जो भी कम हो, के निवेश/ ऋण और/या अग्रिमों के उपयोग की समीक्षा,
- सेबी (इन्साइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियमन, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन की वार्षिक समीक्षा;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एसीबी की बैठकों के लिए कोरम

एसीबी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा 2 सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, किन्तु इनमें कम से कम दो स्वतंत्र निदेशक होंगे.

एसीबी बैठकों की बारंबारता

एसीबी की वर्ष में कम से कम 4 बैठकें होंगी और एसीबी की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिन से अधिक का अंतराल नहीं होगा.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान एसीबी की 11 बैठकें 26 अप्रैल 2018, 25 मई 2018, 22 जून 2018, 13 अगस्त 2018, 14 अगस्त 2018, 27 सितंबर 2018, 14 नवंबर 2018, 19 दिसंबर 2018, 21 जनवरी 2019, 04 फरवरी 2019, और 19 मार्च 2019 को संपन्न हुईं.

2. कार्यपालक समिति (ईसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कार्यपालक समिति (ईसी) ऋणों और अग्रिमों की मंजूरी, निबंधनों एवं शर्तों में संशोधन आदि सहित ऋण अनुमोदन के सभी मामलों पर विचार करती है.

31 मार्च 2019 को कार्यपालक समिति (ईसी) में छः सदस्य थे जिसमें अध्यक्ष के रूप में सर्वश्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा ईसी सदस्य के रूप में के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, भुवनचन्द्र बी. जोशी, एन. जंबुनाथन और श्री दीपक सिंघल स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

कार्यपालक समिति की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- 250 करोड़ रुपये से अधिक के एक्सपोजर वाले उच्च मूल्य ऋण प्रस्तावों की मंजूरी;
- कार्यपालक समिति द्वारा मंजूरी संबंधी बनाए गए निबंधनों और शर्तों में संशोधन;
- ऋण समितियों के कार्यवृत्त की रिपोर्टिंग;
- एकबारीय निपटान (ओटीएस) हेतु प्रस्तावों की मंजूरी;
- निम्नलिखित को 25 लाख रुपये से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी:
  - (i) अन्य बैंकों के निदेशक (अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक सहित)
  - (ii) कोई फर्म जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों; और
  - (iii) कोई कंपनी जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों;
- निम्नलिखित को 25 लाख रुपये से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी :
  - i. बैंक के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या बैंक के अन्य निदेशकों के कोई संबंधी,
  - ii. अन्य बैंकों के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या अन्य निदेशकों के कोई संबंधी,
  - iii. कोई फर्म जिसमें (i) और (ii) में किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों, और
  - iv. कोई कंपनी जिसमें (i) और (ii) में किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों,
- प्रतिभूतिकरण पोर्टफोलियो की मंजूरियों की रिपोर्टिंग;
- प्रथम बार एनपीए (एफटीएनपीए) मामलों की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित मामलों के संबंध में प्रतिभूति सृजन की स्थिति की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- बकाया और प्राप्य राशियों के निवेश लिखत(तों) में परिवर्तन के लिए प्रस्ताव;
- प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) /अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ)/अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) में बोली लगाने के लिए अनुमोदन;
- कंपनियों/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) की प्रतिभूति रसीदों/उद्यम एवं निजी इक्विटी फंड/म्युचुअल फंड के नए फंड प्रस्ताव (एनएफओ), आदि के इक्विटी/अधिमान्य शेयरों/परिवर्तनीय/गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों, बांडों आदि (सममूल्य/प्रीमियम पर) में निवेश;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ईसी की बैठकों के लिए कोरम

ईसी की बैठकों के लिए कोरम कार्यपालक समिति की कुल संख्या का एक तिहाई या कार्यपालक समिति के दो (2) सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

ईसी की बैठक की बारंबारता

कार्यपालक समिति की बैठक जरूरत के अनुसार और वर्ष में कम-से-कम चार बार होगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019) के दौरान कार्यपालक समिति की कुल 23 बैठकें हुईं जो 25 अप्रैल 2018, 07 मई 2018, 25 मई 2018, 08 जून 2018, 09 जुलाई 2018, 25 जुलाई 2018, 7 अगस्त 2018, 21 अगस्त 2018, 07 सितंबर 2018, 26 सितंबर 2018, 23 अक्तूबर 2018, 13 नवंबर 2018, 26 नवंबर 2018, 11 दिसंबर 2018, 19 दिसंबर 2018, 27 दिसंबर 2018, 14 जनवरी 2019, 21 जनवरी 2019, 06 फरवरी 2019, 22 फरवरी 2019, 06 मार्च 2019, 18 मार्च 2019 और 28 मार्च 2019 को सम्पन्न हुईं.

3. हितधारक संबंध समिति (एसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2019 को आपके बैंक की हितधारक संबंध समिति (एसआरसी) में चार सदस्य थे जिसमें डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक बैठक की अध्यक्षता करती हैं तथा श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक और श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक अन्य सदस्य हैं. समिति का गठन शेयर धारकों, बांड धारकों, अन्य प्रतिभूति धारकों और निवेशकों के शेयर अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने आदि संबंधी शिकायतों का निवारण करने के लिए किया गया है. यह समिति कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 तथा एलओडीआर विनियमावली के विनियम 20 तथा अनुसूची II के भाग डी के अंतर्गत उपबंधित विचारार्थ विषयों के अनुसार कार्य करती है.

एसआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नलिखित हैं :

- शेयरों के अंतरण/पारेषण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने, नए /डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने, महा सभा आदि से संबंधित शिकायतों सहित शेयरधारकों, बांडधारकों और अन्य प्रतिभूति धारकों की शिकायतों का समाधान;
- उपर्युक्त में दिए गए अधिदेश को पूरा करने के लिए एसआरसी अपनी प्रत्येक बैठक में इक्विटी सर्विसिंग और बांड सर्विसिंग रिपोर्टों पर विचार तथा उनकी समीक्षा करेगी और जरूरी होने पर इस संबंध में निदेश जारी करेगी;
- इक्विटी सर्विसिंग संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा;

- फ्लेक्सीबॉण्डों की सर्विसिंग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा;
- शेयर पूंजी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के समाधान विवरण की रिपोर्टिंग;
- स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत निवेशकों की शिकायतों के विवरण की रिपोर्टिंग;
- शेयर धारकों द्वारा वोटिंग अधिकार के प्रभावी के लिए किए गए उपाय की समीक्षा;
- रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सेवाओं के संबंध में बैंक द्वारा लिए गए मानक सेवाओं के अनुपालन की समीक्षा;
- अदावी लाभांश के भाग को कम करने और कंपनी के शेयर धारकों को लाभांश वारंट/ वार्षिक रिपोर्ट/सांविधिक नोटिस की समयबद्ध प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा किए गए विभिन्न उपाय और पहल कार्यों की समीक्षा;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एसआरसी बैठकों के लिए कोरम

एसआरसी की बैठकों के लिए कोरम एसआरसी की कुल संख्या का एक तिहाई या दो (2) सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

एसआरसी की बैठकों की बारंबारता

एसआरसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019) के दौरान एसआरसी की चार बैठकें दिनांक 22 जून 2018, 27 सितंबर 2018, 19 दिसंबर 2018 और 19 मार्च 2019 को सम्पन्न हुईं.

4. धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

1 करोड़ रुपये तथा इससे अधिक की राशि के धोखाधड़ी मामलों की निगरानी तथा उनका अनुवर्तन करने के लिए एक विशेष समिति के रूप में धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) का गठन किया गया है. इसका गठन धोखाधड़ी का पता लगाने, उन पर निगरानी रखने और उनसे निपटने के लिए किया गया है.

31 मार्च 2019 को धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) में 6 सदस्य थे जिसमें अध्यक्ष के रूप श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ तथा सर्वश्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, ज्ञान प्रकाश जोशी, दीपक सिंघल और संजय गोकुलदास कल्लापुर स्वतंत्र निदेशकगण इसके सदस्य थे.

एफएमसी की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- प्रणालीगत कमी, यदि कोई है, जिससे धोखाधड़ी संभव हुई, की पहचान करना तथा उसे रोकने के लिए उपाय सुझाना;
- धोखाधड़ी, यदि कोई है, का पता लगाने में विलंब के कारणों की पहचान करना तथा बैंक के शीर्ष प्रबंधन और रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट करना;
- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)/पुलिस द्वारा जांच पड़ताल में प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी करना;
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में सभी स्तरों पर स्टाफ जवाबदेही की जांच हो तथा बिना समय गँवाए तत्काल कार्रवाई, यदि अपेक्षित हो, पूरी हो;
- धोखाधड़ी की पुनर्रावृत्ति को रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता, जैसे आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना, की समीक्षा करना;
- रेड फ्लैग खातों तथा बकाया रेड फ्लैग खातों के बारे में की गई उपचारात्मक कार्रवाई/दिए गए जांच आदेश की स्थिति की समीक्षा करना;
- धोखाधड़ी के मामलों में स्टाफ जवाबदेही प्रक्रिया के पूरा होने और उस पर की गई कार्रवाई को नोट करना;
- सीबीआई/पुलिस आदि द्वारा जांच किए जा रहे मामलों से वसूली सहित धोखाधड़ी मामलों में वसूली की स्थिति;
- बैंक में सतर्कता कार्यकलापों की समीक्षा;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एफएमसी की बैठकों के लिए कोरम

एफएमसी बैठकों के लिए कोरम एफएमसी के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई या दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

एफएमसी बैठकों की बारंबारता

1 करोड़ रु. और उससे अधिक राशि की धोखाधड़ी के मामले प्रकाश में आने पर धोखाधड़ी निगरानी समिति की बैठक आयोजित करना अपेक्षित होता है और उसमें मामले की समीक्षा की जाती है.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019) के दौरान एफएमसी की दो बैठकें दिनांक 21 जून 2018, तथा 27 दिसंबर 2018 को संपन्न हुईं.

5. जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन करने, उनमें कमी लाने का प्रयास करने, आस्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का समाधान करने और साथ ही बैंक की जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी एवं समीक्षा करने के लिए जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) का गठन किया गया है. आरएमसी एलओडीआर विनियमावली के विनियम 21 के अंतर्गत उपबंधित अधिदेश/ विचारार्थ विषयों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करती है.

31 मार्च 2019 को बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) में छह सदस्य अर्थात् अध्यक्ष के रूप में सर्वश्री संजय गोकुलदास कल्लापुर, राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, सुधीर श्याम, सरकारी

नामिती निदेशक एवं भुवनचन्द्र बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक, सदस्य के रूप में शामिल थे.

यह समिति आरएमसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार है:

- चलनिधि जोखिम सहित बैंक के समक्ष आने वाले सभी जोखिमों का मूल्यांकन करना;
- अन्य जोखिमों के साथ चलनिधि जोखिम के संभाव्य प्रभाव को आरएमसी द्वारा निवारण किए जा रहे जोखिमों में भी शामिल किया जाए;
- नकदी प्रवाह के अनुमानों की रिपोर्टिंग, चलनिधि जोखिम, प्रयुक्त धारणाओं का मापन;
- बोर्ड को नीतियों यथा - ऋण नीति, वसूली नीति, निधि प्रबंधन नीति, जोखिम प्रबंधन नीति, आस्ति देयता नीति, परिचालनगत जोखिम तथा कारोबार निरंतरता प्रबंधन (ओआर एवं बीसीएम) नीति, डीआईएफसी शाखा एएलएम नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति, बाजार जोखिम तथा डेरिवेटिव नीति, देशी जोखिम प्रबंधन नीति एवं देशी जोखिम सीमाएं, निवेश नीति आदि की सिफ़ारिश करना;
- जोखिम प्रबंधन प्रणाली/ एएलएम एवं जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- परिचालनगत जोखिम एवं कारोबार निरंतरता प्रबंधन पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा;
- जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो की बाजार जोखिम रिपोर्ट की समीक्षा;
- दबाव परीक्षण के परिणामों की समीक्षा;
- जोखिम प्रबंधन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा;
- आंतरिक रेटिंग का अंतरण और चूक का विश्लेषण;
- आस्ति देयता प्रबंधन समीक्षा;
- बासेल III कार्यान्वयन तथा जोखिम प्रबंधन विभाग के अन्य कार्यकलापों की समीक्षा;
- संपार्श्विक प्रबंधन तथा ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) तकनीक पर नीति;
- प्रणाली, उत्पाद अनुमोदन एवं समीक्षा समिति (स्पार्क) I एवं II के कार्यवृत्त की रिपोर्टिंग;
- बासेल II तथा III के लिए तैयारी की स्थिति की समीक्षा;
- प्रतिपक्षकार बैंक सीमाओं एवं देशी एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के लिए सीमाओं के आबंटन पर नीति;
- ऋण एक्सपोजर - मानदंडों की समीक्षा तथा उनका अनुपालन;
- पारिश्रमिक और जोखिम के बीच प्रभावी सुयोजन को प्राप्त करने के संबंध में नामांकन और पारिश्रमिक समिति के साथ समन्वय कार्य;
- बैंक में साइबर सुरक्षा कार्य की निगरानी;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

आरएमसी की बैठकों के लिए कोरम

आरएमसी की बैठकों के लिए कोरम, आरएमसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक तिहाई या दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

आरएमसी बैठकों की बारंबारता

जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019) के दौरान आरएमसी की कुल पाँच बैठकें 21 जून 2018, 26 सितंबर 2018, 23 अक्तूबर 2018, 18 दिसंबर 2018 और 18 मार्च 2019 को संपन्न हुईं.

6. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अंतर्गत बोर्ड की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी) का गठन किया गया है. 31 मार्च 2019 को समिति में अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री सुधीर श्याम, सरकारी नामिती निदेशक और डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक इसके सदस्य के रूप में शामिल थे.

सीएसआर समिति के प्राथमिक दायित्व निम्नानुसार हैं:

- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति तैयार कर बोर्ड को उसकी सिफारिश करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में दिये गए अनुसार बैंक द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों की जानकारी दी गई हो;
- उपर्युक्त खंड में दिए गए कार्यकलापों पर होने वाले व्यय की राशि की सिफारिश करना;
- बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति की समय-समय पर की निगरानी करना; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

सीएसआरसी बैठकों के लिए कोरम

सीएसआरसी की बैठकों के लिए कोरम, सीएसआरसी के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई या दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

सीएसआरसी की बैठकों की बारंबारता

सीएसआरसी की बैठकें छमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019) के दौरान सीएसआर की कुल दो बैठकें 22 जून 2018 और 13 नवंबर 2018 को संपन्न हुईं.

7. ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंकिंग प्रणाली में ग्राहक संरक्षण तथा सेवाओं के लिए अभिशासन संरचना को मजबूत बनाने और साथ ही बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से नीतियां बनाने और उनके आंतरिक अनुपालन का आकलन करने के लिए ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) का गठन किया गया है.

31 मार्च 2019 को ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) में छह सदस्य अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी तथा श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक इसके सदस्य थे.

सीएससी की व्यापक भूमिका तथा उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहक की शिकायतों पर ध्यान देना तथा ग्राहकों को प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करना;
- व्यापक जमा नीति तैयार करना;
- जमाकर्ता की मृत्यु होने पर उनके खाते के परिचालन जैसे मुद्दों का समाधान;
- उपयुक्तता तथा सटीकता के उद्देश्य से उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया;
- जमाकर्ता संतुष्टि का वार्षिक सर्वेक्षण;
- ऐसी सेवाओं की त्रैवार्षिक लेखा परीक्षा;
- विभिन्न राज्यों के बैंकिंग लोकपाल द्वारा समाधान प्रस्तुत शिकायतों के संबंध में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाना;
- बैंकिंग लोकपाल द्वारा दिए गए सभी निर्णयों को नोट करना;
- तीन माह से अधिक समय तक कार्यान्वित नहीं किए गए सभी निर्णयों की कारणों सहित समीक्षा करना;
- बैंक में ग्राहक सुरक्षा एवं सेवा के लिए किए गए उपायों की समीक्षा;
- भारतीय बैंकिंग संहिता एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) संहिता अनुपालन रेटिंग;
- शिकायत निवारण नीति का संशोधन;
- प्रदान की गई ग्राहक सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले किसी अन्य मुद्दों की जांच करना.
- आंतरिक लोकपाल के कार्यकलापों की समीक्षा;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

सीएससी की बैठकों के लिए कोरम

सीएससी बैठकों के लिए कोरम सीएससी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

सीएससी बैठकों की बारंबारता

सीएससी बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान ग्राहक सेवा समिति की चार बैठकें 22 जून 2018, 26 सितंबर 2018, 19 दिसंबर 2018 तथा 19 मार्च 2019 को संपन्न हुईं.

8. सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक में प्रभावी प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी) का गठन किया गया है. इसका उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न आईटी समर्थकारी सेवाएं प्रदान करना, दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में मदद करना तथा नए आईटी उत्पाद लांच करने में सहायता देना और तत्संबंधी सेवाएं प्रदान करना और साइबर सुरक्षा प्रबंधन योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करना और साइबर सुरक्षा नीतियों की निगरानी करना है.

31 मार्च 2019 को सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी) में सात सदस्य थे जिसमें श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक, विशेषज्ञ आईटी व्यावसायिक, अध्यक्ष के रूप में तथा श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री सुधीर श्याम, सरकारी नामिती निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी और श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक के रूप शामिल थे.

आईटीएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- बोर्ड को प्रस्तावित आईटी बजट की संस्तुति;
- आईटी बजट के उपयोग की समीक्षा;
- बैंक के ग्राहकों के लिए विभिन्न उत्पादों तथा आईटी आधारित सेवाओं के प्रारंभ की समीक्षा;
- आंतरिक अथवा बाहर से खरीदे गए विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर के विकास, अधिप्राप्ति और परिचालनों की समीक्षा करना और प्रौद्योगिकी के चयन के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने अथवा अन्य प्रक्रिया के लिए प्रक्रियाएँ तैयार करना;
- प्रौद्योगिकी के जरिए शाखाओं के एकीकरण और बैंक के लिए एमआईएस के विकास की देखरेख करना;
- प्रौद्योगिकी आर्किटेक्चर की अद्यतन स्थिति और की गईं प्रमुख आईटी पहलों की समीक्षा करना;
- सूचना सुरक्षा संबंधी घटनाओं की समीक्षा;
- डिजिटल बैंकिंग एवं अभिनव भुगतान प्रणालियों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा;
- सूचना सुरक्षा नीति की समीक्षा;
- आईटी नीति की समीक्षा;
- साइबर सुरक्षा संबंधी तैयारी का मूल्यांकन;
- साइबर सुरक्षा प्रबंध योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी;
- साइबर सुरक्षा नीतियों की निगरानी;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर

अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

आईटीएससी की बैठकों के लिए कोरम

आईटीएससी बैठकों के लिए कोरम आईटीएससी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

आईटीएससी बैठकों की बारंबारता

आईटीएससी बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति की पाँच बैठकें 21 जून 2018, 07 सितंबर 2018, 26 सितंबर 2018, 18 दिसंबर 2018 तथा 18 मार्च 2019 को संपन्न हुईं.

9. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (आरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

25 फरवरी 2019 को नामांकन समिति और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) को एकल समिति के रूप में विलय कर दिया गया जिसे नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के रूप में जाना जाता है. 31 मार्च 2019 को नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में पाँच सदस्य थे जिसमें श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक अध्यक्ष के रूप में, श्री पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी नामिती निदेशक, श्री बी. बी. जोशी और श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक अन्य सदस्य के रूप में शामिल थे. समिति, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 तथा एलओडीआर विनियमावली के विनियम 19 और अनुसूची II के भाग डी और निदेशकों के उपयुक्त और उचित स्थिति के संबंध में रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अंतर्गत दिए गए अधिदेश/ विचारार्थ विषयों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करती है.

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- निदेशक के लिए अर्हताओं, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्रता के निर्धारण के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशकों की नियुक्ति तथा मूल्यांकन से संबंधित नीति निदेशक मंडल को संस्तुत करना;
- बोर्ड, उसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशक के कार्यनिष्पादन की प्रभावी मूल्यांकन के लिए, या तो बोर्ड द्वारा, एनआरसी द्वारा अथवा स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा निष्पादन की रीति को निर्दिष्ट करना और उसके कार्यान्वयन और अनुपालन की समीक्षा करना;
- स्वतंत्र निदेशकों तथा निदेशक मंडल के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
- निदेशक मंडल की विविधता पर नीति तैयार करना;
- ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति के अनुसार स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने हेतु अर्ह हैं.
- बोर्ड को निदेशकों की नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति में निर्धारित मानदंडों के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति और पृथक्करण की संस्तुति करना;
- अर्हता, विशेषज्ञता, ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा, 'उपयुक्त और उचित' मानदंड, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्रता (यदि लागू हो) तथा स्वतंत्र निदेशक और इसके अतिरिक्त संबंधित मानदंड को तैयार करने सहित निदेशकों के कार्यनिष्पादन मूल्यांकन की रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड में निदेशक के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति/नियुक्ति को जारी रखने की योग्यता को निर्धारित करने के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया अपनाना;
- निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों, आदि के लिए पारिश्रमिक नीति बनाना;
- बोर्ड को वरिष्ठ प्रबंधन को भुगतान किए जाने वाले सभी पारिश्रमिक, चाहे वे किसी भी रूप में हों, की सिफारिश करना;
- पारिश्रमिक और जोखिम के बीच प्रभावी सुयोजन को प्राप्त करने के लिए जोखिम प्रबंधन समिति के साथ समन्वय कार्य.
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एनआरसी की बैठकों के लिए कोरम

एनआरसी बैठकों के लिए कोरम एनआरसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा जिसमें से कम से कम एक स्वतंत्र निदेशक की उपस्थिति आवश्यक होगी.

एनआरसी बैठकों की बारंबारता

एनआरसी की बैठकें वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित की जाएंगी.

बैठकों की संख्या :

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान एनआरसी की एक बैठक 21 जनवरी 2019 को सम्पन्न हुई.

10. मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

मानव संसाधन संबधी मामलों को देखने के लिए और मानव संसाधन संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने हेतु मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी) का गठन किया गया है.

31 मार्च 2019 को एचआरएससी समिति में सात सदस्य अर्थात् श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ अध्यक्ष के रूप में, श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी.एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री

पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी नामिती निदेशक, श्री समरेश परिदा और श्री दीपक सिंघल स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

एचआरएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- भर्ती एवं प्रशिक्षण से संबंधित नीतियां बनाना;
- कार्य-निष्पादन प्रबंधन, प्रतिकर और कैरियर विकास पहलों की समीक्षा;
- प्रबंधन विकास और उत्तराधिकार नियोजन पर विचार करना;
- एचआर रणनीति को कारोबार रणनीति व योजना के अनुकूल बनाना; और
- कार्मिक की नियुक्ति, मानवशक्ति मूल्यांकन, पदोन्नति आदि सहित विभिन्न एचआर मामलों पर विचार और अनुमोदन प्रदान करना.
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एचआरएससी समिति की बैठकों के लिए कोरम

एचआरएससी बैठकों के लिए कोरम एचआरएससी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

एचआरएससी बैठकों की बारंबारता

एचआरएससी की बैठकें आवश्यकतानुसार आयोजित की जाएंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान मानव संसाधन संचालन समिति की तीन बैठकें 13 अगस्त 2018, 19 दिसंबर 2018 और 21 जनवरी 2019 को संपन्न हुईं.

11. वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारत सरकार के दिशानिर्देशों/ बोर्ड की सिफारिशों के अनुसार एनपीए, दबावग्रस्त खातों, बट्टे खाते डाले गए मामलों, सरकारी परिसमापक (ओएल) मामलों, ऋण वसूली प्राधिकरण (डीआरटी) मामलों आदि से वसूली की समीक्षा करने के लिए और वसूली की प्रगति पर निगरानी रखने तथा अन्य संबंधित प्रयोजनों के लिए वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) का गठन किया गया है.

31 मार्च 2019 को वसूली समीक्षा समिति में छह सदस्य अर्थात श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ (अध्यक्ष), श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, डॉ. आशिमा गोयल और श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

आरआरसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- अनर्जक आस्तियों (एनपीए)/ बट्टे खाते डाले गए खातों के वसूली कार्यनिष्पादन की समीक्षा;
- दबावग्रस्त संरचित रिटेल आस्तियों और शीघ्र अनर्जक होने वाली आस्तियों वाले मामलों की समीक्षा;
- बैंक की शीर्ष 100 अनर्जक आस्तियों (एनपीए) मामलों की समीक्षा;
- कॉरपोरेट वर्टिकलों के दबावग्रस्त खातों की समीक्षा;
- वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) अधिनियम, 2002 के संबंध में स्थिति रिपोर्ट;
- विशेष उल्लेख वाले खातों (एसएमए) की समीक्षा;
- वाद दायर किए गए मामलों की समीक्षा;
- प्रथम बारीय एनपीए (एफटीएनपीए)/ इरादतन चूककर्ताओं की समीक्षा;
- अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की तिमाही समीक्षा; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

आरआरसी समिति की बैठकों के लिए कोरम

आरआरसी बैठकों के लिए कोरम आरआरसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

आरआरसी बैठकों की बारंबारता

आरआरसी की बैठकें आवश्यकतानुसार किंतु वर्ष में न्यूनतम चार बैठकें आयोजित की जाएंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान आरआरसी की आठ बैठकें 25 अप्रैल 2018, 22 जून 2018, 13 अगस्त 2018, 26 सितंबर 2018, 14 नवंबर 2018, 19 दिसंबर 2018, 21 जनवरी 2019 और 19 मार्च 2019 को संपन्न हुईं.

12. स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV तथा एलओडीआर विनियमावली के विनियम 25 के निबंधनों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी) गठित की गई है. 31 मार्च 2019 को स्वतंत्र निदेशकों की समिति में सात सदस्य अर्थात् श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल, श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी, श्री समरेश परिदा, श्री एन. जंबुनाथन, श्री दीपक सिंघल और श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

आईडीसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- गैर-स्वतंत्र निदेशकों की और समग्र रूप से बोर्ड के कार्य निष्पादन की समीक्षा;
- कार्यपालक निदेशकों तथा गैर-कार्यपालक निदेशकों के विचारों को ध्यान में रखते हुए के अध्यक्ष के कार्य निष्पादन की समीक्षा;
- कंपनी के प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयबद्धता का मूल्यांकन करना जो बोर्ड के कर्तव्यों के प्रभावी और तर्कसंगत कार्य-निष्पादन के लिए आवश्यक है;
- सेबी (शेयरों का पर्याप्त अर्जन तथा अधिग्रहण) विनियम 2011 की अपेक्षाओं का अनुपालन; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशा-निर्देशों के तहत समय-समय पर अधिसूचित किए गए निदेशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

आईडीसी बैठकों के लिए कोरम

आईडीसी बैठकों के लिए कोरम आईडीसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा. तथापि कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV के अनुसार सभी स्वतंत्र निदेशक आईडीसी की बैठकों में उपस्थित होने का प्रयास करेंगे.

आईडीसी बैठकों की बारंबारता

आईडीसी बैठकें वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित होंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019) के दौरान आईडीसी की तीन बैठकें 26 अप्रैल 2018, 23 अक्तूबर 2018 और 14 नवंबर 2018 को संपन्न हुईं.

13. असहयोगी ऋणकर्ता समीक्षा समिति (एनसीबीआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

असहयोगी ऋणकर्ता समीक्षा समिति (एनसीबीआरसी) का गठन किया गया जिसमें एमडी एवं सीईओ तथा दो स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

इस बात का प्रकटन कि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप-धारा (1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट लागत रिकॉर्ड का रखरखाव कंपनी द्वारा अपेक्षित है तथा क्या इस तरह के खाते और रिकॉर्ड बनाए व रखे जाते हैं

बैंकिंग कंपनी होने के नाते लागत रिकॉर्डों के रखने का प्रावधान आईडीबीआई बैंक लि. पर लागू नहीं होता है.

निदेशकों के पारिश्रमिक

आईडीबीआई बैंक के 21 जनवरी 2019 से निजी क्षेत्र का बैंक बन जाने से बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35बी के अनुसार प्रबंध निदेशक (एम डी) एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक का पारिश्रमिक एवं परिलब्धियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित हैं. एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों (डी एमडी) को प्रदत्त पारिश्रमिक के विवरण तालिका 4 में दिये गये हैं. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ कोई आर्थिक संबंध/लेनदेन नहीं रहे हैं.

तालिका 4 : प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक के पारिश्रमिक के घटक

वेतन और भत्ते	**श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ** - वेतन ₹ 2,24,400/- प्रति माह और महंगाई भत्ता (वर्तमान में 9%) ₹ 20,196/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 2,44,596/-. **श्री के पी नायर, डीएमडी** - वेतन ₹ 1,87,600/- प्रति माह और 9% की दर से ₹ 16,884/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 2,04,484/-. **श्री जी एम यादवाडकर, डीएमडी** - वेतन ₹ 1,87,600/- प्रति माह और 9% की दर से ₹ 16,884/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 2,04,484/-.
आतिथ्य	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशक, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य).
आवास	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशक दोनों को किराया-मुक्त सुसज्जित आवास.
वाहन व्यय	कार्यालयीन उद्देश्यों के लिए बैंक की कार का निःशुल्क उपयोग करने हेतु पात्र.
छुट्टी यात्रा रियायत	एमडी एवं सीईओ और डीएमडी दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए 2 वर्षों के ब्लॉक में एक बार.
पेंशन	बैंक, जहां वे कैरियर पद पर रहे हैं, के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे) स्वीकार्य पेंशन, यदि कोई है, प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.

ग्रेच्युटी	एमडी एवं सीईओ / डीएमडी के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा 6 माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से.
कार्यकाल	**श्री राकेश शर्मा -** भारत सरकार की दिनांक 5 अक्तूबर 2018 की अधिसूचना सं. एफ.सं. 4/2/2015-बीओ.I द्वारा पूर्व में पदभार ग्रहण करने की तारीख से 6 माह की अवधि के लिए या अगले के आदेश तक, जो भी पहले हो, एमडी एवं सीईओ के रूप में नियुक्त. श्री राकेश शर्मा ने आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में 10 अक्तूबर 2018 को पदभार ग्रहण किया था. एलआईसी ने 51% की नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप दिनांक 18 जनवरी 2019 के अपने पत्र द्वारा यह बताया कि श्री राकेश शर्मा एमडी एवं सीईओ के रूप में तब तक बने रहेंगे जब तक एलआईसी नए एमडी एवं सीईओ को नामित नहीं करती है. इसके बाद, एलआईसी ने 13 फरवरी 2019 को अपने पत्र द्वारा श्री राकेश शर्मा को बैंक के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 116(1)(ii) के अंतर्गत 3 वर्षों के नए कार्यकाल के लिए आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में नामित किया है. आरबीआई के अनुमोदन की प्राप्ति के बाद बोर्ड ने श्री राकेश शर्मा की नियुक्ति को 19 मार्च 2019 से अनुमोदित किया है. 20 अगस्त 2019 को होने वाली आगामी वार्षिक महासभा में शेयरधारकों से स्वीकृति प्राप्त की जा रही है.
	श्री के पी नायर - भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना सं.एफ.सं.4/5/(7)/2016-बीओ.I द्वारा पद के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 31 मई 2019 तक की अवधि अर्थात् अधिवर्षिता की तारीख अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री नायर ने 15 सितंबर 2016 को कार्यभार ग्रहण किया. 51% की नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप एलआईसी ने दिनांक 18 जनवरी 2019 के अपने पत्र द्वारा यह बताया कि श्री के. पी. नायर डीएमडी के रूप में तब तक बने रहेंगे जब तक एलआईसी आईडीबीआई बैंक बोर्ड पर नए डीएमडी को नामित नहीं करती है. तत्पश्चात् एलआईसी ने सूचित किया है कि श्री के. पी. नायर अधिवर्षिता प्राप्त कर लेने पर 31 मई 2019 को पद त्याग कर देंगे. तदनुसार, बोर्ड ने 31 मई 2019 को कारोबार समय की समाप्ति पर श्री के. पी. नायर द्वारा पद त्याग करने का अनुमोदन कर दिया है. **श्री जी एम यादवाडकर -** भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना सं.एफ.सं.4/5/(7)/2016-बीओ.I द्वारा पद के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष तक की अवधि अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री यादवाडकर ने 15 सितंबर 2016 को कार्यभार ग्रहण किया. 51% की नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप एलआईसी ने दिनांक 18 जनवरी 2019 के अपने पत्र द्वारा यह बताया कि श्री जी एम यादवाडकर डीएमडी के रूप में तब तक बने रहेंगे जब तक एलआईसी आईडीबीआई बैंक बोर्ड पर नए डीएमडी को नामित नहीं करती है.

सरकार नामित निदेशकों को छोड़कर सभी गैर-कार्यपालक निदेशकों को उनके द्वारा सम्मिलित प्रत्येक बोर्ड/ समिति बैठक के लिए केवल बैठक शुल्क का भुगतान किया गया था. बैठक शुल्क को 25 फरवरी 2019 से संशोधित कर बोर्ड, ईसी तथा एसीबी की प्रति बैठक ₹ 20,000/- तथा बोर्ड की अन्य समितियों के लिए ₹ 10,000/- प्रति बैठक से बोर्ड की बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 40,000/- (बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए 10,000 रु. प्रति बैठक अतिरिक्त) और बोर्ड समिति बैठकों के लिए 20,000 रु. प्रति बैठक (बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए ₹ 5,000 प्रति बैठक अतिरिक्त) किया गया. एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को उपर्युक्त पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक फीस के अलावा आपके बैंक द्वारा निदेशकों को बैठक में भाग लेने हेतु उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर वहन किए गए खर्च को छोड़कर और कोई पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया.

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए स्वतंत्र निदेशकों को प्रदत्त बैठक शुल्क की कुल राशि का विवरण नीचे दिया गया है :

स्वतंत्र निदेशक का नाम	वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रदत्त बैठक शुल्क (₹)
श्री एस. रवि (12.05.2018 तक)	90,000
श्री निनाद कर्पे (11.05.2018 तक)	50,000
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	11,70,000
डॉ. आशिमा गोयल	6,85,000
श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी	13,55,000
श्री समरेश परिदा (19.05.2018 से प्रभावी)	6,80,000
श्री एन. जंबुनाथन (19.05.2018 से प्रभावी)	9,90,000
श्री राजेश कंडवाल (21.01.2019 से प्रभावी)*	1,40,000
श्री दीपक सिंघल (28.02.2019 से प्रभावी)	80,000
श्री संजय कल्लापुर (05.03.2019 से प्रभावी)	40,000

*श्री राजेश कंडवाल (नामित निदेशक - एलआईसी) को बोर्ड/ समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए देय बैठक शुल्क की राशि एलआईसी के बैंक खाते में जमा कर दी गई है.

कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अधीन प्रकटन

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों, जिनकी नियुक्ति पहले भारत सरकार द्वारा की गई थी, के पारिश्रमिक का निर्धारण भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप पारिश्रमिक में लागू वृद्धि सहित भारत सरकार के वेतनमानों के अनुसार भारत सरकार द्वारा किया जाता है. एलआईसी द्वारा 51% शेयरों का अधिग्रहण करने के पश्चात् प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35बी के तहत आरबीआई द्वारा अनुमोदित किया जाना है. बैंक ने प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, उप प्रबंध निदेशकों तथा अन्य कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लिए लागू वेतनमान को जारी रखा है. बोर्ड के अन्य निदेशकों को उपर्युक्त पैरा में उल्लेख किए अनुसार बैठक शुल्क के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) अर्थात् मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी सचिव सहित बैंक के अन्य कर्मचारियों को बैंक के समान ग्रेड के अधिकारियों के लिए लागू पारिश्रमिक मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों सहित कर्मचारियों के वेतनमान में आवधिक संशोधन का संबंध बैंक के कार्य-निष्पादन सहित अन्य कारकों से जुड़ा होता है. बैंक ने कोई अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ) नहीं जारी किया है, अतः बैंक के शेयरों के बाजार कोटेशन की कोई तुलना संभव नहीं है. तथापि वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए बैंक के शेयरों के बाजार मूल्य, वित्तीय अनुपात आदि का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों तथा एमडी एवं सीईओ/ डीएमडी सहित कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में कोई परिवर्ती वेतन अवधारणा लागू नहीं है. 31 मार्च 2019 को बैंक के रोल पर कर्मचारियों की संख्या 17,117 थी जिसमें 821 कर्मचारी संविदा आधार पर थे तथा अन्य सभी कर्मचारी स्थायी थे. इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है और प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक तथा माध्यिका कर्मचारी के पारिश्रमिक का अनुपात और अन्य विवरण ऊपर किए गए प्रकटन के आधार पर हैं तथा ये कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अनुपालन में हैं. कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) की शर्तों में अन्य विवरण नीचे दिये गए हैं:

बैंक के रोल पर नियमित कर्मचारियों की संख्या	16,296	
वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के कर्मचारियों के माध्यिका पारिश्रमिक और प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक का अनुपात;	**कार्यपालक निदेशक का नाम**	**सभी कर्मचारियों की माध्यिका में पारिश्रमिक का अनुपात**
	श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	4.06
	श्री के. पी. नायर, डीएमडी	3.34
	श्री जी एम यादवाडकर, डीएमडी	3.11
वित्तीय वर्ष में प्रत्येक निदेशक, मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कंपनी सचिव या प्रबंधक के पारिश्रमिक में वृद्धि प्रतिशत, यदि कोई हो;	**पदनाम**	**प्रतिशत वृद्धि**
	एमडी एवं सीईओ	4.16
	डीएमडी, श्री के. पी. नायर	6.06
	डीएमडी, श्री जी एम यादवाडकर	8.56
	सीएफओ*	33.74
	सीएस	7.72
वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों के माध्यिका पारिश्रमिक में वृद्धि प्रतिशत;	16.83	
पिछले वित्तीय वर्ष में प्रबंधकीय कार्मिकों के अलावा अन्य कर्मचारियों के वेतन में पहले से ही हुई औसत वृद्धि तथा प्रबंधकीय पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि के साथ इसकी तुलना एवं इसका औचित्य तथा प्रबंधकीय पारिश्रमिक में वृद्धि के लिए हुई असाधारण परिस्थितियों का उल्लेख, यदि कोई हो,	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक के गैर-प्रबंधकीय कार्मिक के लिए औसत पारिश्रमिक वृद्धि [16.83%] थी और बैंक के प्रबंधकीय कार्मिक के लिए औसत पारिश्रमिक वृद्धि 12.05% थी.	
अभिपुष्टि कि पारिश्रमिक कंपनी की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है.	हाँ	

*श्री अजय शर्मा, सीएफओ के पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि अधिक है क्योंकि पूर्ववर्ती वर्ष (वित्तीय वर्ष 2017-18) के लिए पारिश्रमिक उनके सीएफओ बनने की तारीख से लिया गया था. साथ ही, वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान श्री अजय शर्मा को बैंक की आंतरिक पदोन्नति प्रक्रिया के समय उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किया गया था.

महासभा की बैठकें

(i) वार्षिक महासभाओं का विवरण

बैंक की पिछली वार्षिक महासभा (एजीएम) 13 अगस्त 2018 को हुई थी. आईडीबीआई बैंक लि. की वार्षिक महासभाओं का विवरण तालिका 5 में दिया गया है.

तालिका 5 : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

पिछली तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान और समय	1) 22 जुलाई 2016 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 12वीं वार्षिक महासभा).
	2) 18 जुलाई 2017 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 13वीं वार्षिक महासभा).
	3) 13 अगस्त 2018 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 14वीं वार्षिक महासभा).
क्या पिछली 3 वार्षिक महासभाओं में विशेष संकल्प पारित किए गए थे	**12वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 22 जुलाई 2016 को संपन्न 12वीं वार्षिक महासभा में (i) 8,000 करोड़ रुपये (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉन्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉन्ड के रूप में 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) श्री एस. रवि को चार वर्षों की अंतिम अवधि के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करने (iv) श्री निनाद कर्पे को चार वर्षों की अंतिम अवधि के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करने (v) बैंक के प्राधिकृत पूंजी में वृद्धि और बैंक के संस्था के अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए. **13वीं वार्षिक महासभा के लिए** (i) 5,000 करोड़ रुपये (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉन्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉन्ड के रूप में 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने, (iii) बैंक के संस्था अंतर्नियम में परिवर्तन करने के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.
	14वीं वार्षिक महासभा के लिए बैंक की 13 अगस्त 2018 को संपन्न 14वीं वार्षिक महासभा में (i) 5,000 करोड़ रुपये (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉन्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉन्ड के रूप में 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.
क्या गत वर्ष डाक मतपत्र के जरिए कोई विशेष संकल्प पारित किया गया था - मतदान पद्धति का ब्योरा	हाँ, निम्नलिखित विशेष संकल्प डाक मतपत्र के माध्यम से निम्नानुसार पारित किए गए थे: 1. 21 मई 2018 को पारित विशेष संकल्प - (i) भारत सरकार को 7881 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों का अधिमान्य निर्गम तथा (ii) प्राधिकृत पूंजी 4500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 8000 करोड़ रुपये करना. 2. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को बैंक की पूर्व प्रदत्त पूंजी के 14.90% तक कुल इक्विटी शेयरों के अधिमानी आबंटन के लिए 3 अक्टूबर 2018 को पारित विशेष संकल्प. 3. 7 नवंबर 2018 को पारित विशेष संकल्प (i) भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को बैंक की बढ़ाई गई प्रदत्त पूंजी के 51% तक कुल इक्विटी शेयरों का अधिमानी निर्गम; (ii) बैंक की प्राधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि करते हुए इसे 8,000 करोड़ रुपये से 15,000 करोड़ रुपये तक करना; (iii) एलआईसी के अधिग्रहण के अनुसरण में बैंक के अंतर्नियमों में संशोधन करना.

व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	सुश्री अपर्णा गाडगिल/ सुश्री मालती कुमार, मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं. कंपनी सचिव की साझेदार
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतदान के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है.	नहीं

डाक मतपत्र के माध्यम से पारित संकल्प और उसकी प्रक्रिया

1. 21 मई 2018 को डाक मतपत्र के माध्यम से पारित विशेष संकल्प

मांगे गए अनुमोदन	(i) भारत सरकार को कुल 7881 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों का अधिमान्य निर्गम और		
	(ii) प्राधिकृत शेयर पूंजी 4500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 8000 करोड़ रुपये करना.		
संवीक्षक	बोर्ड के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 3 अप्रैल 2018 को सुश्री मालती कुमार, साझेदार मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एवं कं., कंपनी सचिव, को डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया का आयोजन करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था.		
नोटिस की तारीख	5 अप्रैल 2018		
डाक मतपत्र फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख	21 मई 2018 (शाम 5:00 बजे)		
संवीक्षक की रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	**मद सं.**	**सहमति**	**असहमति**
	(i)	2,88,76,30,429 (99.99%)	7,341 (0.01%)
	(ii)	2,88,76,19,418 (99.99%)	5,330 (0.01%)
	दिनांक 22 मई 2018 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, संकल्पों को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित किया गया था. डाक मतपत्र के परिणाम को, दिनांक 22 मई 2018 को चेयरमैन द्वारा घोषित किया गया था और बैंक तथा रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट आरटीए, अर्थात् कार्वी की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया गया था. इसे बीएसई और एनएसई जैसे उन स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किया गया था, जहां बैंक शेयर सूचीबद्ध हैं.		
ई-वोटिंग सुविधा	बैंक ने उपर्युक्त दोनों ही डाक मतपत्र के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने हेतु ई-वोटिंग उपलब्ध कराई.		

2. 3 अक्तूबर 2018 को डाक मतपत्र के माध्यम से पारित विशेष संकल्प

मांगे गए अनुमोदन	(i) भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को बैंक की पूर्व प्रदत्त चुकता पूंजी के 14.90% तक कुल इक्विटी शेयरों का अधिमानी निर्गम		
संवीक्षक	बोर्ड के निदेशक मंडल ने दिनांक 31 अगस्त 2018 को आयोजित अपनी बैठक में मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव, की सुश्री अपर्णा गाडगिल को डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया का आयोजन करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया था.		
नोटिस की तारीख	31 अगस्त 2018		
डाक मतपत्र फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख	3 अक्तूबर 2018 (शाम 5:00 बजे)		
संवीक्षक की रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	**मद सं.**	**सहमति**	**असहमति**
	(i)	3,97,05,13,310 (99.99%)	5,654 (0.01%)
	दिनांक 3 अक्तूबर 2018 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, संकल्प को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित किया गया था. डाक मतपत्र के परिणाम को, दिनांक 3 अक्तूबर 2018 को चेयरमैन द्वारा घोषित किया गया था और बैंक के तथा आरटीए, अर्थात् कार्वी की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया गया था. इसे बीएसई और एनएसई जैसे स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किया गया था, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं.		
ई-वोटिंग सुविधा	बैंक ने उपर्युक्त डाक मतपत्र के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने हेतु ई-वोटिंग की उपलब्ध कराई.		

3. 7 नवंबर 2018 को डाक मतपत्र के माध्यम से पारित विशेष संकल्प

मांगे गए अनुमोदन	(i) भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को बैंक की विस्तारित चुकता पूंजी के 51% तक कुल इक्विटी शेयरों का अधिमानी निर्गम (ii) बैंक की प्राधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि; और (iii) एलआईसी के अधिग्रहण के अनुसरण में बैंक के संस्था के अंतर्नियमों में संशोधन.		
संवीक्षक	बोर्ड के निदेशक मंडल ने दिनांक 4 अक्तूबर 2018 को आयोजित अपनी बैठक में मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव की सुश्री अपर्णा गाडगिल को डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया का आयोजन करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया था.		
नोटिस की तारीख	4 अक्तूबर 2018		
डाक मतपत्र फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख	7 नवंबर 2018 (शाम 5:00 बजे)		
संवीक्षक की रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	**मद सं.**	**सहमति**	**असहमति**
	(i)	3,96,70,87,067 (99.5549%)	1,77,35,387 (0.4451%)
	(ii)	3,96,70,86,957 (99.5549%)	1,77,35,477 (0.4451%)
	(iii)	3,98,04,95,881 (99.9996%)	16,543 (0.0004%)
	दिनांक 8 नवंबर 2018 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, संकल्प को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित किया गया था. डाक मतपत्र के परिणाम को, दिनांक 8 नवंबर 2018 को चेयरमैन द्वारा घोषित किया गया था और बैंक तथा आरटीए, अर्थात् कार्वी की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया गया था. इसे बीएसई और एनएसई जैसे स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किया गया था, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं.		
ई-वोटिंग सुविधा	बैंक ने उपर्युक्त डाक मतपत्र के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने हेतु ई-वोटिंग की उपलब्ध कराई.		

(ii) असाधारण महासभा का विवरण

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कोई ईजीएम आयोजित नहीं की.

प्रकटन

1 01 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019 के दौरान ऐसी किसी भी कंपनी को सहायता प्रदान नहीं की गई, जिसमें निम्न को छोड़कर बैंक के किसी भी निदेशक की कोई हितबद्धता थी.

(i) आईडीबीआई म्यूचुअल फंड (आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. द्वारा प्रतिनिधित्व)- श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के बोर्ड में थे. तथापि, आईडीबीआई म्यूचुअल फंड, आईडीबीआई बैंक लि. की एक सहायक संस्था है जिसे आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत संबद्ध उधार संबंधी प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

(ii) आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड- श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के बोर्ड में थे. तथापि, आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक लि. की एक सहायक संस्था है जिसे आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत संबद्ध उधार संबंधी प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

(iii) भारतीय आयात और निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक) - श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ एक्जिम बैंक के बोर्ड में हैं. तथापि, एक्जिम बैंक को नकद प्रवाह में बेमेल को पूरा करने के लिए अंतर्दिवसीय/ओवरड्राफ्ट सुविधा की मंजूरी दी गई है जिसे आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत संबद्ध उधार संबंधी प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

2 पिछले तीन वर्षों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज अथवा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले पर बैंक पर लगाए गए गैर-अनुपालन, दंड, कटु आलोचना के विवरण निम्नानुसार हैं :

वित्तीय वर्ष 2016-17	शून्य
वित्तीय वर्ष 2017-18	शून्य

वित्तीय वर्ष 2018-19	शून्य, तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक ने (i) आरबीआई द्वारा आय अभिनिर्धारण और आस्ति वर्गीकरण पर जारी निर्देशों के गैर अनुपालन पर बैंक को 09 अप्रैल 2018 को 3 करोड़ रुपये (ii) अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)/धनशोधन निवारण (एएमएल) मानकों पर आरबीआई के विनियामक निर्देशों के गैर अनुपालन के लिए 04 फरवरी 2019 को 20 लाख रुपये (iii) परिचालन नियंत्रण संबंधी समयबद्ध कार्यान्वयन और स्विफ्ट को मजबूत करने हेतु आरबीआई के विनियामक निर्देशों के उल्लंघन के लिए 25 फरवरी 2019 को 01 करोड़ रुपये का दंड लगाया था.

3. सेबी (एलओडीआर) विनियमावली के विनियम 32 (7 ए) के अनुसार प्रकटन :

   वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान आपके बैंक ने मई 2018 में भारत सरकार को कुल 7881 करोड़ रुपये तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को (i) अक्तूबर 2018 में कुल 2098 करोड़ रुपये के (ii) दिसंबर 2018 में कुल 14,500/- करोड़ रुपये के और (iii) जनवरी 2019 में कुल 5025.96 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के अधिमानी आबंटन के जरिये निधियां जुटाई हैं. इक्विटी शेयरों के आबंटन तथा कंपनी कार्य मंत्रालय में फॉर्म पीएएस-3 (आबंटन पर प्रतिलाभ) दाखिल करने के पश्चात् ये निधियां आपके बैंक के उपयोग हेतु उपलब्ध हैं. भारत सरकार तथा एलआईसी को आबंटित इक्विटी के निर्गम से प्राप्त प्रतिफल की राशि बैंक की पूंजी पर्याप्तता को बढ़ाने तथा सामान्य व्यवसाय प्रयोजनों हेतु पूर्ण रूप से उपयोग कर लिया गया है.

4. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान एलओडीआर विनियमावली 2015 के विनियम 32 (4) के अनुसार डाक मतपत्र की नोटिसों के व्याख्यात्मक विवरण में उल्लेखित उद्देश्यों से प्राप्त की गई राशियों के उपयोग के संबंध में कोई विचलन नहीं किया गया है.

5. मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कंपनी, कंपनी सचिव (सीपी सं. 1774) से दिनांक 21 मई 2019 का इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया कि बैंक के बोर्ड के किसी भी निदेशक को बोर्ड/ कंपनी कार्य मंत्रालय अथवा इस प्रकार के किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने अथवा बने रहने के लिए विवर्जित अथवा निरर्हित नहीं किया गया है. उक्त प्रमाणपत्र इस रिपोर्ट में दिया गया है.

6. बैंक ने वार्षिक रिपोर्ट में वे सभी प्रकटन किए हैं जो एलओडीआर विनियमावली 2015 के अनुसूची V की कॉर्पोरेट अभिशासन खंड के उप पैरा (2) से (10) के अनुसार अपेक्षित हैं.

7. बैंक ने एलओडीआर विनियमावली 2015 के विनियम 17 से 27 तथा विनियम 46 के उप-विनियम (2) के खंड (ख) से (झ) में विनिर्दिष्ट कॉरपोरेट अभिशासन अपेक्षाओं का पालन किया है.

8. ऐसी कोई भी घटना नहीं हुई है जहां बोर्ड ने बोर्ड की किसी भी समिति की ऐसी किसी सिफ़ारिश को स्वीकार नहीं किया हो जो अनिवार्य रूप से अपेक्षित हो, अतः इस संबंध में किसी प्रकटन की आवश्यकता नहीं है.

9. एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V प्रावधानों के अनुसार बैंक सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक को वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान सभी सेवाओं के लिए कुल 3.39 करोड़ रुपये की कुल फीस अदा की गई (एलएफएआर, अधिप्रमाणन फीस, कर लेखा परीक्षा फीस, एसआरए लेखापरीक्षा आदि सहित).

आचार एवं सदाचार संहिता

बैंक के निदेशक मंडल ने अपने निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार एवं सदाचार संहिता को अपनाया है. एलओडीआर विनियमावली के अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 की अपेक्षाओं के अनुपालन में आपके बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि के बारे में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है :

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा घोषणा

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

ह/-
राकेश शर्मा
(डीआईएन - 06846594)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
30 मई 2019

भेदिया व्यापार की रोकथाम

01 अप्रैल 2019 से प्रभावी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार निषेध) विनियमावली, 2015 [पीआईटी विनियमावली] की संशोधित अपेक्षाओं के अनुसार बैंक ने निम्नलिखित तैयार किया है :

(i) पीआईटी विनियमावली की विनियम 8 के निबंधन के अनुसार अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) के निष्पक्ष प्रकटन के लिए पद्धतियों और प्रक्रियाओं की संहिता,

(ii) सेबी (पीआईटी) विनियमावली की विनियम 3(2ए) के निबंधन में वैध उद्देश्य के निर्धारण के लिए नीति, और

(iii) अपने पदनामित व्यक्ति द्वारा ट्रेडिंग को विनियमित, निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए आचार संहिता जिसमें यूपीएसआई की संबद्धता पर नीति भी शामिल है.

सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 17(8) के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर एमडी एवं सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त कर बोर्ड को प्रस्तुत किए गए हैं.

धारित कंपनी

21 जनवरी 2019 को एलआईसी द्वारा 51% नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप, एलआईसी प्रर्वतक बन गया है और बैंक अब एलआईसी की सहायक कंपनी है.

सहायक कंपनियां

यथा 31 मार्च 2019 को बैंक के पास पांच सहायक कंपनियां थीं अर्थात् आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटिज लि., आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड. बैंक के बोर्ड के किसी भी स्वतंत्र निदेशक को इसकी सहायक कंपनियों के बोर्ड में शामिल किए जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कोई भी सहायक कंपनी एलओडीआर विनियमावली के विनियमन 16 के अंतर्गत परिभाषित किये अनुसार तात्विक रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है. एलओडीआर विनियमावली के विनियम 24 की अपेक्षाओं के अनुपालन में बैंक की लेखा परीक्षा समिति वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किये गये निवेशों की समीक्षा करती है. असूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त बैंक की बोर्ड बैठकों में नियमित रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं.

सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों और एलओडीआर विनियमावली के विनियम 24ए के अनुसार मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव बैंक के सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं. दिनांक 21 मई 2019 की सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के अनुबंध के रूप में संलग्न है.

दस्तावेज़ रखरखाव और प्रतिधारण नीति

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 9 के अनुसार बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित दस्तावेज़ रखरखाव और प्रतिधारण नीति को लागू किया है.

सूचना के साधन

बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन अपेक्षित निदेशकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए नियमित रूप से तिमाही परिणामों को प्रकाशित करता है. इन्हें राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र अर्थात् फाइनैंशियल एक्सप्रेस में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र अर्थात् लोकसत्ता में प्रकाशित किया जाता है. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर भी उपलब्ध कराई गई है.

ऐसे दस्तावेज, जो वर्णित हैं लेकिन वार्षिक महासभा की सूचना पाने के पात्र व्यक्तियों को नहीं भेजे गए हैं, वार्षिक महासभा की तारीख से 21 दिन पहले से बैंक के पंजीकृत कार्यालय में कार्य समय के दौरान शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 के दौरान शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव तथा शेयरधारकों से संबंधित अन्य सामान्य सूचनाओं का ब्योरा क्रमशः तालिका 6 और तालिका 7 में दिया गया है.

तालिका 6 : आम शेयरधारकों के लिए सूचना

i.	एजीएम की तारीख, समय और स्थान	मंगलवार 20 अगस्त 2019 को अपराह्न 3.30 बजे. यशवंत राव चव्हाण केंद्र ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400021
ii.	वित्तीय वर्ष	01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019
iii.	कंपनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित एलओडीआर विनयमावली के विनियम 44 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ई-वोटिंग अवधि.	ई-वोटिंग अवधि गुरुवार 15 अगस्त 2019 को भारतीय मानक समय के अनुसार पूर्वाह्न 9.00 बजे से प्रारंभ होगी और सोमवार 19 अगस्त 2019 को भारतीय मानक समय के अनुसार शाम 5.00 बजे समाप्त होगी.
iv.	लेखाबहियों के बंद रहने की तारीख	बुधवार 14 अगस्त 2019 से मंगलवार 20 अगस्त 2019 (दोनों दिन शामिल)

v.	स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता और वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क के भुगतान की पुष्टि	**1. बीएसई लि. (बीएसई)** पता : 25वीं मंज़िल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - 400001. **2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई)** पताः (एनएसई) एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई - 400051 बीएसई और एनएसई के वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान क्रमशः 11 अप्रैल 2019 और 27 अप्रैल 2019 को किया गया है.
vi.	स्टॉक कोड/ प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई-आईडीबीआई
vii.	रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट	कार्वी फिनटेक प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी, कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड, कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500032
viii.	शेयर अंतरण प्रणाली	शेयर अंतरण कार्यपालक निदेशक/ मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं.
ix.	वित्तीय कैलेंडर	01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 : 1) 30 जून 2018 को समाप्त तिमाही के परिणाम 14 अगस्त 2018 को अनुमोदित किए गए. 2) 30 सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही / छमाही के परिणाम 14 नवंबर 2018 को अनुमोदित किए गए. 3) 31 दिसंबर 2018 को समाप्त तीसरी तिमाही / नौ महीने के परिणाम 04 फरवरी 2019 को अनुमोदित किए गए. 4) 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित परिणाम 30 मई 2019 को अनुमोदित किए गए.
x.	प्रॉक्सी फॉर्म प्राप्त होने की अंतिम तारीख	रविवार 18 अगस्त 2019 को अपराह्न 3.30 बजे तक
xi.	तिमाही परिणामों पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक	संबंधित तिमाही के समापन से 45 दिनों के भीतर और वार्षिक लेखापरीक्षित परिणाम हेतु वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 60 दिनों के भीतर.
xii.	गैर-कार्यपालक निदेशकों द्वारा धारित शेयरों तथा परिवर्तनीय लिखतों की संख्या	यथा 31 मार्च 2019 को बैंक के किसी भी गैर-कार्यपालक निदेशक के पास बैंक के शेयर नहीं थे.
xiii.	डिबेंचर ट्रस्टी के विवरण	1. **एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** दूसरी मंजिल, एक्सिस हाउस, वाडिया इंटरनेशनल सेंटर, बाम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वरली, मुंबई- 400025, फोन : 022-62300429. **ट्रस्टी के प्रमुख अधिकारी का ईमेल आईडी** rohit.jhamnani@axistrustee.com 2. **एसबीआईकैप ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** एपीजे हाउस, 6ठी मंजिल, 3 दिनशा वाच्छा रोड चर्चगेट, मुंबई - 400020, फोनः 022-43025572. **ट्रस्टी के प्रमुख अधिकारी का ईमेल आईडी** savitri.yadav@sbicaptrustee.com 3. **विस्ट्रा आई टी सी एल (इंडिया) लि., (पूर्ववर्ती आईएल एंड एफएस ट्रस्ट कंपनी लिमिटेड),** द आईएल एंड एफएस फाइनान्शियल सेंटर, प्लॉट सी-22, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई 400051. फोन : 022-26593455. ट्रस्टी के प्रमुख अधिकारी का ईमेल आईडी Poojan.Baxi@vistra.com

आईडीबीआई के शेयरों का एनएसई और बीएसई में सक्रिय रूप से कारोबार होता है. एक्सचेजों के पास सूचीबद्ध सभी प्रतिभूतियों के संबंध में वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क आज की तारीख तक अदा किया जा चुका है.

तालिका 7: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) और बीएसई लि. (बीएसई) में आईडीबीआई बैंक लि. के शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव : अप्रैल 2018 - मार्च 2019 (₹)

माह	एनएसई		बीएसई			एनएसई		बीएसई	
	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न	माह	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न
अप्रैल 2018	74.15	66.15	74.20	66.15	अक्तूबर 2018	59.70	54.10	59.70	54.00
मई 2018	68.60	60.45	68.55	60.65	नवंबर 2018	61.20	59.15	61.25	59.10
जून 2018	63.70	49.85	63.90	49.90	दिसंबर 2018	62.00	59.40	62.05	59.50
जुलाई 2018	60.10	48.10	60.10	48.15	जनवरी 2019	64.65	53.60	64.70	53.65
अगस्त 2018	63.40	60.35	63.30	60.30	फरवरी 2019	52.75	41.65	52.80	41.70
सितंबर 2018	61.15	48.85	61.15	49.80	मार्च 2019	46.65	41.95	46.65	41.95

यथा 31 मार्च 2019 को शेयरधारिता का स्वरूप

मार्च 2019 के अंत में बैंक के शेयरधारकों की प्रमुख श्रेणियों द्वारा शेयरधारिता के ब्योरे और वितरण अनुसूची नीचे तालिका 8 और तालिका 9 में दी गई है.

तालिका 8 : 31 मार्च 2019 के अंत में शेयरधारिता का स्वरूप

शेयरधारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल का %
भारतीय जीवन बीमा निगम (प्रबंधन नियंत्रण के साथ प्रवर्तक)	3945510389	51
भारत सरकार (बिना प्रबंधन नियंत्रण के साथ सह-प्रवर्तक)	3594165335	46.46
कर्मचारी	758859	0.01
जनता	122032350	1.58
हिन्दू अविभाजित परिवार	3965303	0.05
कंपनी निकाय	24548253	0.32
संस्थाएं		
अ) बैंक	2452516	0.03
आ) विदेशी संस्थागत निवेशक	100	0.00
इ) राज्य वित्त निगम	0	0.00
ई) वित्तीय संस्थाएं	350160	0.00
उ) म्यूचुअल फंड	5425800	0.07
सोसायटी	28960	0.00
न्यास	328613	0.00
बीमा कंपनियां	12778869	0.17
अनिवासी भारतीय	4887356	0.06
निदेशक, केएमपी एवं उनके रिश्तेदार		
(i) श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	2500	0
(i) श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक	320	0
(i) श्री अजय शर्मा, सीएफओ	120	0
एनएसडीएल (अंतरणाधीन)	8333219	0.11

शेयरधारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल का %
विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक	7970709	0.10
एनबीएफसी	107932	0.00
आईईपीएफ	2647217	0.03
कुल योग	**7736294880**	**100.00**

व्यापक सूचकांकों अर्थात् बीएसई सेंसेक्स आदि की तुलना में प्रदर्शन

1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 की अवधि के दौरान बीएसई सेंसीटिव इंडेक्स (सेंसेक्स) की तुलना में आईडीबीआई बैंक के इक्विटी शेयर का प्रदर्शन निम्नलिखित चार्ट में दिया गया है:



तालिका 9 : 31 मार्च 2019 के अंत में वितरण अनुसूची

क्र. सं	श्रेणी		शेयरधारकों की संख्या	कुल शेयरधारकों में %	राशि (₹)	कुल राशि में %
	से	तक				
1	1	5000	336432	89.43	488463650.00	0.63
2	5001	10000	22399	5.95	175987020.00	0.23
3	10001	20000	9748	2.59	146575690.00	0.19
4	20001	30000	2695	0.72	69306390.00	0.09
5	30001	40000	1283	0.34	46165980.00	0.06
6	40001	50000	1000	0.27	47653300.00	0.06
7	50001	100000	1477	0.39	109506830.00	0.14
8	100001 और अधिक		1163	0.31	76279289940.00	98.60
कुल			**376197**	**100.00**	**77362948800.00**	**100.00**

शेयर अंतरण प्रणाली एवं निवेशक शिकायत समाधान

शेयर अंतरण प्रक्रिया को शीघ्रतापूर्वक पूरा करने के उद्देश्य से अंतरण ज्ञापन (एमओटी) को साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित करने के लिए कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति गठित की गई है.

यथा 1 अप्रैल 2018 को शिकायत निवारण के लिए 1 निवेशक शिकायत लंबित थी और 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट को शेयरधारकों/ निवेशकों से कुल 7,224 निवेशक शिकायतें प्राप्त हुईं. वर्ष के दौरान 7,223 शिकायतों का निवारण किया गया और 31 मार्च 2019 को शिकायत निवारण के लिए 2 निवेशक शिकायत लंबित थी.

शेयरों के संबंध में 1 अप्रैल 2018 को अंतरण से संबंधित कोई भी मामला लंबित नहीं था. 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट को शेयरों के अंतरण के लिए 1,639 अनुरोध प्राप्त हुए. इनमें से शेयरों के अंतरण से संबंधित 1,639 अनुरोधों पर कार्रवाई की गई और 31 मार्च 2019 को कोई अनुरोध लंबित नहीं थे.

हितधारक संबंध समिति के बारे में प्रकटन

(क)	समिति की अध्यक्षता करने वाले गैर-कार्यपालक निदेशक का नाम	डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक
(ख)	अनुपालन अधिकारी का नाम और पदनाम	श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव अनुपालन अधिकारी हैं. वे एलओडीआर विनियमावली और सेबी विनियमावली के सचिवीय अनुपालन का पर्यवेक्षण करते हैं.
(ग)	वित्तीय वर्ष 2018-19 में शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों की संख्या	2,899
(घ)	शेयरधारकों की संतुष्टि तक समाधान नहीं किए गए मामलों की संख्या	0
(ङ)	लंबित शिकायतों की संख्या	1

डिमैट उचंत खाता/ अदावी उचंत खाता के संबंध में प्रकटन

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार बैंक अदावी उचंत खाते में पड़े इक्विटी शेयरों के संदर्भ में निम्न ब्योरे रिपोर्ट करता है:

क्र. सं.	विवरण	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या
(क)	दिनांक 1 अप्रैल 2018 को उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	4,807	8,56,554
(ख)	दिनांक 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 के दौरान उचंत खाते से शेयरों का अंतरण करवाने के लिए बैंक से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	25	5,100
(ग)	उन शेयरधारकों की संख्या, जिन्हें दिनांक 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 के दौरान उचंत खाते से शेयर अंतरित किए गए	25	5,100
(घ)	यथा 31 मार्च 2019 को उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	4,782	8,51,454
(ङ)	इन शेयरों पर वोटिंग अधिकार तब तक फ्रीज रहेगा जब तक इन शेयरों के वैध स्वामी शेयरों का दावा नहीं करते.		

निवेशक शिक्षा और सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) के संबंध में प्रकटन

(क) वर्ष के दौरान आईईपीएफ में किए गए अंतरण का विवरण

क्र. सं.	विवरण	शेयर	राशि
(i)	अदावी/अप्रदत्त लाभांश की राशि और तद्नुरूपी शेयर	1380047	48634405.00
(ii)	अधिमानी शेयरों की मोचन राशि	लागू नहीं	0
(iii)	उपचित ब्याज के साथ बैंकिंग कंपनियों के अलावा अन्य कंपनियों के लिए परिपक्व जमा की राशि	लागू नहीं	0
(iv)	उपचित ब्याज के साथ परिपक्व डिबेंचर राशि	लागू नहीं	280550424.00
(v)	उपचित ब्याज सहित धन वापसी के लिए किसी प्रतिभूति के आबंटन और देय हेतु प्राप्त आवेदन राशि	लागू नहीं	0
(vi)	बोनस शेयर के जारी होने, विलय और अधिग्रहण से उत्पन्न होने वाले आंशिक शेयरों की बिक्री से प्राप्त प्रतिफल	लागू नहीं	0

(ख) आईईपीएफ में पहले से अंतरित शेयरों से उत्पन्न होने वाले लाभ का विवरण - 0

(ग) पूरे वर्ष तक के अप्रदत्त/ अदावी लाभांश की वर्ष-वार राशि जो अप्रदत्त खाते में पड़ी है और तद्नुरूपी शेयर जो आईईपीएफ में अंतरित किए जाने हैं और ऐसे अंतरण के लिए नियत तारीखें

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	अप्रदत्त लाभांश	शेयरों की संख्या	आईईपीएफ में अंतरित के लिए देय दिनांक
(i)	वित्तीय वर्ष 2011-12 (अंतिम)	14499077.48	9665896	13.10.2019
(ii)	वित्तीय वर्ष 2012-13	31310430.00	8945122	11.10.2020
(iii)	वित्तीय वर्ष 2013-14 (अंतरिम)	8170705.00	11265337	19.02.2021
(iv)	वित्तीय वर्ष 2013-14 (अंतिम)	3272612.00	11880875	06.08.2021
(v)	वित्तीय वर्ष 2014-15	8525142.00	11361958	18.09.2022

(घ)	आईईपीएफ को कंपनी द्वारा दिये गए दान की राशि, यदि कोई हो	0
(ङ)	वर्ष के दौरान आईईपीएफ को अंतरित ऐसी अन्य राशि, यदि कोई हो	0

तालिका 10 : डिमटेरियलाइजेशन के ब्योरे तथा पत्राचार के लिए पता

शेयरों का डिमटेरियलाइजेशन और चलनिधि

शेयरधारिता का स्वरूप	शेयरधारकों की संख्या	शेयर	प्रतिशत
कागजी रूप में	46537	11453693	0.15
एनएसडीएल (डिमटेरियलाइज्ड)	214030	4082031059	52.76
सीडीएसएल (डिमटेरियलाइज्ड)	122399	3642810128	47.09
कुल	**382966**	**7736294880**	**100.00**

बकाया जीडीआर/एडीआर/ वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन की तारीख तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव	आईडीबीआई बैंक लि. ने जीडीआर/ एडीआर/ वारंट आदि जारी नहीं किए हैं.
प्लांट का स्थान	लागू नहीं. तथापि, बैंक की शाखाओं के स्थान के बारे में जानकारी बैंक की वेबसाइट, (www.idbibank.in) पर उपलब्ध है.
पत्राचार के लिए पता	**आईडीबीआई बैंक लि.** सीआईएन - L65190MH2004GOI148838 इक्विटी कक्ष- बोर्ड विभाग, आईडीबीआई बैंक लि., 22वीं मंज़िल, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 फोन- (022) - 66552779/2711/3147/3336 ई-मेल - idbiequity@idbibank.in वेबसाइट - www.idbibank.in

रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट
कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड,
कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फायनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500 032
फोन : (040) 33211500
टोल फ्री नंबर: 1-800-3454001
फैक्स नं. : (040) 23420814
ई-मेल : einward.ris@karvy.com

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड
6ठी मंजिल, आईडीबीआई टॉवर, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कफ परेड, मुंबई-400 005

आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड
आईडीबीआई बिल्डिंग, तल मंज़िल, प्लॉट नं. 39-41, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400 614

आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005

आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड
4थी मंज़िल, आईडीबीआई टॉवर, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कफ परेड, मुंबई-400 005

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड
एशियन बिल्डिंग, तल मंज़िल, 17, आर. कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट
मुंबई - 400 001

विनियम 27 की विवेकाधिकार अपेक्षाओं के अनुपालन की स्थिति

बैंक ने एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के तहत दी गई सभी अनिवार्य अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर स्टॉक एक्सचेंज को निर्दिष्ट प्रारूप में कॉरपोरेट अभिशासन पर तिमाही/ छमाही/ वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करता रहा है. एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग ई के अंतर्गत दी गई विवेकाधिकार अपेक्षाओं के संदर्भ में स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं	विवेकाधीन आवश्यकताएं	स्थिति
1.	एक गैर-कार्यपालक अध्यक्ष को कंपनी के खर्च पर अध्यक्ष के कार्यालय को बनाए रखने का अधिकार होगा और उन्हें उनके द्वारा दायित्व के निर्वहन पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति भी प्राप्त होगी.	बैंक के संस्था के अंतर्नियम के अनुच्छेद 116(1) के अनुसार श्री मंगलम रामसुब्रमणियन कुमार, अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम को 13 मई 2019 से आईडीबीआई बैंक के गैर-कार्यपालक गैर-पूर्णकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है. बैंक ने आईडीबीआई टॉवर, कफ परेड, मुंबई स्थित अपने प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष के कार्यालय की व्यवस्था की है.
2.	पिछले 6 महीनों की महत्वपूर्ण घटनाओं के संक्षिप्त विवरण सहित वित्तीय कार्यनिष्पादन की अर्द्धवार्षिक घोषणा प्रत्येक शेयरधारक के घर भेजी जाए.	बोर्ड के अनुमोदन के तुरंत बाद शेयरधारकों और अन्य हितधारकों की जानकारी के लिए तिमाही और अर्द्धवार्षिक वित्तीय परिणामों को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है और साथ ही स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से प्रसारित किया जाता है.
3.	कंपनी असंशोधित लेखापरीक्षा अभिमत वाले वित्तीय विवरणों की व्यवस्था की ओर अग्रसर हो.	बैंक इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है.
4.	कंपनी द्वारा अध्यक्ष और एमडी एवं सीईओ पद के लिए अलग-अलग व्यक्ति की नियुक्ति की जाए.	अब बैंक में गैर-कार्यपालक गैर-पूर्णकालिक अध्यक्ष और एमडी एवं सीईओ के अलग-अलग पद हैं.
5.	आंतरिक लेखापरीक्षक द्वारा सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट किया जाए.	आंतरिक लेखापरीक्षक, श्री एम. वी. फड़के, कार्यपालक निदेशक सीधे एसीबी को रिपोर्ट करते हैं.

फॉर्म सं. एमआर-3
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम सं. 9 के अनुसरण में]

प्रति,
सदस्यगण,
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
CIN: L65190MH2004GOI148838
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स,
कफ परेड,
मुंबई - 400005.

हमने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात् 'कंपनी' के रूप में निर्दिष्ट) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और अच्छी कॉरपोरेट प्रथाओं के अनुपालन की सचिवीय लेखापरीक्षा की है. सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार संचालित की गई है जिससे हमें कॉरपोरेट आचरणों/सांविधिक अनुपालनों के मूल्यांकन और उन पर अपना अभिमत व्यक्त करने के लिए पर्याप्त आधार प्राप्त हुआ है.

कंपनी की बहियों, कागज़ात, कार्यवृत्त बहियों, दाखिल किए गए फॉर्मों एवं विवरणियों तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य अभिलेखों और सचिवीय लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारियों के सत्यापन के आधार पर हम एतदद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में कंपनी ने 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखा-परीक्षा की अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और साथ ही, कंपनी ने इसमें इसके पश्चात् की गई रिपोर्टिंग की सीमा तक, वर्णित रीति से और उसके अध्यधीन उपयुक्त बोर्ड- प्रक्रियाएँ और अनुपालन-प्रणाली लागू की हैं:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी द्वारा अनुरक्षित बहियों, कागज़ात, कार्यवृत्त बहियों, फाइल किए गए फॉर्मों एवं विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की जांच की है

i. कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;

ii. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम,1956 ('एससीआरए') तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;

iii. निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और इसके अधीन तैयार की गई विनियमावली तथा उप-विधियों;

iv. विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश तथा बाह्य वाणिज्यिक उधार की सीमा तक इसके अधीन बनाए गए नियम तथा विनियमन - लागू नहीं क्योंकि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान रिपोर्ट न की जाने वाली कोई घटना नहीं हैं.

v. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अधीन विनिर्दिष्ट निम्नलिखित विनियम तथा दिशानिर्देश :-

   क. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011;

   ख. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015 ;

   ग. 09 नवंबर 2018 तक प्रभावी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2009 और 10 नवंबर 2018 से प्रभावी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2018;

   घ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 - लागू नहीं क्योंकि कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान उक्त विनियम के अंतर्गत निदेशकों / कर्मचारियों को कोई शेयर/ऑप्शन जारी नहीं किया है.

   ङ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीबद्धता) विनियम, 2008;

   च. कंपनी अधिनियम तथा ग्राहक के साथ संव्यवहार के बारे में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट) विनियम,1993 - लागू नहीं क्योंकि कंपनी समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट के रूप में पंजीकृत नहीं है;

   छ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की असूचीबद्धता) विनियम, 2009 - लागू नहीं क्योंकि कंपनी ने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान किसी स्टाक एक्सचेंज से अपने इक्विटी शेयरों को असूचीबद्ध नहीं किया है/ असूचीबद्ध करने का प्रस्ताव नहीं किया है; तथा

ज. 10 सितंबर 2018 तक प्रभावी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद) विनियम,1998 और 11 सितंबर 2018 से प्रभावी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद) विनियम, 2018 - लागू नहीं क्योंकि कंपनी ने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान अपनी किसी प्रतिभूति की वापसी-खरीद नहीं की है/ वापसी-खरीद का प्रस्ताव नहीं किया है.

vi. प्रबंधन ने कंपनी पर लागू पर निम्नलिखित विधियों की पहचान तथा पुष्टि की है

1. बैंककार बही साक्ष्य अधिनियम, 1891;
2. परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881;
3. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम, 1934;
4. बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 तथा बैंककारी कंपनी नियम, 1949 (समय-समय पर यथा संशोधित);
5. बैंककारी कंपनी (अभिलेखों के परिरक्षण की अवधि) नियम, 1985;
6. बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को शोध्य ऋण वसूली अधिनियम, 1993;
7. धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 तथा धन-शोधन निवारण (अभिलेखों का अनुरक्षण आदि) नियम, 2005;
8. वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002;
9. भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007;
10. दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016;
11. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986;
12. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंकर्स) विनियमन, 1992; (03/08/18 को पंजीकरण का अभ्यर्पण कर दिया गया)
13. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के बैंकर) विनियमन, 1994;
14. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार और सहभागी) विनियम, 1994;
15. विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 के लागू प्रावधान और समय - समय पर जारी नियम, विनियम तथा अधिसूचनाएं;
16. भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन तथा प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1953;
17. बैंकिंग लोकपाल योजना, 2016

हमने निम्नलिखित के लागू खंडों के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) निदेशक मंडल की बैठकों (एसएस-1) और महा सभा (एसएस-2) के संबंध में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी लागू सचिवीय मानक.

(ii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं), विनियम 2015 तथा बीएसई लिमिटेड व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ किए गए सूचीबद्धता करार ;

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने उपर्युक्त अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि का अनुपालन किया है

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि : -

- कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यपालक निदेशकों, स्वतंत्र निदेशकों और महिला निदेशक के समुचित संतुलन के साथ कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन किया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में किए गए परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए हैं.
- सभी निदेशकों को बोर्ड /समिति बैठकों के आयोजन के संबंध में पर्याप्त समय पहले सूचना दी जाती है और कार्य-सूची और कार्य-सूची पर विस्तृत नोट कम से कम 7 दिन पहले भेजे जाते हैं; केवल ऐसे प्रकरणों को छोड़कर जिनमें कार्य-सूची और कार्य-सूची पर विस्तृत नोट बैठक से 7 दिन से कम समय पहले भेजने के लिए निदेशकों की सहमति प्राप्त होती है.
- बैठकों से पहले कार्य-सूची की मदों पर अन्य जानकारी और स्पष्टीकरण मांगने तथा लेने के लिए और बैठक में सार्थक सहभागिता के लिए व्यवस्था मौजूद है.
- बोर्ड तथा समिति की बैठकों में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिये जाते हैं.

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि क) कंपनी द्वारा स्थापित अनुपालन प्रणाली की समीक्षा ख) संबंधित उद्देश्य के लिए प्राधिकृत विभिन्न अधिकारियों द्वारा जारी और निदेशक मंडल द्वारा उनकी बैठक (कों) में दर्ज किए गए अनुपालन प्रमाणपत्र(त्रों) और ग) समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त पत्राचार के आधार पर हमारा अभिमत है कि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी करने और उनका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी को उसके आकार और परिचालन के अनुरूप कंपनी की प्रणालियों और प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने के प्रयास जारी रखने चाहिए.

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि : -

1. कंपनी ने सूचित किया है कि उसने विभिन्न सांविधिक/ विनियामक प्राधिकरणों से प्राप्त नोटिसों का उचित उत्तर दिया है और जहां आवश्यक पाया गया है वहाँ सुधारात्मक उपायों के लिए कारवाई की गई है.

2. कंपनी ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा केवाईसी/ धन शोधन निवारण मानकों पर आरबीआई के नियामकीय दिशानिर्देशों के गैर-अनुपालन तथा स्विफ्ट से संबंधित परिचालनगत नियंत्रण को समय सीमा के भीतर मजबूत व लागू करने पर आरबीआई के नियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए लगाए गए दंड के रूप में क्रमशः 16 फरवरी 2019 को ₹ 20 लाख और 11 मार्च 2019 को ₹ 1 करोड़ का भुगतान किया है.

लेखापरीक्षा अवधि के दौरान उपर्युक्त कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों के अनुसरण के कारण निम्न गतिविधियों/ कार्रवाइयों का कंपनी के कार्य पर प्रमुख प्रभाव पड़ाः

कंपनी ने:

1. भारत सरकार (जीओआई) को अधिमान्य आधार पर दिनांक 25 मई 2018 को 109,73,26,649 इक्विटी शेयर जारी तथा आबंटित किए.

2. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को अधिमान्य आधार पर 4 अक्तूबर 2018 को 33,98,97,328 इक्विटी शेयर, 28 दिसंबर 2018 को 238,76,17,322 इक्विटी शेयर और 21 जनवरी 2019 को 82,75,90,885 इक्विटी शेयर जारी तथा आबंटित किए जिससे बैंक की इक्विटी शेयर पूंजी में एलआईसी की कुल शेयरधारिता 51% हो गई.

3. 21 जनवरी 2019 से भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 51% नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप,

   क) एलआईसी को बैंक के प्रवर्तक के रूप में वर्गीकृत किया गया है

   ख) नियंत्रण में उपर्युक्त परिवर्तन को प्रतिबिंबित करने के लिए इसके संस्था के अंतर्नियमों में बदलाव किया गया है

   ग) रिज़र्व बैंक द्वारा निजी क्षेत्र के बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है

4. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 4390 करोड़ रुपये की ऋण प्रतिभूतियों की चुकौती तथा मोचन किया गया है.

5. बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 19 मार्च 2019 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी को निजी प्लेसमेंट के माध्यम से बासेल अनुपालन III टीयर II बॉन्ड और अधिमानी बॉन्ड (1000 करोड़ रुपये से अधिक नहीं) को शामिल कर एक या एक से अधिक श्रृंखलाओं के जरिये 4000 करोड़ रुपये तक उधार लेने के लिए प्राधिकृत किया है.

रिपोर्ट हमारे सम दिनांकित पत्र के साथ पढ़ी जाए जो कि अनुबंध अ में इस रिपोर्ट के एक अभिन्न अंग के रूप में यहाँ संलग्न किया गया है और इस रिपोर्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा है.

कृते **एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एण्ड कं.**
कंपनी सचिव
फर्म रजिस्ट्रेशन नं. P1991MH040400

एस. एन. अनंतसुब्रमणियन
साझेदार
एफसीएस 4206
सी पी नं. 1774

दिनांक : 21 मई 2019
स्थान : ठाणे

अनुबंध अ

प्रति,
सदस्यगण,
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड,
CIN: L65190MH2004GOI148838
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स,
कफ परेड,
मुंबई-400005

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए हमारी सम दिनांकित सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाए.

प्रबंधन की जिम्मेदारी

1. यह कंपनी प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह सचिवीय अभिलेखों का अनुरक्षण करे, लागू सभी विधियों तथा विनियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु उचित प्रणालियां तैयार करे और सुनिश्चित करे कि प्रणालियां पर्याप्त हों और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हों.

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

2. हमारी जिम्मेदारी इन सचिवीय अभिलेखों, सचिवीय अनुपालनों के संबंध में कंपनी द्वारा अनुसरण किए गए मानकों एवं प्रक्रियाओं के बारे में अपनी राय प्रकट करना है.
3. हमारा विश्वास है कि कंपनी प्रबंधन से प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य और जानकारियां हमारी राय के लिए तर्कसंगत आधार प्रदान करने हेतु समुचित एवं पर्याप्त हैं.
4. जहां भी आवश्यक है, हमने विधियों, नियमों व विनियमों के अनुपालन और घटनाओं के घटित होने के बारे में प्रबंधन से प्रकथन प्राप्त किया है.

डिस्क्लेमर

c) Re designation of hedge swaps by change of underlying liability is accounted as the termination of one hedge and acquisition of another.

घ) हेज संविदाओं की गणना तब तक बाजार मूल्य के अनुसार नहीं की जाती जब तक कि उसके अंतर्निहित मूल्य को भी बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता. बाजार के लिए अंकित हेज करारों के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

d) Hedge contracts are not marked to market unless the underlying is also marked to market. In respect of hedge contracts that are marked to market, changes in the market value are recognized in the profit and loss account.

आ. 'ट्रेडिंग' के रूप में नामित लेन-देनों में:
B. In Transactions designated as 'Trading':

i. 'ट्रेडिंग के लिए' नामित बकाया डेरिवेटिव लेन-देनों की गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है जिनमें ब्याज दर स्वैप,परस्पर मुद्रा स्वैप, परस्पर मुद्रा विकल्प एवं ऋण चूक स्वैप शामिल हैं. इसके फलस्वरूप हुए लाभ/ हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है. विकल्पों पर प्रीमियम को तुलन-पत्र की मद के रूप में दर्शाया जाता है और इसे परिपक्वता/ निरस्त होने पर लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Outstanding derivative transactions designated as 'Trading', which includes interest rate swaps, cross currency swaps, cross currency options and credit default swaps, are measured at their fair value. The resulting profits/ losses are included in the profit and loss account. Premium on options is recorded as a balance sheet item and transferred to Profit and Loss Account on maturity/ cancellation.

ii. एक्स्चेंज ट्रेडेड करेंसी फ्यूचर्स (ईटीसीएफ़) खंड में ट्रेडिंग के लिए नामित डेरिवेटिव लेन-देनों मुद्रा फ्यूचर्स, मुद्रा ऑप्शन और ब्याज दर फ्यूचर्स शामिल हैं, जिनकी गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है और उनका नकदी निपटान टी+1 आधार पर किया जाता है. इन लेन-देनों से हुए लाभ/हानि को संबंधित एक्सचेंजों द्वारा निर्धारित की गई माह के अंत की निपटान तारीख को लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Derivative TTransactions in Exchange Traded Currency Futures (ETCF's) segments designated as trading includes Currency Futures, Currency Options and Interest Rate Futures which are measured at their fair value and are cash settled on T+1 basis. The resulting profits / losses on these transactions are transferred to Profit and Loss Account on the month end settlement date stipulated by Respective Exchanges.

इ. फ्यूचर्स एवं ऑप्शन में लेन-देन
C. Transactions in Futures and Options

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेस लि. के मामले में,
In case of IDBI Capital Market & Securities Limited

i. फ्यूचर्स कांट्रैक्ट/ ऑप्शन बिक्री के समय देय प्रारंभिक मार्जिन राशि एक्सचेंजों में सावधि जमा, नकदी जमा व प्रतिभूतियों के रूप में जमाराशियों से समायोजित की जाती है.

Initial Margin payable at the time of entering into futures contract / sale of options is adjusted against the deposits with the exchanges in the form of fixed deposits, cash deposits and securities.

ii. फ्यूचर्स कांट्रैक्ट में लेन-देनों को संविदा के कल्पित ट्रेड मूल्य पर खरीद एवं बिक्री के रूप में शामिल किया जाता है. तुलन-पत्र की तारीख को फ़्यूचर्स की खुली संविदा को उसके कल्पित मूल्य द्वारा समायोजित कर दिया जाता है.

Transactions in Future contracts are accounted as Purchase and Sales at the notional trade value of the contract. The open interest in futures as at the Balance Sheet date is netted by its notional value.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. निपटान मूल्य अथवा विगत दिवस के एक्सचेंज के बंद भाव व अगले दिन के एक्सचेंज के बंद भाव के अंतर के कारण एक्सचेंज को अदा की गई या प्राप्त की गई राशि को मार्क-टू-मार्केट मार्जिन के रूप में चिह्नित किया जाता है. मार्क-टू-मार्केट मार्जिन खाते की शेष राशि तुलन-पत्र की तारीख तक फ्यूचर्स कांट्रैक्ट के खुली संविदा के मूल्य में घट-बढ़ के फलस्वरूप अदा की गई या प्राप्त की गई निवल राशि होती है. मार्क-टू-मार्केट मार्जिन खाते की निवल नामे शेष राशि राजस्व को प्रभारित की जाती है, जबकि निवल जमा शेष राशि को चालू देयताओं में दर्शाया जाता है.

The difference in the settlement price or exchange closing price of the previous day and exchange closing price of the subsequent day, paid to or received from the exchange is treated as Mark to Market Margin. The balance in the Mark to Market Margin Account represents the net amount paid or received on the basis of movement in the prices of open interest in futures contracts till the balance sheet date. Net debit balance in the Mark to Market Margin Account is charged off to revenue whereas net credit balance is shown under current liabilities.

iv. ऑप्शनों के क्रय-विक्रय पर अदा की गई या प्राप्त की गई प्रीमियम तथा ऑप्शन के प्रयोग के चलते अदा या प्राप्त की गई अंतर राशि को खरीद या बिक्री के हिसाब में लिया जाता है. तुलन-पत्र की तारीख के अनुसार बेचे गए ऑप्शनों के खुली संविदा के मामले में ऑप्शन से प्राप्त प्रीमियम की राशि से तुलन-पत्र की तारीख को लागू प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है. तुलन-पत्र में लागू प्रीमियम के मुकाबले प्राप्त प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उसे निर्धारित नहीं किया जाता है. इसी प्रकार ऑप्शन खरीदी के मामले में ऑप्शन से प्राप्त प्रीमियम की राशि से तुलन-पत्र की तारीख को लागू प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है किंतु तुलन-पत्र में लागू प्रीमियम के मुकाबले प्राप्त प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उसे अनदेखा किया जाता है. बहुविध खुली स्थितियों के मामले में क्रय व विक्रय, दोनों ही स्थितियों में प्रावधान किया जाता है या शेष राशियों का समंजन करके अतिरिक्त प्रीमियम को अनदेखा किया जाता है.

iv. Premium paid or received on purchase and sale of options and the difference paid or received on exercise of options is accounted as Purchases or Sales. In case of open interest in options sold as on the balance sheet date, provision is made for the amount by which premium prevailing on the Balance Sheet date exceeds the premium received for those options. The excess of premium received over the premium prevailing on the Balance Sheet date is not recognized. Similarly, in case of options bought, provision is made for the amount by which the premium paid for the option exceeds the premium prevailing on the Balance Sheet date and the excess of premium prevailing on the Balance Sheet date over the premium paid is ignored. In case of multiple open positions, provision is made or excess premiums are ignored after netting off the balances in buy as well as sell positions.

ई. ब्याज दर स्वैप
D. Interest Rate Swaps

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सिक्योरिटी लि. के मामले में, प्राथमिक डीलरशिप परिचालनों के संबंध में बंद किए गए परिचालनों के ब्याज दर स्वैप की कल्पित प्राथमिक राशि में से संबंधित आस्तियों और देयताओं को घटाया जाता है. ब्याज दर स्वैप में लाभ या हानि को संविदा की शर्तों के अनुसार देय तारीख को हिसाब में लिया जाता है.

In case of IDBI Capital Market & Securities Limited, Assets and Liabilities in respect of notional principal amount of Interest Rate Swaps of the discontinued operations pertaining to Primary Dealership operations are netted. Gain or loss on Interest Rate Swaps is accounted for on due dates as per the terms of the contract.

9. अचल आस्तियां एवं मूल्यह्रास:
Fixed Assets and depreciation:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,
A. In case of IDBI Bank Limited,

i. अचल आस्तियों, परिसर को छोड़कर, को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर उल्लिखित किया जाता है. परिसर का मूल्यांकन बैंक की नीति तथा रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है और उसे संचित मूल्यह्रास घटाकर पुनर्मूल्यांकित राशि के रूप में दर्शाया जाता है.
Fixed assets other than Premises are stated at cost less accumulated depreciation. Premises are revalued in accordance with the Bank's policy and RBI guidelines and the same are stated at revalued amount less accumulated depreciation.

ii. आस्ति की लागत में क्रय लागत और उपयोग में लाने से पूर्व आस्ति पर उपगत सभी व्यय शामिल होते हैं. उपयोग में लाये जाने पर आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब वह ऐसी आस्तियों से भावी लाभ या उनकी कार्यक्षमता बढ़ाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Cost of asset includes purchase cost and all expenditure incurred on the asset before put to use. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefits from such assets or their functioning capability.

iii. पुनर्मूल्यन, यदि कोई हो, पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यन रिज़र्व में शामिल किया जाता है.
The appreciation on revaluation, if any, is credited to Revaluation Reserve.

iv. अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की गणना लागत अथवा आस्तियों के पुनर्मूल्यांकन की स्थिति में पुनर्मूल्यांकित राशियों के संदर्भ में सीधी रेखा पद्धति पर की जाती है.

Depreciation in respect of fixed assets is calculated on Straight Line Method with reference to cost or revalued amounts, in case of assets revalued.

v. पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के संबंध में, पुनर्मूल्यन के फलस्वरूप अतिरिक्त मूल्यह्रास को तुलन-पत्र में पुनर्मूल्यन रिज़र्व से सामान्य रिज़र्व में अंतरित किया जाता है.

In respect of revalued assets, the additional depreciation consequent to revaluation is transferred from revaluation reserve to general reserve in the balance sheet.

vi. ₹ 5000 से कम लागत की अलग-अलग अचल आस्तियों को उनके अर्जन के वर्ष में ही पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Fixed assets individually costing less than ₹ 5000 are fully depreciated in the year of addition.

vii. मूर्त आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के भाग सी में उपबंधित अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल के आधार पर किया जाता है. उपयोगी जीवन और शेष मूल्यों की आवधिक समीक्षा की जाती है. यदि प्रबंधन के अनुमान के अनुसार किसी अचल आस्ति को अर्जित करते समय उस अचल अस्ति के अनुमानित जीवनकाल या बाद में समीक्षा करने पर उसका शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा उपयोगी जीवनकाल/शेष उपयोगी जीवनकाल के अनुमान के आधार पर मूल्यह्रास की ऊंची दर लगायी जाती है.

Depreciation on tangible assets is allocated over useful life of the asset as prescribed under Part C of Schedule II of the Companies Act 2013. The useful lives and residual values are reviewed periodically. If the management estimate useful lives of an asset at the time of acquisition of the asset or of remaining useful life on subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimate of useful life / remaining useful life.

viii. वर्ष के दौरान अचल आस्तियों के परिवर्धन / बिक्री पर मूल्यह्रास आस्तियों के वास्तव में धारित करने की अविध के लिए लगाया जाता है.

Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the period for which assets were actually held.

ix. अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल निम्नानुसार है:
The useful lives of Fixed assets are as follows:

आस्ति / Asset	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) Useful Life (in Years)
स्वामित्व वाले परिसर / Owned Premises	60
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture and fixtures	10
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी Electrical installation and machinery	10
मोटर वाहन /Motor vehicles	8
कंप्यूटर (आंतरिक सॉफ्टवेयर सहित) Computers (including integral software)	3
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	8
वीसैट उपकरण / VSAT equipment	6
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	
क) फर्नीचर और फिक्सचर / a) Furniture and fixtures	10
ख) पर्सनल कंप्यूटर / b) Personal Computers	3

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

x. लीज वाली भूमि को लीज की अवधि में परिशोधित किया जाता है.
Leasehold land is amortized over the period of lease.

xi. ₹ 2.50 लाख से अधिक राशि वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (नॉन-इंटिग्रल) को पूंजीकृत किया जाता है और इसे इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है जिसकी अवधि अधिकतम 6 वर्ष होती है.
Computer Software (non-integral) individually costing more than ₹ 2.50 Lacs is capitalised and depreciated over its useful life, not exceeding 6 years.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में
B. In case of IDBI Assets Management Limited

i. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास और ह्रास को घटाकर अर्जन लागत पर दर्शाया जाता है. लागत मूल्य में आस्तियों के अर्जन एवं संस्थापन से संबंधित मालभाड़ा, शुल्क, कर और प्रासंगिक व्यय शामिल होते हैं. प्रयोग में लाई जा रही आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब इन आस्तियों से भविष्य में लाभ/ कार्य निष्पादन क्षमता में वृद्धि की संभावना हो. मौजूदा अचल आस्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव और कलपुर्जों के बदलाव की लागत सहित कुल खर्च को जिस अवधि में वे उपगत होते हैं उस अवधि में राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है.
Fixed assets are carried at cost of acquisition less accumulated depreciation and impairment. Cost includes freight, duties, taxes, and incidental expenses related to the acquisition and installation of the assets. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefit/functioning capability from/of such assets. All expenses on existing fixed assets, including repairs and maintenance and cost of replacement of parts are charged as revenue in the period in which they are incurred.

ii. मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) द्वारा किया जाता है. आस्तियों के मूल्यह्रास की दरें कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल को विचार में लेने के बाद तय की गई हैं. प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यदि आस्तियों के अर्जन के समय अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल या इसके बाद की जाने वाली समीक्षा के आधार पर शेष उपयोगी जीवनकाल कम है तो मूल्यह्रास का निर्धारण उपयोगी जीवनकाल/ शेष जीवनकाल पर प्रबंधन के अनुमान के आधार पर उच्च दर पर किया जाता है. इस नीति के अनुसरण में निम्नलिखित दरों के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है:
Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) as prescribed in Schedule II to the Companies Act, 2013. The rates of depreciation of assets have been arrived at after considering the useful life of the asset as per schedule II of the Companies Act 2013. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset, at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

अचल आस्तियों की श्रेणी / Class of Fixed Assets	मूल्यह्रास की दर (% में) - एसएलएम आधार पर (1 अप्रैल 2015 से लागू) Rate of Depreciation (In%)- SLM basis (applicable from April 01, 2015)
फर्नीचर एवं फिक्सचर/ Furniture & Fixtures	9.50
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	19.00
आईटी हार्डवेयर /IT Hardware	33.33
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं Consumer durables with Employees	33.33

iii. एकल रूप से 2.50 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को 5 वर्ष की अवधि के दौरान पूंजीकृत तथा मूल्यह्रासित किया जाता है, एकल रूप से 2.50 लाख रुपए से कम की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को क्रय / अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Computer software individually costing more than 2.50 lakhs is capitalized and depreciated over a period of 5 years, Computer software individually costing less than 2.50 lakhs is fully depreciated in the year of purchase/ acquisition.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iv. कंपनी आस्ति के उपयोग में लाये जाने की तारीख से तथा बेची गई किसी आस्ति के लिए उसकी बिक्री तारीख तक आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है.
The Company provides pro-rata depreciation from the date the asset is put to use and for any asset sold until the date of sale.

v. एकल रूप से ₹ 5000 या उससे कम की लागत वाली, सॉफ्टवेयर से इतर अचल आस्तियों को क्रय/ अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Fixed assets, other than software, individually costing ₹ 5,000 or less are fully depreciated in the year of purchase / acquisition.

इ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में
C. In case of IDBI Intech Limited

अचल आस्ति को उनकी संचित मूल्यह्रास/ परिशोधन और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर अधिग्रहण की लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में लक्षित प्रयोग के लिए कार्यशील परिस्थितियों में लाने हेतु आस्ति के अधिग्रहण में हुए सभी व्यय शामिल होते हैं. अमूर्त आस्तियां जैसे सॉफ्टवेयर, जिस पर कंपनी के अधिकार जारी रहते हैं उसे लागत पर पूंजीकृत किया जाता है.
Fixed assets are stated at cost of acquisition less accumulated depreciation / amortization and impairment loss, if any. Cost includes all expenses incurred for acquisition of assets to bring these to working conditions for intended use. The intangible assets like software, on which propriety rights continue with the company, are capitalized at costs

ई. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में
D. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

i. अचल आस्तियों को अर्जन की मूल लागत तथा उनके अर्जन के संबंध में उपगत संस्थापना प्रभार पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने से संबंधित लागत शामिल है. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत निर्धारित किए गए अनुसार मूल्यह्रास निर्धारित दर पर अवलिखित आधार पर प्रभारित किया जाता है. आस्ति के परिवर्धन पर मूल्यह्रास का प्रावधान ऐसे परिवर्धन की तारीख से और निपटान के लिए ऐसे निपटानों की तारीख तक किया जाता है. कम लागत वाली अलग-अलग आस्तियों (5000/- रुपये से कम राशि में अर्जित) को उनके अर्जन के वर्ष में मूल्यह्रासित किया जाता है.
Fixed assets are stated at original cost of acquisition plus installation charges incurred in connection with the acquisition. Cost comprises of purchase price and attributable cost of bringing the assets to its working condition for its intended use. The depreciation is charged on Written down Value basis as prescribed in schedule II of the Companies Act 2013. The depreciation on the addition of the asset is provided from the date of such addition and for disposals up to the date of such disposals. Individual low cost assets (acquired for less than Rs. 5,000/-) are depreciated in the year of acquisition.

ii. लेखांकन मानक एएस-26 के अनुसरण में आस्तियों को संचित परिशोधन घटाकर अर्जन की लागत पर दर्शाया जाता है. अमूर्त आस्तियों का परिशोधन आस्ति के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अवलिखित मूल्य पद्धति पर किया जाता है.
In accordance with Accounting Standards AS-26, Intangible Assets are stated at cost of acquisition less accumulated amortization. Amortization of intangible assets is provided on Written Down Value method on the basis of estimated useful life of the asset.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लि. के मामले में
E. In case of IDBI Capital Market & Securities Limited

मूर्त आस्तियों के मामले में संपत्ति की मदें, संयंत्र और उपकरण की पहचान आरंभ में लागत पर की जाती है और तत्पश्चात संचित मूल्यह्रास तथा हानि को घटाकर मूल लागत पर की जाती है. संपत्ति की मदों, संयंत्र और उपकरणों के मूल्यह्रास की गणना कंपनी अधिनियम की अनुसूची II में निर्दिष्ट किए अनुसार उनके आकलित उपयोगी जीवनकाल पर मूल्य ह्रासित राशि पर सीधी रेखा पद्धति के द्वारा निम्नानुसार की जाती है:
In case of Tangible Assets, Items of property, plant and equipment are initially recognized at cost and subsequently carried at cost less accumulated depreciation and accumulated impairment losses. Depreciation on items of property, plant and equipment is calculated using the straight-line method to allocate their depreciable amounts over their estimated useful lives as specified in Schedule II to the Companies Act as follows:

भवन - 60 वर्ष
Buildings - 60 years

कम्प्यूटर - 3 वर्ष
Computers - 3 years.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

फर्नीचर एवं फिक्सचर - 10 वर्ष
Furniture& Fixtures - 10 years

कार्यालय उपकरण - 5 वर्ष
Office Equipments - 5 years

₹ 5000 से कम एकल मूल्य वाली सभी मूर्त आस्तियों को अर्जन के वर्ष में तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.
All Tangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

अमूर्त आस्तियों के मामले में अर्जित कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर लाइसेंसों को आरंभ में लागत पर पूंजीकृत किया जाता है जिसमें खरीद मूल्य (किसी भी छूट अथवा रिबेट को घटाकर) और आस्ति को उसके नियत प्रयोग के लिए तैयार करने हेतु लगे अन्य प्रत्यक्ष रोप्य लागत को शामिल किया जाता है. सॉफ्टवेयर की मूल लागत में प्रत्यक्ष व्यय जो कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के कार्य निष्पादन को बढ़ाता और विस्तारित करता हो और जिसे उसके ब्योरे से आगे और विश्वसनीय रूप से आँका जा सकता है, को शामिल किया जा सकता है. कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के रखरखाव से संबंधित खर्च वहन किए जाने पर उसे व्यय के रूप में निर्धारित किया जाता है.
In case of Intangible Assets, Acquired computer software licenses are initially capitalised at cost, which includes the purchase price (net of any discounts and rebates) and other directly attributable cost of preparing the asset for its intended use. Direct expenditure which enhances or extends the performance of computer software beyond its specifications and which can be reliably measured is added to the original cost of the software. Costs associated with maintaining the computer software are recognized as an expense when incurred.

पूंजीकरण हेतु पात्र सॉफ्टवेयर विकास पर व्यय को विकास के अधीन अमूर्त आस्तियों के रूप में लिया जाता है जहां पर कि ऐसी आस्तियां उनके नियत उपयोग हेतु तैयार नहीं हैं.
Expenditure on software development eligible for capitalisation are carried as Intangible assets under development where such assets are not yet ready for their intended use.

अमूर्त आस्तियों को सीधी रेखा पद्धति के आधार पर उनके अनुमानित उपयोगी मूल्य पर परिशोधित किया जाता है. परिशोधन हेतु प्रयोग अमूर्त आस्तियों का अनुमानित उपयोगी मूल्य है:
Intangible assets are amortized on a straight line basis over their estimated useful lives. The estimated useful lives of intangible assets used for amortization are:

कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर - 3 वर्ष
Computer Software -3 years

वेब ट्रेडिंग पोर्टल - 3 वर्ष
Web Trading Portal - 3 years

बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज कार्ड - 21 वर्ष
Bombay Stock Exchange Card - 21 years

प्रबंधन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ट्रेडिंग राइट के आर्थिक मूल्य का अनुमान उसके उपयोग मूल्य के आधार पर लगाता है.
Management estimates the economic value of Bombay Stock Exchange Trading Rights based on the value in use.

₹ 5,000, से कम एकल मूल्य की सभी अमूर्त आस्तियों को अर्जन के वर्ष में तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.
All Intangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

संपत्ति, संयत्र और उपकरण, जिनकी एकल लागत 5000/- रुपए अथवा कम हो, को खरीद/अधिग्रहण के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Property, Plant and Equipment, individually costing Rs 5000/ or less are fully depreciated in the year of purchase/ acquisition.

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का आंकलित उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा और समायोजन यथा उपयुक्त रूप से प्रत्येक तुलन-पत्र में की जाती है. किसी भी प्रकार के संशोधन के प्रभावों को परिवर्तनों के उत्पन्न होने पर लाभ व हानि विवरणों में दर्शाया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

The residual values and estimated useful lives of property, plant and equipment are reviewed, and adjusted as appropriate, at each balance sheet date. The effects of any revision are recognised in profit or loss when the changes arise.

ऊ. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में

F. In case of IDBI Federal Life Insurance Company Limited

i. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और उस आस्ति को उसके उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से उपगत कोई भी लागत शामिल हैं. मूल्यह्रास को कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में आस्ति की प्रत्येक श्रेणी के न्यूनतम उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अर्जन की तारीख से / बिक्री की तारीख तक आनुपातिक रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) का प्रयोग करते हुए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है, जो नीचे दर्शाया गया है:
Fixed assets are stated at cost less accumulated depreciation. Cost includes the purchase price and any cost directly attributable to bringing the asset to its working condition for its intended use. The Depreciation is provided using Straight Line Method ('SLM') prorated from the date of acquisition/up to the date of sale, based on estimated useful life for each class of asset in the manner specified in Schedule II of the Companies Act, 2013, as stated below:

आस्ति / Asset	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) / Useful Life (in Years)
भवन / Building	60
पट्टाधृत उन्नयन / Leasehold improvements	3
संचार नेटवर्क और सर्वर Communication networks and servers	6
कंप्यूटर तथा पेरिफेरल उपकरण Computers and peripheral equipments	3
कार्यालय उपकरण / Office equipment	5
फर्नीचर एवं फिक्सचर / Furniture & fixtures	10
मोटर वाहन / Motor Vehicles	8
बिजली संस्थापना एवं उपकरण Electrical Installations and Equipments	10

ii. सॉफ्टवेयर युक्त अमूर्त आस्तियों को परिशोधन घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. इन्हें इनके उपयोग की तारीख से 3 वर्ष की अवधि में सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है. सॉफ्टवेयर में महत्वपूर्ण उन्नयनों को तब पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभावित होता है कि इस प्रकार का उन्नयन आस्ति को उसके मूल रूप से निर्धारित मानकों से अधिक भावी आर्थिक लाभ उत्पन्न करने में समर्थ बनाएगी और इस प्रकार का व्यय विश्वसनीय ढंग से आंका और आस्ति पर जोड़ा जा सकता है. अनुवर्ती व्ययों का परिशोधन सॉफ्टवेयर के शेष उपयोगी जीवनकाल के दौरान किया जाता है. सॉफ्टवेयर के सपोर्ट तथा रख-रखाव के व्ययों को उस अवधि के राजस्व खाते में प्रभारित किया जाता है जिसमें वे उपगत होते हैं.
Intangible assets comprising software are stated at cost less amortization. These are amortized using Straight Line Method over a period of 3 years from the date of being put to use. Significant improvements to software are capitalized when it is probable that such improvement will enable the asset to generate future economic benefits in excess of its originally assessed standards of performance and such expenditure can be measured and attributed to the asset reliably. Subsequent expenditures are amortized over the remaining useful life of the software. The expenses for support and maintenance of software are charged to Revenue Account in the period in which they are incurred.

10. प्रतिभूतीकरण लेन-देन:
Securitization Transactions:

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतिकरण से इन आस्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं (एसपीवी) को बिक्री की जाती है, जो इसके बदले में निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं. प्रतिभूतिकृत आस्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय आस्तियों को आंशिक अथवा पूर्णतः अमान्य कर दिया जाता है. बैंक खातों को बिक्री के समय ही होने वाली किसी भी हानि के लिए और बिक्री से होने वाले लाभ/प्रीमियम को एसपीवी द्वारा, जिन्हें आस्तियां बेची गयी हैं, जारी की गयी या जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.
Securitisation of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial assets are partially or wholly derecognised when the control of the contractual rights in the securitised assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

account of sale is amortised over the life of the securities issued or to be issued by the SPV to which the assets are sold.

11. प्रतिभूतीकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री:
Sale of financial assets to Securitization Companies/Reconstruction Companies:

प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी)/पुनर्संरचना कंपनी (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री की गणना प्रतिभूति रसीद (एसआर)/ प्रभाव अंतरण प्रमाणपत्र (पीटीसी) के भुनाई मूल्य और वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य में से निम्नतर आधार पर की गई है.
Sale of financial assets to Securitisation Companies (SCs) / Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass Through Certificates (PTCs) received and the net book value of the financial asset.

पूरी तरह से प्रावधान की गई आस्तियों अर्थात् संदिग्ध आस्तियां-3 की बिक्री और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए मामलों में प्रतिभूति रसीदों (एसआर) की बैंक की निवेश बही में एक रुपये के रूप में गणना की जाती है.
In case of sale of assets which are fully provided i.e. Doubtful Assets-3 and Technical Write Off cases, the Security Receipts (SRs) are reckoned at Rupee one in the investment book of the Bank.

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य(एनबीवी) (अर्थात बही मूल्य धारित प्रावधान हटाकर) से कम मूल्य पर किया जाता है तो कमी को उस वर्ष के लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाता है. बैंक अनर्जक आस्तियों की बिक्री में किसी भी कमी अर्थात् जब बिक्री एनबीवी से कम हो, को पूरा करने के लिए प्रतिचक्रीय/ अस्थायी प्रावधानों का प्रयोग कर सकते हैं.
In case the sale value is at a price below the Net Book Value(NBV) (i.e., book value less provison held), the shortfall should be debited to the profit and loss account of that year. Banks can also use countercyclical/floating provisions for meeting any shortfall on sale of NPAs i.e. when the sale is at a price below the NBV

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है तो अतिरिक्त प्रावधान को राशि के प्राप्त होने वाले वर्ष में ही प्रत्यावर्तित कर दिया जाता है. तथापि, आधिक्य प्रावधान का ऐसा प्रत्यावर्तन आस्ति के एनबीवी से अधिक प्राप्त नकद राशि तक सीमित है.
In case, sale value is higher than the NBV, the excess provision is reversed to the profit and loss account in the year in which cash amounts are received. However, such reversal of excess provision is limited to the extent to which cash received exceeds the NBV of the asset.

12. विदेशी मुद्रा लेन-देन:
Foreign Currency Transactions:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,
A. In case of IDBI Bank Limited,

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को आरंभिक अभिनिर्धारण होने पर लेन-देन की तारीख के प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं..
Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary foreign currency assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognized as income or expense in the period in which they arise.

ii. ऐसी वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं की गई हैं, की शुरुआत में प्राप्त प्रीमियम या बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया जाता है. अन्य वायदा विनिमय संविदाएं पर प्रीमियम या छूट को हिसाब में नहीं लिया जाता है.
Premium or discount arising at the inception of Forward Exchange Contracts which are not intended for trading is amortized as expense or income over the life of the contract. Premium or discount on other Forward Exchange Contracts is not recognized.

iii. ऐसी बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं हैं, का अंतिम फेडाई दरों पर पुनर्मूल्यन किया जाता है. अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यन फेडाई द्वारा विर्निदिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. इससे होने वाले लाभ/हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है.
Outstanding Forward Exchange Contracts which are not intended for trading are revalued at closing FEDAI rates. Other outstanding Forward Exchange Contracts are valued at rates of exchange notified by FEDAI for specified

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profit/ losses are recognized in the Profit and Loss Account.

iv. वायदा विनिमय संविदाओं की परिपक्वता पूर्व समाप्ति से होने वाले लाभ/हानियों, साथ ही अपरिशोधित प्रीमियम या छूट, यदि कोई हो, को समाप्ति की तारीख पर हिसाब में लिया जाता है.
Profit/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts, together with unamortized premium or discount, if any, is recognized on the date of termination.

v. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की अंतिम दरों पर की जाती है.
Contingent liability in respect of outstanding forward exchange contracts is calculated at the contracted rates of exchange and in respect of guarantees; acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates.

vi. विदेशी शाखा के परिचालनों को 'एकीकृत विदेशी परिचालनों' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. आस्तियों व देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित औसत तिमाही बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है. इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
Operations of foreign branch are classified as `Integral Foreign Operations'. Assets and Liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) Income and Expenditure items are translated at quarterly average rates. The resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss Account.

आ. **आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड** के मामले में विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के दौरान निपटान किए गए विदेशी मुद्रा लेनदेन के कारण होने वाले विनिमय अंतर, यदि कोई हो, को लाभ-हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

B. **In case of IDBI Assets Management Limited,** Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transactions. Exchange difference, if any, arising out of the foreign exchange transactions settled during the year are recognized in the statement of Profit and Loss.

इ. **आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.** के मामले में विदेशी मुद्राओं में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं, यदि कोई हों, का रूपान्तरण वर्ष के अंत में समाप्त दर पर किया जाता है. निपटान/रूपान्तरण पर होने वाले परिणामी विनिमय लाभ या हानि को राजस्व या लाभ-हानि लेखे, जैसा लागू हो, में दर्शाया जाता है.

C. **In case of IDBI Federal Life Insurance Company Limited,** Transactions in foreign currencies are recorded at the exchange rates prevailing at the date of the transaction. Monetary assets and liabilities in foreign currency, if any, are translated at the year-end closing rates. The resultant exchange gain or loss arising on settlement/translation is recognized in the Revenue or Profit and Loss Account as applicable.

ई. **आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लि.** के मामले में विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के अंत में, विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग अंतिम विनिमय दर का प्रयोग करते हुए की जाती है. उन पर उत्पन्न होने वाले तथा विदेशी मुद्रा वसूली/भुगतान पर होने वाले विनिमय अंतर को सम्बद्ध वर्ष के दौरान आय या व्यय के हिसाब में लिया जाता है.

D. **In case of IDBI Capital Market & Securities Limited,** Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transaction. At the year end, monetary items denominated in foreign currency are reported using the closing rate of exchange. Exchange difference arising thereon and on realization / payments of foreign exchange are accounted as income or expenses in the relevant year.

उ. **आईडीबीआई इंटेक लि.** के मामले में, विदेशी मुद्रा में संव्यवहार, संव्यवहार के समय प्रभावी विनिमय की मूल दर पर दर्ज किए जाते हैं. विदेशी मुद्रा संव्यवहार के निपटान से उत्पन्न विनिमय अंतर को लाभ और हानि के विवरण में शामिल किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों कों तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग कर पुनःस्थापित किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप होने वाले निवल विनिमय अंतर को लाभ और हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

E. **In case of IDBI Intech Limited,** Transactions in foreign currency are recorded at the original rate of exchange in force at the time transactions are effected. Exchange differences arising on settlement of foreign currency transactions are recognized in the Statement of Profit and Loss. Monetary items denominated in foreign currency are restated using the exchange rate prevailing at the date of the Balance Sheet and the resulting net exchange difference is recognized in the Statement of Profit and Loss.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ऊ. **आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.** के मामले में में विदेशी मुद्रा में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर बहियों में दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं में मूल्यवर्गित सभी मौद्रिक मदों को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर पुनः दर्शाया जाता है. निपटान या लेनदेन पर विनिमय अंतर के कारण आय या व्यय को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

F. **In case of IDBI Trusteeship Services Limited,** Transactions in foreign currencies are recorded in the books by applying the exchange rates prevailing on the date of the transaction. All monetary items denominated in foreign currency assets and liabilities are restated at the exchange rate prevailing at the year end. Any income or expense on account of the exchange difference either on settlement or on transaction is recognized in the profit & loss account.

13. कर्मचारी लाभः
Employee Benefits:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,

A. In case of IDBI Bank Ltd,

i. अंशदान के देय होने पर निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं में किए गए भुगतान को वर्ष के लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.
Payments to defined contribution schemes are charged to Profit and Loss Account of the year when contribution are due.

ii. निर्दिष्ट लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण पूर्वलक्षित इकाई ऋण पद्धति का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक मूल्यांकन प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है.
For defined benefit schemes, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

iii. कर्मचारी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बदले अदा किये जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस अवधि के दौरान हिसाब में लिया जाता है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.
The undiscounted amount of short-term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized during the period when the employee renders the service.

आ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले,

B. **In case of IDBI Intech Limited,**

i. नियोजन पश्चात् सुविधाएं और अन्य दीर्घावधि लाभ योजनाएंः
Post-employment benefits and other long term benefit plans:

निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं के भुगतानों को व्यय माना जाता है. निर्दिष्ट लाभ योजनाओं और अन्य दीर्घावधि लाभ योजनाओं के लिए,लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण पूर्व लक्षित ईकाई ऋण पद्धति का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है. पिछली सेवा लागत को उस सीमा तक शीघ्र ही हिसाब में लिया जाता है जिससे लाभ पहले ही निहित होते हैं और अन्यथा लाभ के निहित होने तक औसत अवधि में सीधी रेखा के आधार पर परिशोधित किए जाते हैं. तुलन पत्र में हिसाब में ली गई सेवानिवृत्ति सुविधा देयता परिभाषित सुविधा दायित्व को दर्शाती है जो कि हिसाब में न ली गई सेवा हेतु समायोजन, योजना आस्तियों के उचित मूल्य से घटाकर किया जाता है. इस गणना के परिणामस्वरूप कोई भी आस्ति निर्दिष्ट लाभ देयता के रूप में निर्धारित राशि से कम है और उपलब्ध प्रतिदान के वर्तमान मूल्य और/ अथवा योजना में भविष्य के अंशदान तक सीमित होती है.
Payments to defined contribution schemes are expensed as incurred. For defined benefit schemes and other long term benefit plans, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each balance sheet date. Actuarial gains and losses are recognized in full in the Statement of Profit and Loss for the period in which they occur. Past service cost is recognized immediately to the extent that the benefits are already vested, and otherwise is amortized on a straight line basis over the average period until the benefits become vested. The retirement benefit liability recognized in the balance sheet represents the present value of the defined benefit obligation as adjusted for unrecognized past service cost, as reduced by the fair value of scheme assets. Any asset resulting from this calculation is limited to the lower of the amount determined as the defined benefit liability and the present value of available refunds and /or reduction in future contributions to the scheme.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ii. अल्पावधि कर्मचारी लाभ:

अल्पावधि कर्मचारी लाभ को कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं के बदले में अदा किए जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस वर्ष के दौरान व्यय के रूप में दर्शाया जाता है जिस वर्ष कर्मचारी ने सेवा प्रदान की है. इन लाभों में एक वर्ष के भीतर ली जानेवाली छुट्टी के लिए प्रतिपूरित अनुपस्थिति तथा देय बोनस शामिल हैं.

Short term employee benefits:

The undiscounted amount of short term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized as an expense during the year when the employee renders those services. These benefits include compensated absences such as leave expected to be availed within a year and bonus payable.

इ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड के मामले में,

C. In case of IDBI Trusteeship Services Limited,

नियोजन की शर्तों के अनुसार देय वर्तमान एवं भूतपूर्व सेवाओं के लिए कर्मचारी लाभ, अल्पावधि एवं दीर्घावधि दोनों, के लिए देयता ''भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई)'' द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) ''कर्मचारी लाभ'' के अनुसार दर्ज की जाती है.

Liability for employee benefits, both short and long term, for present and past services which are due as per the terms of employment are recorded in accordance with Accounting Standard - 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the "Institute of Chartered Accountants of India (ICAI)".

निर्धारित अंशदान योजनाएं

Defined Contribution Schemes

क) **भविष्य निधि**

a) **Provident Fund**

कंपनी कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के उपबंधों और उसके अंतर्गत बनाई गई योजनाओं के अधीन पंजीकृत है. तदनुसार, कंपनी सरकारी प्राधिकरणों के लिए अधिनियम के अंतर्गत स्थापित निधियों/ योजनाओं में कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे न्यूनतम अंशदान के बराबर अंशदान कर रही है. पात्र कर्मचारियों को सरकारी प्राधिकरणों से लाभ मिलता है. वर्ष के लिए देय अंशदान को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

The Company is registered under the provisions of Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 and schemes framed there under. Accordingly, the Company is contributing, in equal share of minimum contribution as those of employees, to the funds/ schemes established under the Act to Government Authorities. The eligible employees receive benefits from Government Authorities. The contribution due for the year is charged to profit and loss account.

ख) उपदान

b) **Gratuity**

कंपनी रिपोर्टिंग की तारीख यथा 31 मार्च 2017 तक बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित ''द ट्रस्टीज आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि. एम्प्लॉईस ग्रुप ग्रैच्युटी स्कीम'' नाम से उपदान प्रदान करती है. कंपनी को वार्षिक प्रीमियम अंशदान का भुगतान करना होता है. वर्ष के लिए इस प्रकार प्रदत्त/ भुगतान-योग्य प्रीमियम को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है.

The Company provides for gratuity, known as "The Trustees IDBI Trusteeship Services Limited Employee's Group Gratuity Scheme" based on actuarial valuation as on reporting date 31st March, 2017. The Company is required to pay annual premium contributions. The premium so paid / payable for the year is recognised in profit and loss account.

ग) छुट्टी नकदीकरण

c) **Leave Encashment**

वार्षिक छुट्टी नकदीकरण की गणना भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) ''कर्मचारी लाभ'' के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती है..

Annual Leave encashment is accounted on Actuarial valuation as per Accounting Standard - 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the ICAI.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में,
D. In case of IDBI Asset Management Limited,

क) उपदान:
a) **Gratuity:**

उपदान देयता एक निर्धारित लाभ दायित्व है और इसका निधियन उपदान निधि के माध्यम से किया जाता है जिसका प्रशासन एवं प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जाता है. कंपनी, बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित भावी उपदान लाभ हेतु देयता की गणना परिलक्षित इकाई ऋण पद्धति के प्रयोग द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में करती है.
Gratuity liability is a defined benefit obligation and is funded through a Gratuity Fund administered and managed by the Life Insurance Corporation of India. The Company accounts for liability for future gratuity benefits based on the actuarial valuation using Projected Unit Credit Method carried out as at the end of each financial year.

ख) भविष्य निधि:
b) **Provident fund:**

कंपनी मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में अंशदान करती है. अंशदान की गणना उपचय आधार पर की जाती है और इसे लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.
The Company contributes to a recognized provident fund. The contributions are accounted for on an accrual basis and are recognized as an expense in the statement of profit and loss.

ग) अल्पावधि कर्मचारी लाभ:
c) **Short term employee benefits:**

अल्पावधि कर्मचारी लाभों को सेवा प्रदान किए जाने वाले वर्ष के लाभ एवं हानि खाते के विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.
Short term employee benefits are recognized as an expense in the statement of profit & loss account of the year in which the services are rendered.

घ) प्रतिपूरित अनुपस्थिति:
d) **Compensated absences:**

कंपनी कुछ नियमों के अधीन विशेष छुट्टी नकदीकरण की व्यवस्था प्रदान करती है. कर्मचारियों को भावी नकदीकरण और छुट्टी लेने के लिए एक निर्धारित सीमा तक छुट्टी संचय करने का अधिकार है. यह देयता प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किए जाने वाले स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक तुलन-पत्र तारीख में अप्रयुक्त छुट्टी के दिनों की संख्या के आधार पर प्रदान की जाती है.
The company provides for Privilege Leave Encashment subject to certain rules. The employees are entitled to accumulate leave subject to certain limits for future encashment as well as availment. The liability is provided based on the number of days of unutilized leave at each balance sheet date on the basis of an independent actuarial valuation carried out as at the end of each financial year..

